सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
30.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 314 | 12



परम सुंदरी टीजर में जाह्नवी का जलवा

## आइपीएल

### विराट जीत के साथ आरसीबी फाइनल में



**मुल्लांपुर(पंजाब)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु विराट जीत के साथ क्वालिफायर-1 में पंजाब किंग्स को रौंदते हुए आइपीएल 2025 के फाइनल में प्रवेश कर गया। कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पंजाब किंग्स को सिर्फ 14.1 ओवरों में 101 रनों पर समेट दिया। आरसीबी ने विराट कोहली का विकेट जल्दी गिरने के बावजूद धमाकेदार अंदाज में सिर्फ 10 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर लिया। फिल साल्ट ने 27 गेंदों में 6 चौके और 3 छक्के उड़ाते हुए नाबाद 56 रनों की पारी खेली। इस तरह 2016 के बाद विराट कोहली की टीम पहली बार फाइनल में पहुंचने में कामयाब रही है।

## न्यूज डायरी

### सीएम हेमंत केदारनाथ धाम यात्रा पर रवाना

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ केदारनाथ धाम की तीर्थ यात्रा पर निकल गये हैं। उनके एक जून को रांची लौटने की संभावना है। मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर 30 मई को वित्त आयोग के साथ होने वाली बैठक में हिस्सा लेंगे और झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### डीजीएम हत्याकांड में एक और आरोपी गिरफ्तार

**हजारीबाग।** एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव हत्याकांड में हजारीबाग पुलिस ने एक और मुख्य आरोपी मुकेश साव उर्फ प्रभात उर्फ माइकल को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार मुकेश साव लातेहार का रहने वाला है। पूछताछ में उसने डीजीएम कुमार गौरव की हत्या में शामिल होने की बात स्वीकार की है।

### शादी समारोह में फायरिंग में एक की मौत

**चतरा।** जिले के प्रतापपुर के बरवा कोचवा गांव में एक शादी समारोह में हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से अभिषेक कुमार की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने कट्टे के साथ दो युवक विक्रम कुमार और सुमित कुमार को हिरासत में लिया है। बारात में नाचने के दौरान लड़ाई हुई थी। इसी बीच गोली लगने से उसकी घटनास्थल पर मौत हो गयी।

### उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति ने कर्नाटक हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एन वी अंजारिया, गुवाहाटी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश विजय बिश्नोई और बॉम्बे हाईकोर्ट के न्यायाधीश ए एस चंदुरकर को पदोन्नत कर सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया है।

## कार्टून कोना




पीएम ने बंगाल टाइगर की धरती से पाकिस्तान को फिर चेताया

# तीन बार घर में घुसकर मारा है... ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं हुआ

■ साल 1947 में बंटवारे के बाद से ही पाकिस्तान ने भारत पर आतंकवादी हमला किया। कुछ साल के बाद उसने बांग्लादेश में भी आतंक फैलाया

एजेंसी

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में एक रैली को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पाकिस्तान को फिर से चेताया। पीएम मोदी ने बंगाल की धरती से पाकिस्तान को याद दिलाया कि भारत की सेना ने पड़ोसी देश को तीन बार घर में घुसकर मारा है। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों का ऐलान है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।

**आतंकवाद को लेकर भारत के नए संकल्प की चर्चा स्वाभाविक**
रैली को संबोधित करते करते हुए पीएम मोदी ने कहा, जब सिंदूर खेला की इस धरती पर आया हूं तो आतंकवाद को लेकर भारत के नए संकल्प की चर्चा स्वाभाविक है। उन्होंने आगे कहा, आतंक को पालने वाले पाकिस्तान के पास दुनिया को देने के लिए कुछ भी सकारात्मक नहीं है। जब से वे अस्तित्व में आए हैं, तब से ही उसने सिर्फ आतंक को पाला है। साल 1947 में बंटवारे के बाद से ही उसने भारत पर आतंकवादी हमला किया। कुछ साल के बाद उसने बांग्लादेश में आतंक फैलाया।

### इधर... पटना में मोदी ने किया रोड शो



### निर्मम टीएमसी सरकार से लोग चाहते हैं छुटकारा



पीएम मोदी ने अलीपुरद्वार में रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस सरकार पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने तृणमूल को निर्मम सरकार करार देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल हिंसा, भ्रष्टाचार और अराजकता से ग्रस्त है। लोग अब इस निर्मम सरकार से छुटकारा चाहते हैं। मोदी ने कहा कि मुर्शिदाबाद और मालदा में सांप्रदायिक हिंसा तृणमूल कांग्रेस शासन की क्रूरता और उदासीनता की याद दिलाती है। आयुष्मान योजना का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना के तहत देशभर में करोड़ों लोगों को मुफ्त इलाज मिल रहा है, जिसमें 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग भी शामिल हैं लेकिन, पश्चिम बंगाल में तृणमूल सरकार ने इस योजना को लागू नहीं होने दिया, जिसके कारण राज्य के लोग इस लाभ से वंचित हैं। इसके अलावा, केंद्र सरकार की गरीबों को पक्का मकान देने की योजना का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि तृणमूल के लोग गरीबों से कट मनी वसूल रहे हैं, जिसके कारण लाखों परिवारों को घर नहीं मिल पा रहा है।

**ममता का मोदी पर प्रहार**

### पीएम अब 'ऑपरेशन बंगाल' भी करेंगे क्या

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने पीएम मोदी पर हमला बोला। ममता ने कहा कि हमने राष्ट्रहित में आतंकवाद के मुद्दे पर केंद्र को पूरा सहयोग किया है। संसद में हमारे प्रतिनिधि हैं लेकिन प्रधानमंत्री ऑपरेशन सिंदूर पर वोट पाने के लिए बंगाल में प्रचार कर रहे हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि कहा कि पीएम मोदी ने जो कहा, उससे हम न स्तब्ध हैं, बल्कि यह सुनना दुर्भाग्यपूर्ण भी है। क्या पीएम मोदी और उनके नेताओं के लिए यह कहने का समय आ गया है कि वे 'ऑपरेशन सिंदूर' की तरह 'ऑपरेशन बंगाल' भी करेंगे। मैं उन्हें चुनौती देती हूं कि कल चुनाव लड़ें।

**पीएम पर ममता बनर्जी की विवादित टिप्पणी :** सीएम ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री पर विवादित टिप्पणी भी की। उन्होंने घर-घर में सिंदूर पहुंचाने की बात पर कहा कि पीएम मोदी ऐसे बात कर रहे हैं, जैसे हर महिला के पति हों। उन्होंने कहा कि वे इस संबंध में बात नहीं करना चाहती, लेकिन आपने मुझे इस पर बोलने के लिए विवश कर दिया।

वित्त आयोग ने संथाल के सभी जिप अध्यक्षों का लिया फीडबैक

# देवघर, दुमका, जामताड़ा, पाकुड़ व गोड्डा की जरूरतों पर की चर्चा



संथाल परगना के सभी छह जिलों के जिप अध्यक्षों और लोकल बॉडीज के साथ बैठक करती आयोग की टीम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**देवघर/रांची।** केंद्र सरकार के 16वें वित्त आयोग की टीम झारखंड के चार दिवसीय दौरे के दूसरे दिन गुरुवार को देवघर पहुंची। टीम ने देवघर सर्किट हाउस में संथाल परगना के सभी छह जिलों (देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज, गोड्डा और पाकुड़) के जिला परिषद अध्यक्षों और लोकल बॉडीज के साथ बैठक कर योजनाओं के बारे में जनकारी ली। उनका फीडबैक भी लिया। बैठक में देवघर डीसी, एसडीएम समेत सभी प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। टीम ने प्रमंडल स्तर पर बैठक कर सहायता अनुदान पर पंचायत व निकायों से भी राय ली। साथ ही प्रबंधन व लोगों के सामाजिक-आर्थिक विकास की समीक्षा भी की। राज्य सरकार द्वारा सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में हो रहे कार्यों की पूर्ण जानकारी ली गई। कृषि कार्य के लिए सिंचाई सुविधा, विद्यार्थियों में क्वालिटी एजुकेशन, बेहतर स्वास्थ्य सुविधा, इंफ्रास्ट्रक्चर, पर्यटन के क्षेत्र में हो रहे काम की जानकारी पीपीटी के माध्यम से ली। हालांकि, बैठक के बाद वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने मीडिया से कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

### टीम के सदस्यों ने बाबा मंदिर में की पूजा-अर्चना

इससे पूर्व देवघर डीसी नमन प्रयेश लकड़ा समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने देवघर एयरपोर्ट पर 16वें वित्त आयोग की टीम के सदस्यों का स्वागत किया। वहां से टीम के सदस्य सीधे बाबा मंदिर पहुंचे और बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की और देश और झारखंड की खुशहाली की कामना की। देवघर की बैठक में एनी जोर्जे मैथ्युज मेम्बर, डॉ मनोज पंडा मेम्बर, पुष्पांजलि पंडा, डॉ सॉम्या कांति घोष (दोनों मेंबर), रित्विक पांडे सेक्रेटरी, डॉ प्रशांत कुमार पंडा, अलिवा दीपाली पांडे (इकॉनोमिक एडवाईजर), कुमार विवेक (पीएस टू चेयरमैन), प्रिया सर्राफ (ज्वाइंट डायरेक्टर), मानसी गुप्ता (उप निदेशक), शिखा सिंह (उप निदेशक), कोमल सिंह (प्राईवेट सेक्रेट्री), श्याम लाल (जूनियर सेक्रेटेरिएट अस्सिटेंट) उपस्थित थे।

**वित्त आयोग की बैठक में आजसू से देवशरण व प्रवीण लेंगे भाग**
16वें वित्त आयोग की शुक्रवार को रांची में राजनीतिक दलों के साथ होने वाली बैठक में आजसू पार्टी की ओर से डॉ देवशरण भगत तथा प्रवीण प्रभाकर भाग लेंगे। बैठक में आजसू पार्टी राज्य सरकार की नाकामी को मुद्दा बनाएगी तथा केंद्र के हस्तक्षेप की मांग करेगी।

# झारखंड को विशेष राज्य का दर्जा दे केंद्र सरकार : झामुमो

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने केंद्र सरकार से झारखंड को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड को विशेष राज्य का दर्जा देकर केंद्र को राज्य के विकास में विशेष भागीदारी निभानी चाहिए। गुरुवार को उन्होंने कहा कि 16वें वित्त आयोग के आगमन के साथ झारखंड की सामाजिक, आर्थिक और भौगोलिक परिस्थिति का आकलन किया जाना चाहिए, ताकि राज्य को उसका उचित अधिकार मिल सके।

**1 लाख 40 हजार करोड़ की राशि की मांग :** सुप्रियो ने कहा कि झारखंड ने एक लाख 40 हजार करोड़ की राशि की मांग की है, लेकिन उसे अब तक नहीं मिला है। केंद्र सरकार को योजनाओं में 75% हिस्सेदारी देनी चाहिए और राज्य को 25% वहन करना चाहिए। झारखंड ने अपने प्राकृतिक संसाधनों का बलिदान कर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

**झारखंड की चुनौतियां गिनायीं**

- **विस्थापन और पलायन :** राज्य में विस्थापन और पलायन बड़ी समस्या है, फिर भी राज्य राष्ट्र निर्माण में पीछे नहीं।
- **शिक्षा व्यवस्था कमजोर :** झारखंड में शिक्षा के लिए बच्चों को दूर-दराज पैदल चलना पड़ता है।
- **खनिज संसाधनों का प्रमुख उत्पादक :** झारखंड यूरेनियम सहित कई खनिजों का प्रमुख उत्पादक राज्य है, बावजूद राज्य को इसका समुचित लाभ नहीं मिलता।
- **रेलवे में उपेक्षा :** झारखंड को रेलवे जैसे क्षेत्रों में उपेक्षा का सामना करना पड़ता है, जहां हमेशा रिजेक्टेड रैक भेजे जाते हैं।
- **स्वास्थ्य समस्याएं :** खनन क्षेत्रों में मलेरिया और टीबी जैसी बीमारियां आम हैं। राज्य में स्वास्थ्य सेवा भी कमजोर है।

# आइएएस विनय चौबे और गजेंद्र सिंह समेत 4 सस्पेंड

**शराब घोटाला मामला**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार ने शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार चार अफसरों को सस्पेंड कर दिया है। इनमें आईएएस अधिकारी विनय चौबे और संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह शामिल हैं। विनय चौबे और गजेंद्र सिंह के अलावा जियाडा के रीजनल डायरेक्टर और जेएसबीसीएल के तत्कालीन जीएम सुधीर कुमार और वर्तमान जीएम फाइनेंस सुधीर कुमार दास को भी निलंबित किया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने पिछले दिनों इन्हें गिरफ्तार था। इस संबंध में कार्मिक और प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। दोनों अधिकारियों का निलंबन 20 मई से माना जायेगा।



**क्या है मामला :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने 20 मई को ही विनय चौबे और गजेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया था। बाद में उन्हें एसीबी की विशेष अदालत के आदेश पर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। इस मामले में दोनों अधिकारियों पर पद का दुरुपयोग करने और सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने का आरोप है।

**सुधीर कुमार और सुधीर दास भी निलंबित :** जियाडा) के रीजनल डायरेक्टर और झारखंड राज्य पेय पदार्थ निगम लिमिटेड (जेएसबीसीएल) के तत्कालीन महाप्रबंधक (जीएम) सुधीर कुमार और वर्तमान महाप्रबंधक (जीएम) फाइनेंस सुधीर कुमार दास को 21 मई से निलंबित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि सरकारी कर्मी को 48 घंटे से अधिक समय तक पुलिस हिरासत में रहने पर निलंबित करने का प्रावधान है। सुधीर कुमार, सुधीर कुमार दास और मार्शन के प्रतिनिधि नीरज को 22 मई को गिरफ्तार किया गया था।

**रिमांड पर पूछताछ जारी :** आइएएस विनय चौबे और संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह एसीबी की दो दिनों की रिमांड पर हैं। गुरुवार और शुक्रवार को उनसे एसीबी के अधिकारी पूछताछ की। राज्य प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी सुधीर कुमार और सुधीर कुमार दास रांची की बिरसा मुंडा जेल में हैं। एसीबी अब तक पांच आरोपियों को इस मामले में गिरफ्तार कर चुकी है।

# डीजे वाहन ने बाराती वाहन को मारी टक्कर, चार की मौत



खबर मन्त्र संवाददाता

**मनातू/तरहसी (पलामू)।** जिले के मनातू प्रखंड क्षेत्र के मनातू से तरहसी जाने के बीच हिटवा मुख्य पथ पर एक बाराती वाहन और डीजे वाहन में भीषण टक्कर हो गयी। इस दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गयी, जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। बता दें कि ग्राम नावा से बारात लेस्लीगंज के ग्राम बैस्ता के लिए बुधवार रात डीजे साउंड के साथ रवाना हुई थी, इसी बीच डीजे साउंड वाले वाहन ने बाराती वाहन को टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार डीजे वाहन का ड्राइवर नशे में धुत था। मौके पर पुलिस पहुंची और मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

इस संबंध में तरहसी थाना प्रभारी ने दुर्घटना की जानकारी देते हुए बताया कि चार व्यक्ति की मौके पर मौत हो गयी। जबकि घायल लोग अब खतरे से बाहर हैं। पुलिस ने एक वाहन को अपने कब्जे में ले लिया जबकि एक वाहन फरार हो गया। पुलिस गहनता पूर्वक जांच कर रही है।

भारतीय उद्योग परिसंघ के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में रक्षा मंत्री हुए शामिल

# वह दिन दूर नहीं जब देश का अभिन्न हिस्सा 'पीओके' स्वयं लौटेगा और कहेगा, मैं भारत हूं : राजनाथ सिंह

▸▸ पीओके भारत का हिस्सा, भौगोलिक व राजनीतिक रूप से अलग हुए लोग स्वेच्छा से भारत लौटेंगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नयी दिल्ली में गुरुवार को भारतीय उद्योग परिसंघ के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में कहा कि आतंकवाद का कारोबार चलाना कॉस्ट इफेक्टिव नहीं है, बल्कि इसकी एक भारी कीमत अदा करनी पड़ सकती है, इसका अंदाजा आज पाकिस्तान को हो चुका है। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा ही दिलों को जोड़ने की बात करता है और हमें विश्वास है कि प्रेम, एकता और सत्य के मार्ग पर चलकर वो दिन दूर नहीं जब हमारे देश का अभिन्न अंग पीओके स्वयं लौटकर कहेगा, मैं भारत ही हूं, मैं वापस आया हूं। श्री सिंह ने स्पष्ट किया कि पीओके भारत का हिस्सा है और भौगोलिक और राजनीतिक रूप से अलग हुए लोग जल्द या बाद में स्वेच्छा से भारत लौट आयेंगे। उन्होंने कहा कि पीओके के अधिकतर लोगों का भारत के साथ गहरा संबंध है। केवल कुछ ही लोग हैं जिन्हें गुमराह किया गया है। पीओके की भारत से एकजुटता इस देश की सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक समृद्धि पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान के साथ अपनी भागीदारी और बातचीत के दायरे को फिर से निर्धारित किया है और अब बातचीत केवल आतंकवाद और पीओके पर होगी।



### हम और भी बहुत कुछ कर सकते थे...

ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हम और भी बहुत कुछ कर सकते थे, परंतु शक्ति और संयम, इन दोनों के समन्वय का, हमने दुनिया के सामने एक शानदार उदाहरण पेश किया।

### वायु सेना प्रमुख ने रक्षा परियोजनाओं में लगातार हो रही देरी पर फिर जतायी चिंता



**नयी दिल्ली।** वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने रक्षा परियोजनाओं में लगातार हो रही देरी पर गंभीर चिंता जतायी है। एयर चीफ मार्शल ने गुरुवार को भारतीय उद्योग परिसंघ के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में कहा कि डिफेंस सिस्टम की खरीद और डिलीवरी में ऐसा एक भी प्रोजेक्ट नहीं है, जो समय पर पूरा हुआ हो। उन्होंने कहा कि टाइमलाइन एक बड़ा मुद्दा है। समय से डिफेंस प्रोजेक्ट पूरा न होने की वजह से ऑपरेशनल तैयारी पर असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि दुनिया की मौजूदा स्थिति ने हमें एहसास दिलाया है कि 'आत्मनिर्भरता' एकमात्र समाधान है, हमें भविष्य के लिए तैयार रहना होगा। वहीं नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने कहा कि युद्ध का स्वरूप बदल रहा है। हर दिन हम नई तकनीक खोज रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर ने हमें यह स्पष्ट रूप से बताया है कि हम किस दिशा में जा रहे हैं और भविष्य में हमें क्या चाहिए।

सेना की ओर से एक स्मृति चिन्ह भेंट की

# रामभद्राचार्य ने गुरु दक्षिणा में पीओके मांगा, आर्मी चीफ बोले- जरूर मिलेगा

एजेंसी

**चित्रकूट।** चित्रकूट में आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने अपनी पत्नी सुनीता द्विवेदी के साथ जगद्गुरु रामभद्राचार्य का आशीर्वाद लिया। बुधवार को जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने सेना प्रमुख को औपचारिक रूप से गुरु दीक्षा दी। उन्हें जीत का मंत्र भी दिया। रामभद्राचार्य ने सेना प्रमुख से कहा- तुम शस्त्र से लड़ो, मैं शास्त्र से। गुरु दक्षिणा में मुझे पीओके चाहिए। इस पर आर्मी चीफ ने मुस्कुराते हुए कहा- निश्चित रूप से आपको आपकी गुरु दक्षिणा मिलेगी। इस दौरान जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य को बताया कि ऑपरेशन सिंदूर को पूरे देश से भरपूर समर्थन मिला। इससे भारतीय सेना का मनोबल कई गुना बढ़ा है। यह अभियान पूरी तरह से सफल रहा।



**रामभद्राचार्य ने कहा- ये धर्म और राष्ट्र की रक्षा का युद्ध :** आर्मी चीफ ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य को भारतीय सेना की ओर से एक स्मृति चिन्ह भेंट किया। सूत्रों के अनुसार, जनरल उपेंद्र द्विवेदी सुबह 9:30 बजे से लेकर दोपहर 1:30 बजे तक चित्रकूट धाम में रूके। इस दौरान उन्होंने आध्यात्मिक चर्चा भी की। रामभद्राचार्य ने थल सेना प्रमुख से कहा- ये सिर्फ सैन्य लड़ाई नहीं है, ये धर्म और राष्ट्र की रक्षा का युद्ध है। यह युद्ध सीमाओं का है नहीं, भारत की आत्मा और अखंडता का भी है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने वर्चुअल माध्यम से की स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा

# झारखंड को मिले विशेष स्वास्थ्य पैकेज, राज्य में एम्स और पांच मेडिकल कॉलेज जरूरी : ईरफान अंसारी

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने डॉ. अंसारी को रिपोर्ट के साथ बुलाया दिल्ली, राज्य की स्वास्थ्य जरूरतों पर होगा मंथन

- 1170 पंचायतों में बनेगा सीएचसी, स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर तक ले जाने की तैयारी
- जेएन-1 कोरोना वैरिएंट पर झारखंड सरकार अलर्ट, ढपीएल प्लांट एक्टिव, जल्द होगी मॉक ड्रिल




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि राज्य की सामाजिक-आर्थिक परिस्थिति और आदिवासी बहुलता को देखते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए विशेष पैकेज दिया जाये। उन्होंने यह मांग केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा द्वारा वर्चुअल माध्यम से आयोजित स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में रखी।

नामकुम स्थित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के आरसीएच सभागार से इस बैठक में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. अंसारी ने भाग लिया। उनके साथ अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, अभियान निदेशक अबु इमरान, स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक प्रमुख डॉ. चंद्र किशोर शाही एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में टीबी मुक्त भारत अभियान, खसरा-रूबेला टीकाकरण, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन, 15वां वित्त आयोग अनुदान और पीएसए प्लांट संचालन पर चर्चा की गई। डॉ. अंसारी ने बताया कि झारखंड में टीबी मरीजों को अब निक्षय आहार योजना के तहत 500 रुपये के स्थान पर 1000 रुपये प्रति माह पोषण सहायता दी जा रही है। अब तक 12 करोड़ रुपये डीबीटी के माध्यम से मरीजों को हस्तांतरित किए जा चुके हैं। राज्य में अब तक 226 पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया जा चुका है। साथ ही 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान को राज्य में गंभीरता से चलाया जा रहा है। खसरा एवं रुबेला की रोकथाम के लिए वर्ष 2023 में 9 उच्च जोखिम जिलों-साहेबगंज, पाकुड़, गोड्डा, जामताड़ा, धनबाद, देवघर, गिरिडीह, कोडरमा और दुमका में 45 लाख बच्चों का टीकाकरण किया गया। वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 में टफ-1 टीका 8,41,319 बच्चों को और टफ-2 टीका 7,83,165 बच्चों को दिया गया। इसके लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। डॉ. अंसारी ने रांची में एम्स की स्थापना, पांच नए मेडिकल कॉलेज और एक मेडिकल सिटी की मांग दोहराते हुए कहा कि झारखंड जैसे पिछड़े राज्य को स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

डॉ. अंसारी ने बताया कि 1170 पंचायतों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) निर्माण की मंजूरी मिल चुकी है। स्वास्थ्य विभाग तेजी से कार्य कर रहा है, ताकि दूर-दराज और दुर्गम क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराई जा सकें। कोरोना के वर्तमान जेएन-1 वैरिएंट को लेकर भी राज्य सरकार अलर्ट मोड में है। सभी सिविल सर्जनों को तैयारी के निर्देश दिए गए हैं। राज्य के सभी पीएसए प्लांट क्रियाशील हैं और शीघ्र ही मॉक ड्रिल के माध्यम से तैयारियों का आकलन किया जाएगा।

बैठक में केंद्र सरकार द्वारा 15वें वित्त आयोग की स्वास्थ्य अनुदान राशि को इस वित्तीय वर्ष में प्राथमिकता के साथ खर्च करने के निर्देश भी दिए गये।

### केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने की राज्य में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की सराहना

बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने राज्य में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आप अच्छा कार्य कर रहे हैं। मैं आपकी सोच की सराहना करता हूं और हर संभव मदद करूंगा। उन्होंने डॉ. अंसारी को निर्देशित किया कि वे एक सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट के साथ दिल्ली आएं, ताकि झारखंड की आवश्यकताओं पर विस्तृत चर्चा की जा सके।

# झामुमो का वित्त आयोग पर प्रहार शर्मनाक : भाजपा

- भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि विकास की राह छोड़, विवाद और घोटालों में उलझी झामुमो सरकार



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कहा है कि झामुमो का रवैया राज्य सरकार से भिन्न और विरोधाभासी होता जा रहा है। एक ओर झारखंड सरकार के प्रतिनिधि वित्त आयोग से मुलाकात कर राज्य की मांगें रखते हैं। वहीं, दूसरी ओर झामुमो के प्रवक्ता उसी वित्त आयोग को सार्वजनिक मंचों से कोस रहे हैं। यह दोहरी राजनीति राज्य की जनता को भ्रमित करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत गठित वित्त आयोग एक संवैधानिक संस्था है। जो भारत के संघीय ढांचे की रीढ़ है। लेकिन, कांग्रेस के शासनकाल में इस संवैधानिक संस्था को किनारे कर गैर संवैधानिक योजना आयोग के जरिये निर्णय लिये जाते थे। भाजपा की सरकार ने सत्ता में आने के बाद न सिर्फ योजना आयोग को समाप्त कर नीति आयोग की स्थापना की। बल्कि वित्त आयोग को भी वास्तविक शक्ति और सम्मान प्रदान किया है।

उन्होंने कहा कि यह संस्था विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिये राज्यों को मार्गदर्शन देती है। लेकिन, झामुमो के प्रवक्ता इसके विपरीत वित्त आयोग पर अशोभनीय और अमर्यादित टिप्पणी कर रहे हैं। जो संवैधानिक मर्यादा और लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा झारखंड को दी गई अधिकांश योजनाओं में भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना में भारी वित्तीय अनियमितता की पुष्टि स्वयं कैग रिपोर्ट कर चुकी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में शहरी विकास का काम चुने हुये जनप्रतिनिधियों की बजाय नौकरशाही के हवाले कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार को चाहिये कि वह केंद्र सरकार पर आरोप लगाने के बजाय अपने घोटालों और कुप्रबंधन पर नियंत्रण करे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का रास्ता विकसित राज्यों से होकर गुजरता है। लेकिन, झामुमो-कांग्रेस गठबंधन ने झारखंड को बर्बादी की राह पर डाल दिया है।

# सेना, सिंदूर, सनातन और स्त्री का अपमान कर रही है बीजेपी : मंतोष यादव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड प्रदेश युवा राष्ट्रीय जनता दल के महासचिव सह प्रवक्ता मंतोष यादव ने बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि सेना के शौर्य को नजरअंदाज कर बीजेपी इसका सारा श्रेय लेना चाहती है, जो सेना का अपमान है। उन्होंने कहा है कि दरअसल आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में कायराना हमला करते हुए 26 निर्दोषों की हत्या का बदला लेने के लिए भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर अपने शौर्य पराक्रम वीरता से पाकिस्तान में बने आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया लेकिन सेना के ऑपरेशन सिंदूर को अपने चुनावी और राजनीतिक फायदे के लिए प्रधानमंत्री मोदी सहित पूरे भाजपा द्वारा श्रेय लेना भारतीय सेना का अपमान है। उन्होंने कहा है कि प्रचार प्रसार से भी बीजेपी का मन नहीं भरा तो अब हर घर सिंदूर भेजने का अभियान चला रही है जो शर्मनाक ही नही सनातन एवं स्त्री विरोधी है। उन्होंने कहा है कि सनातन धर्म को माननेवाली भारत की महिलाएं अपने पति का नाम सिंदूर लगाती हैं। किसी गैर का दिया हुआ सिंदूर नहीं लगातीं।

मंतोष यादव ने कहा है कि सिंदूर और मंगलसुत्र राजनीतिक प्रचार के लिए नहीं होता है। लेकिन भाजपा ने सारी हदें पार करते हुए महिलाओं के सिंदूर को भी अपने प्रचार का माध्यम बना लिया है, जो शर्मनाक और सुहागिन महिलाओं तथा सनातन संस्कृति का अपमान है। उन्होंने कहा है कि सनातनी महिलाएं कभी भी अपने संस्कृति, परपंराओं, पवित्रता को अपमानित नहीं होने देंगी तथा भाजपा के इस शर्मनाक एजेंडे को ध्वस्त कर जवाब देने का काम करेगी।

मंतोष यादव ने कहा है कि आजादी के बाद भारत और पाकिस्तान तथा चीन से कई युद्ध हुए, कई स्ट्राइक और झड़पें हुईं जहां भारतीय सेना ने अपने शौर्य, पराक्रम, वीरता से जीतने तथा दुश्मनों को धूल चटाने का काम कर देश को गौरवान्वित करने का काम किया। इसके बावजूद कभी भी किसी ने सेना के शौर्य का राजनीतिक इस्तेमाल नहीं किया और ना ही इसका श्रेय लेने का प्रयास किया। उन्होंने कहा है कि वर्तमान समय में बीजेपी सेना के शौर्य का राजनीतिक इस्तेमाल कर इसका श्रेय लेना चाहती है।

# राज्य की हर पंचायत में बनेगा मत्स्य पालन का मॉडल तालाब : शिल्पी नेहा तिर्की

- कृषि मंत्री ने कहा कि नीली क्रांति की दौड़ में आंध्र प्रदेश से आगे निकलना उद्देश्य



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि हर पंचायत में मत्स्य पालन के लिये मॉडल तालाब का निर्माण किया जायेगा। वह गुरुवार को खेलगांव स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम में झारखंड मत्स्य महोत्सव का उदघाटन समारोह में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि राज्य के इतिहास में पहली बार इस तरह का आयोजन हो रहा है। राज्य भर के सभी डैम में केज कल्चर पद्धति के जरिये मत्स्य पालन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विभाग का उद्देश्य नीली क्रांति की दौड़ में आंध्र प्रदेश से आगे निकलना है। इसके लिये अगले 5 साल में एक हेक्टेयर में 10 मीट्रिक टन मछली उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान में एक हेक्टेयर में 3 मीट्रिक टन ही मछली का उत्पादन हो रहा है। इस दौरान 75 मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के बीच 2- 2 लाख रुपए की अनुदान राशि का वितरण किया गया। समितियों के सुदृढ़ीकरण के लिये डेढ़ करोड़ रुपये की राशि मददगार साबित होगी। उन्होंने कहा कि विभाग मत्स्य पालन से जुड़े किसानों की समस्या और चुनौती का समाधान करते हुये उन्हें आर्थिक रूप से सबल बनाना चाहती है। इसके लिये राज्य में तालाबों की संख्या बढ़ानी होगी। खास कर राज्य में विलुप्त हो रहे तालाब को पुनर्जीवित करना होगा। उन्होंने कहा कि राज्य में मछली के सीड और फीड पर बहुत काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्य में 80 के करीब फिश फॉर्म है जिसे मछली बीज के रूप में विकसित किया जा सकता है। फिश फॉर्म का संचालन पीपीपी मोड पर भी किया जा सकता है। हमारे पास राज्य में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिये विजन भी है और इच्छा शक्ति भी। उन्होंने कहा कि आज ब्लॉक चेन तकनीक की शुरूआत की गई है। इस तकनीक के माध्यम से बीज के वितरण से लेकर मत्स्य पालन से जुड़ी हर जानकारी मत्स्य पालक बहुत आसानी से ग्रहण कर सकते हैं। इस तकनीक से विभाग को भी लाभुक को ट्रेस करने में मदद मिलेगा। पारंपरिक विधि के साथ- साथ आज जरूरत आधुनिक तकनीक को अपनाने की है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य में 1 लाख 70 हजार किसानों का बीमा कराया गया है। मत्स्य पालकों को बीमा के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग से जुड़ी योजनाओं की समुचित जानकारी के लिये न्यूज लेटर जारी किया गया है। इस न्यूज लेटर के माध्यम से गांव- घर के लोग आसानी से योजनाओं की विस्तृत जानकारी हासिल कर सकेंगे।

विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि ये पहला मौका है जब इस तरह का मत्स्य महोत्सव हो रहा है। मछली पालन से जुड़े किसान कैसे आत्म निर्भर बनें, विभाग इस पर काम कर रहा है।

हैदराबाद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ बीके बेहरा ने कहा कि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की काफी ऊर्जावान हैं और वो मत्स्य पालन के क्षेत्र में राज्य को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की सोच रखती हैं। मत्स्य महोत्सव में अनुकम्पा के आधार पर निम्नवर्गीय लिपिक पद पर श्रेया को मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के हाथों नियुक्ति पत्र दिया गया। मत्स्य पालन के विकास के लिए ब्लॉक चेन तकनीक का शुभारंभ किया गया। वहीं, मत्स्य कृषकों की सफलता की कहानी पुस्तक का विमोचन किया गया। मत्स्य महोत्सव में कुल 24 स्टॉल लगाये गये थे।

मौके पर विशेष सचिव गोपाल जी तिवारी, विशेष सचिव नयन तारा केरकेटा, प्रदीप हजारी, मत्स्य निदेशक डॉ एच एन द्विवेदी सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### विभाग ने नई शुरूआत की है : सचिव

इस अवसर पर विभागीय सचिव अबू बक्कर सिद्दीखी ने कहा कि विभाग ने नई शुरूआत की है। किसानों को मत्स्य पालन के लिये सही तरीके से गाइड करने की जरूरत है। राज्य में साढ़े 3 लाख मीट्रिक टन मछली का उत्पादन हो रहा है। किसानों के फीडबैक के आधार पर भविष्य की कार्य योजना तैयार की जायेगी।

# 16वें वित्त आयोग की बैठक में कांग्रेस की ओर से राज्य हित में पक्ष रखेंगे दो वरिष्ठ नेता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने 16वें वित्त आयोग की बैठक में भाग लेने के लिए कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेताओं को अधिकृत किया है। इसकी जानकारी देते हुए सतीश पौल मुंजनी ने बताया कि शुक्रवार 30 मई को कांग्रेस के पूर्व वित्त मंत्री सह विधायक डॉ रामेश्वर उरांव और सूर्यकांत शुक्ला 16वें वित्त आयोग से मिलकर राज्य को अधिक सहायता देने के लिए अपनी तार्किक मांग रखेंगे।

उन्होंने बताया कि 16वें वित्त आयोग में समता यानी पिछड़े राज्य को आगे लाने, दक्षता और राज्य की विशेष आवश्यकता को ध्यान में रखकर कांग्रेस का मांग पत्र रखेंगे। यह कोशिश होगा कि राज्य को मौजूदा शेयरिंग पैटर्न में अभी 3.30 प्रतिशत मिलते हैं, वह राशि कैसे बढ़े। इसकी अनुशंसा दोनों नेता 16वें वित्त आयोग से करेंगे।

उन्होंने बताया कि प्रदेश कांग्रेस का मानना है कि वित्त आयोग राज्य को आर्थिक पैकेज देने पर अनुशंसा करेगी ताकि राज्य में आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क ऐसे तमाम बुनियादी सुविधा राज्य की जनता को अधिक तीव्रता के साथ प्राप्त हो और राज्य के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पूरी प्रतिबद्धता के साथ पहुंच सके।

### 16वें वित्त आयोग से सीपीएम का शिष्टमंडल आज मिलेगा

**रांची।** राजनीतिक दलों से वार्ता के आमंत्रण के क्रम में सीपीएम का दो सदस्यीय शिष्टमंडल जिसमें पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य सुखनाथ लोहरा और अमल आजाद शामिल हैं। ये दोनों नेता 30 मई दिन शुक्रवार को 16वें वित्त आयोग से मुलाकात कर उन्हें झारखंड के लिए विभिन्न सेक्टरों में आधारभूत संरचना के निर्माण, शिक्षा व स्वास्थ्य तथा रोजगार उपलब्ध कराए जाने के लिए आर्थिक अनुदान और सहायता दिए जाने से सबंधित संदर्भों की शर्तों पर अपना लिखित दृष्टिकोण सौंपेगा।

### विनय चौबे ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा

**रांची।** शराब घोटाले में गिरफ्तार निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे ने झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। विनय चौबे ने एसीबी कोर्ट के दो दिनों के रिमांड पर दिए जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। चौबे ने याचिका दायर कर रिमांड पर दिए जाने को चुनौती दी है। बता दें कि याचिका में कहा गया है कि एसीबी ने जिस दिन प्राथमिकी दर्ज की उसी दिन उनसे पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर कोर्ट मे पेश किया। इसके बाद एसीबी ने कोर्ट में रिमांड में लेने का आवेदन दिया। एसीबी के इस आवेदन का विरोध किया गया। एसीबी ने पूछताछ के बाद ही उन्हें गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें रिमांड पर लेने की जरूरत नहीं थी। प्राथमिकी दर्ज करने के दिन ही कोर्ट में पेश किए जाने से यह प्रतीत होता है कि एसीबी की पूछताछ पूरी हो गयी थी। ऐसे में उन्हें रिमांड पर लेने का आदेश देना उचित नहीं है।

# एमएसपी वृद्धि में लिये गये फैसले स्वागत योग्य : पवन साहू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने किसानों के हित में एमएसपी में वृद्धि के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने इस फैसले के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि खरीफ की खेती शुरू होने से पहले केंद्र सरकार ने किसानों के पक्ष में बड़ा फैसला लिया है। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में 28 मई बुधवार को वर्ष 2025-26 के खरीफ सत्र के लिये 14 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी किया है। इसमें धान, कपास, सोयाबीन, अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सूरजमुखी, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, तिल एवं रामतिल शामिल है। इसकी ए ग्रेड व सामान्य धान की एमएसपी कर दी गई है। दालों में अरहर का एमएसपी 450 रुपए बढ़कर 8,000 प्रति क्विंटल कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में दलहन, तिलहन और पोषण युक्त श्रीअन्न की खेती को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इनके एमएसपी में लगातार बढ़ोतरी की जा रही है। बाजरे की खेती पर आने वाली लागत पर 63 प्रतिशत एवं मक्का और अरहर पर 59 प्रतिशत बढ़ाकर किसानों को भुगतान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अब देखना यह है कि हेमंत सोरेन सरकार यहां के किसानों को कितना सुविधा दे पाती है।

आजसू ने पेसा व सरना कोड के मुद्दे पर साधा निशाना, कहा

# कांग्रेस और झामुमो सबको कर रहे गुमराह

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** आजसू पार्टी ने कहा है कि कांग्रेस और झामुमो पेसा कानून और सरना कोड के मुद्दे पर झारखंडी जनता को गुमराह करना बंद करें। साथ ही बताएं कि 2014 में केंद्र की मनमोहन सरकार ने सरना कोड की मांग को खारिज क्यों किया था? आजसू पार्टी ने कांग्रेस और झामुमो से पेसा कानून के संबंध में अपनी स्थिति और रुख स्पष्ट करने को कहा है।

पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत और झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में गुरुवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में संयुक्त रूप से कहा कि मौजूदा सरकार आदिवासियों के अधिकारों के साथ खिलवाड़ कर रही है और पेसा कानून को पूरी तरह लागू करने से कतरा रही है। आजसू पार्टी हमेशा से आदिवासियों की पहचान, संस्कृति और अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही है। उसके संघर्ष की बदौलत झारखंड राज्य हासिल हुआ है। कांग्रेस-झामुमो ने तो 1993 में झारखंड आंदोलन की सौदेबाजी कर ली थी और अलग राज्य का निर्माण नहीं होने दिया था। 1999 में आजसू ने तत्कालीन गृहमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के साथ वार्ता कर झारखंड निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया था। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया प्रभारी परवाज खान, केंद्रीय सचिव हरीश कुमार, युवा नेता संजय मेहता आदि भी उपस्थित थे।

डॉ भगत ने कहा कि 2012 में मनमोहन सरकार ने लोकसभा में सरना कोड की मांग को गृह मंत्रालय के जरिए अव्यावहारिक बताते हुए खारिज कर दिया था। सरना कोड पर घड़ियाली आंसू बहाने के पहले कांग्रेस-झामुमो इस बात का जवाब दें कि 11 फरवरी 2014 को यूपीए के केंद्रीय आदिवासी कल्याण मंत्री वी. किशोर चंद्रदेव ने आधिकारिक वक्तव्य में सरना कोड की मांग को खारिज क्यों किया था? केंद्रीय मंत्री ने अपने वक्तव्य में स्पष्ट रूप से कहा था कि सरना कोड की मांग व्यवहारिक नहीं है। आजसू पार्टी सरना कोड के समर्थन में है, लेकिन कांग्रेस-झामुमो की दोहरी नीति का पर्दाफाश किया जाना जरूरी है।

श्री प्रभाकर ने कहा कि सरना कोड आदिवासी समुदाय की भावना, पहचान और अस्तित्व से जुड़ा प्रश्न है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और झामुमो ने इस मुद्दे को पहले अव्यावहारिक कहकर खारिज कर दिया था और अब राजनीतिक लाभ के लिए इसे उछाल रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि 1871 से लेकर 1951 तक की जनगणनाओं में आदिवासियों के लिए अलग धर्म कोड था, लेकिन 1961 से इसे समाप्त कर दिया गया, जिससे आदिवासी पहचान को कमजोर करने की कोशिश हुई।

पेसा कानून को लेकर संजय मेहता ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस कानून के पूरी तरह लागू होने से डरते हैं, क्योंकि इससे आदिवासी समाज को जल, जंगल और जमीन पर परंपरागत अधिकार मिलेंगे और सत्ता में बैठे लोगों की भ्रष्टाचार आधारित राजनीति उजागर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इस कानून के प्रभावी क्रियान्वयन से बालू माफियाओं की चोरी रुकेगी और प्राकृतिक संसाधनों की लूट पर लगाम लगेगी।

आजसू नेताओं ने स्पष्ट किया कि पार्टी जातीय जनगणना का पूरा समर्थन करती है और इसे मूल जनगणना के साथ ही सम्पन्न कराने की मांग करती है। उन्होंने कहा कि यह सामाजिक न्याय की दिशा में एक निर्णायक कदम होगा। आजसू पार्टी नेताओं ने कांग्रेस और झामुमो पर वोट बैंक और तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते कहा कि जो दल आज सत्ता में हैं, वही धरने पर बैठकर जनता को भ्रमित कर रहे हैं, यह झारखंड के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। आजसू पार्टी झारखंडी अस्मिता और आदिवासी अधिकारों की लड़ाई को आगे भी मजबूती से लड़ती रहेगी।

# शराब घोटाले में सीएम की भूमिका संदेहास्पद, समन भेजकर हो पूछताछ : बाबूलाल मरांडी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड शराब घोटाला मामले पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने शराब घोटाला में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भी भूमिका होने का संदेह व्यक्त किया है। साथ ही सीएम को समन कर मामले में उनका पक्ष जानने की भी बात कही है। उन्होंने एंटी करप्शन ब्यूरो को बिना किसी राजनीतिक दबाव के सीएम की भूमिका की निष्पक्ष जांच करने को कहा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि झारखंड का शराब घोटाला दिल्ली शराब घोटाले से भी कहीं ज्यादा बड़ा है। इतना बड़ा घोटाला केवल विभागीय अधिकारियों और प्लेसमेंट एजेंसी तक सीमित नहीं हो सकता। इस पूरे प्रकरण में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जिन कंपनियों को शराब कारोबार का जिम्मा सौंपा गया, उनसे सीएम हेमंत सोरेन को किन माध्यमों से आर्थिक लाभ पहुंचाया गया है। एसीबी मुख्यमंत्री को समन कर उनका पक्ष अवश्य जानें और 100 करोड़ के शराब घोटाले में बगैर किसी राजनीतिक दबाव के हेमंत जी की भूमिका की निष्पक्ष जांच करे।

### शराब घोटाले में सच उजागर करने के लिये विनय चौबे से पूछे महत्वपूर्ण सवाल

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को शराब घोटाले की एसीबी जांच पर फिर सवाल उठाये हैं। उन्होंने कहा कि शराब घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व उत्पाद सचिव विनय चौबे से दो दिनों के रिमांड पर एसीबी पूछताछ कर रही है। अगर इरादा घोटाले की तह तक जाने का हो तो उनसे ये सवाल जरूर पूछे जाने चाहिये। उन्होंने कहा कि जब झारखंड के विधायक रायपुर भ्रमण पर गए थे, तो क्या वहां की व्यवस्था और गाड़ियों में भरकर उस होटल में शराब पंहुचवाने के लिये आपकी ओर से किसके आदेश पर किसी को कहा गया था। उस दौरान रायपुर के किन-किन लोगों से आपकी बातचीत हुई थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भूमिका इस पूरे घोटाले में कितनी रही और छत्तीसगढ़ सिंडिकेट आगमन से जो काली कमाई हुई, उसमें मुख्यमंत्री की कितने की हिस्सेदारी थी। बाबूलाल के अनुसार, वे समझते हैं कि मुख्यमंत्री के अधीन एसीबी से ऐसी उम्मीद करना थोड़ा दु: साहसिक है। वैसे अगर एसीबी ये सारे सवाल नहीं पूछेगी तो आगे स्वतंत्र एजेंसियां इन सवालों का जवाब तो ढूंढ ही निकालेंगी।

सुप्रभात

शुक्रवार 30.05.2025

धनबाद, वर्ष 02, अंक 75

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

# जिलास्तरीय पर्यटन संवर्द्धन समिति की बैठक संपन्न, पर्यटक स्थलों के विकास पर चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय के सभागार में जिलास्तरीय पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के मैथन डैम, तोपचांची झील, बिरसा मुंडा पार्क, भटिंडा फॉल, पंचेत डैम, लिलौरी मंदिर, दलदली आश्रम, शक्ति मंदिर सहित सभी प्रमुख पर्यटक स्थलों के विकास पर विस्तार से चर्चा की गई।

उपायुक्त ने जिले के बूढ़ा बाबा शिव मंदिर, दुखहरणी मंदिर, चासनाला के कल्याणेश्वरी मंदिर, लिलोरी मदिर, श्री श्री रामराज मंदिर चीटाही धाम सहित 21 गैर अधिसूचित पर्यटन स्थलों को अधिसूचित करने के लिए तथा सी श्रेणी में अधिसूचित तोपचांची झील व पंचेत डैम एवं डी श्रेणी में अधिसूचित भटिंडा फॉल को एक-एक श्रेणी ऊपर लाकर श्रेणी में परिवर्तन करने के लिए विभाग को अनुशंसा भेजने का निर्देश दिया। बैठक में मैथन डैम को विकसित एवं सुव्यवस्थित बनाने, पर्यटकों के लिए पेयजल, शौचालय, बैठने, पार्किंग, सुरक्षा व अन्य सुविधाएं तथा उसके रखरखाव एवं मरम्मत के लिए एनुअल मेंटिनेस समिति बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में विधायक राज सिन्हा ने शक्ति मंदिर, गौरीशंकर मंदिर, बिरसा मुंडा पार्क, पार्क में स्पोर्ट्स हॉस्टल को विकसित करने, भटिंडा फॉल के एप्रोच रोड का चौड़ीकरण करने, भटिंडा फॉल के लिए आसपास के गोताखोरों को प्रशिक्षित कर उन्हें मानदेय देने, ढांगी पहाड़ी पर साइकिल ट्रैक का निर्माण करने का अनुरोध किया।

## कोल माइनिंग टूरिज्म के लिए बीसीसीएल से की जाएगी चर्चा



वही विधायक निरसा अरूप चटर्जी ने पंचेत डैम तथा मैथन डैम में वॉटर पार्क शुरू कराने, पर्यटकों के लिए बजट होटल निर्मित करने तथा इको टूरिज्म को बढ़ावा देने का अनुरोध किया। तोपचाची में ब्रिटिश जमाने का बना हुआ हैरिटेज डैम के विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही बाघमारा के छोटा नगरी पंचायत में शिबू साहेब नेचुरल पार्क तथा कतरी नदी हीरक पुल के पास शहीद मनिंद्र नाथ मंडल पार्क के निर्माण पर चर्चा की गई। कोल माइनिंग टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए भारत कोकिंग कॉल लिमिटेड से पत्राचार करने का उपायुक्त ने निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला खेल पदाधिकारी सह पर्यटन पदाधिकारी उमेश लोहरा, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, डीएसपी शंकर कामती, विधायक प्रतिनिधि में धनबाद मनोज मालाकार, झरिया नवीन कुमार, सिंदरी रोहित कुमार, निरसा सम्राट चौधरी, माननीय जिला परिषद अध्यक्ष के प्रतिनिधि अमित सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# एटीएस की छापामारी में अवैध मिनी आर्मस फैक्ट्री का उद्भेदन

## हथियार बनाने वाले मुंगेर के चार अपराधी एवं पनाह देने वाला एक व्यक्ति गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**भारी मात्रा में निर्मित, अर्द्धनिर्मित आर्मस व उपकरण बरामद**

**खबर मन्त्र संवाददाता,**

**कतरास।** एटीएस रांची तथा पश्चिम बंगाल के कोलकाता एसटीएफ की संयुक्त टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से बुधवार शाम महुदा के सिंगड़ा बस्ती निवासी 45 वर्षीय मुर्शीद अंसारी के घर पर छापामारी की। तालाशी के दौरान मुर्शीद के घर के पास स्थित उन्हीं के ईंट एवं एस्बेस्टस से निर्मित एक कमरा में संचालित मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा किया। सिजुआ स्थित बाघमारा पुलिस अनुमंडल कार्यालय में गुरुवार को पत्रकारों को जानकारी देते हुए एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने बताया कि छापामारी के क्रम में उक्त कमरा में अवैध रूप से मिनी गन फैक्ट्री स्थापित कर देशी पिस्तौल का निमार्ण किया जा रहा था। इस कार्य में पांच लोग लगे हुए थे। फैक्ट्री के संबंध में कागजात की मांग करने पर कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। पूछताछ के दौरान पांचों व्यक्तियों के द्वारा बताया गया कि ये लोग अवैध रूप से देशी पिस्तौल बनाकर अलग-अलग अपराधकर्मियों एवं गिरोहों को उपलब्ध कराते थे। एसडीपीओ ने कहा कि मिनी गन फैक्ट्री से बरामद सभी समानों को जप्त कर पांचों व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अदालत में प्रस्तुत किया गया, जहां से अदालत ने सभी को न्यायिक हिरासत में लेते हुवे जेल भेज दिया। गिरफ्तार किये गये व्यक्तियों में से एक मुर्शीद अंसारी, ग्राम-सिंगडा बस्ती के रहने वाले हैं, जबकि चार अन्य मोहम्मद सब्बीर अंसारी, मोहम्मद मुस्तफा उर्फ मुस्सु, मोहम्मदं परवेज उर्फ रिंकु, मोहम्मद मिस्टर, समी थाना-मुपफसिल, जिला-मुंगेर (बिहार) के निवासी है।




**खास बातें :** मुंगेर जिला अवैध अग्नेयास्त्र बनाने के लिए चर्चित रहा है। वहीं से बिहार के अलावा झारखण्ड व बंगाल प्रांत के विभिन्न इलाकों अवैध अग्नेयास्त्र की आपूर्ति हो रही थी। महुदा के सिंगड़ा में हुई छापामारी के दौरान मौके से गिरफ्तार चार ब्यक्ति मुंगेर के निवासी हैं। इन लोगों ने पुलिस को कई अहम जानकारी दी है। मुर्शिद ने उन चार लोगों को पनाह दिया था। जहां अवैध हथियार का निर्माण करते थे। हथियार को खपत करने वालों का भी नाम बताया है। जो अपराधियों एवं बदमाशों से संपर्क कर हथियार बेचते थे। पुलिस को कई लोगों के नाम बताया है। जिनका सत्यापन किया जा रहा है।

### ये थे छापामारी दल में शामिल

ममता कुमारी, पुलिस निरीक्षक महूदा अंचल, एटीएस झारखण्ड के पुअनि समीर भगत की टीम, एसटीएफ कोलकाता के सार्जेंट सपतृशी बोस की टीम, कतरास थाना प्रभारी असित कुमार सिंह, महुदा थाना प्रभारी मुकेश शुमार सिंह, महुदा थाना के पुअनि अब्दुल कलाम असारी, लव कुमार चौधरी (मधुबन थाना), विरंजीव प्रसाद (बाघमारा थाना प्रभारी), प्रवीण कुमार (अंगारपथरा ओपी प्रभारी), रुपेश कुमार दूबे (ईस्ट बसुरिया ओपी प्रभारी) पतरस संगा (महुदा थाना) सशस्त्र बल के हवलदार लालेश्वर राम (महुदा थाना) आरक्षी कपिलदेव राम, आनन्द कुमार महतो, सतीश कुमार महतो, मुकेश कुमार महतो, सुबल कुमार गयाली, रणवीर कुमार, सिदाम महतो शामिल थे।

### बरामद सामानों की सूची

पिस्टल- 4 पीस 7.65 एमएम पिस्टल बैरल 08 पीस, अर्द्धनिर्मित मैगजीन-28 पीस, राउड (जिन्दा कारतूस) पीस केएफ 7.65 एमएम, अर्द्धनिर्मित देशी पिस्टल 10 पीस, ड्रिल मशीन-2 पीस, रिकॉल स्प्रिंग-1 बंडल, मैगजीन स्प्रिंग-01 बंडल, ट्रिगन में इस्तेमाल होने वाला स्प्रिंग 1 बक्सा, एंगल ग्राइंडर मशीन-1 पीस हथौड़ा 5 पीस, सेमी सर्कल वाला फाइल्स (रेती)-9 पीस, छेनी (छिपटा आकार)-27 पीस, छोटा की पैड मोबाइल- 1 पीस, एंड्रॉयड फोन-1 पीस, ट्रेन का टिकट 1, आरी (हेक्सा ब्लेड)-7 पीस, छेनी 4 पीस नुकीला, छेनी (छिपटा आकार)-27 पीस, हैंड वाइस-2 पीस, ड्रिल हेड-विभिन्न आकार राउंड आयरन 9 पीस 1.5 एमएम, आयरन बार- 02 पीस, वुडन प्लेट्स-3 पीरा आदि।

## माहवारी पर चुप्पी तोड़ो अभियान शुरू



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामताड़ा।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, नारायणपुर ने चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो अभियान की शुरूआत की। यह अभियान 11 जून 2025 तक चलेगा। इसका उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। इस प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरली यादव की अध्यक्षता में हुआ। मौके पर मौजूद जिला समन्वयक अनुज कुमार मंडल ने बताया कि यह अभियान केवल स्वच्छता तक सीमित नहीं रहेगा। यह समाज में फैली उन भ्रांतियों और वर्जनाओं को भी तोड़ेगा, जो महिलाओं और किशोरियों को मानसिक, सामाजिक और स्वास्थ्य के स्तर पर प्रभावित करती हैं। अधिकारियों और कर्मचारियों को अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए हैं। मौके पर मौजूद सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, मुखिया-सह-अध्यक्ष, जलसहिया, प्रखंड समन्वयक और अन्य कर्मियों ने माहवारी स्वच्छता की शपथ ली।

## डीवीसी सीएसआर ने मैथन में पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाया जागरूकता अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**मैथन।** डीवीसी मैथन परियोजना के सीएसआर विभाग द्वारा गुरुवार को प्लास्टिक बैग के दूष्प्रभाव व पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मैथन के मेनगेट सब्जी बाजार, फल बाजार, पोस्ट ऑफिस सब्जी बाजार आदि क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय विक्रेताओं और आम नागरिकों को एकल उपयोग प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए इसके विकल्प के रूप में जूट बैग का प्रयोग करने से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए। डीवीसी टीम द्वारा स्थानीय विक्रेताओं व नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए यह संदेश दिया गया कि हमारा पर्यावरण आज एकल प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग के कारण गंभीर संकट में है। प्लास्टिक न केवल भूमि और जल को प्रदूषित करता है, बल्कि यह जीव-जंतुओं के जीवन के लिए भी घातक है। सीएसआर विभाग की इस पहल को क्षेत्र में लोगों द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में सराहना की गई। मौके पर रवि कुमार सिन्हा, तारकेश्वर प्रसाद जैसवारा, ब्रजमोहन महतो, नरेश, बापी सहित आदि उपस्थित थे।

# साथी अभियान के तहत दस बच्चे को मिला स्पॉन्सरशिप का लाभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

## दस बेसहारा बच्चों को मिला डालसा का सहारा



**धनबाद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा शुरू किए गए बेसहारा बच्चों के लिए अभियान साथी के तहत बुधवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी सह चेयरमैन डालसा द्वारा गठित टीम ने 10 बेसहारा बच्चों को रेस्क्यू किया बच्चे पूर्वी टुंडी प्रखंड के थे। जिनके माता और पिता दोनों नहीं हैं अविलंब टीम के सदस्यों ने बच्चों को रेस्क्यू कर अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मयंक तुषार टोपनों के समक्ष पेश किया।

अवर न्यायाधीश ने सी डब्ल्यू सी एवं सरकारी विभाग के सहयोग से दसों बेसहारा बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़ दिया। इस बाबत जानकारी देते हुए न्यायधीश श्री मयंक ने बताया कि योजना के तहत अब बच्चों को प्रत्येक महीना चार हजार रुपया उनके बालिक होने तक सरकार द्वारा प्रदान किया जाएगा। ताकि वो अपना पढ़ाई लिखाई सुचारू रूप से कर सके उन्होंने बताया कि साथी परियोजना के तहत गरीब, लाचार बच्चों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु योजना चलाई जा रही है।

नालसा द्वारा साथी परियोजना लॉन्च किया गया है जिसके तहत धनबाद जिले के सभी प्रखंडों एवं पंचायत में रह रहे अनाथ बच्चों, शेल्टर होम एवं सड़क किनारे रह रहे बच्चों को आधार कार्ड एवं अन्य सरकारी योजनाएं जैसे राशन कार्ड स्पॉन्सरशिप स्कीम आदि से जोडा जाएगा। उन्होंने बताया कि अधिकार मित्र ओमप्रकाश दास द्वारा 10 अनाथ बच्चों को चिन्हित किया गया था, समस्त कागजी कार्रवाई करवा कर स्पॉन्सरशिप स्कीम का लाभ लेने हेतु सीडब्ल्यूसी धनबाद में गवर्नमेंट वेरिफिकेशन एवं बच्चों का काउंसलिंग करवाया गया। जल्द ही इन सभी बच्चों को स्पॉन्सरशिप स्कीम के तहत चार-चार हजार रुपया की राशि मिलना शुरू हो जाएगा जिससे कि बच्चों का भरण पोषण एवं बेहतर शिक्षा में सहयोग मिलेगा। इसी कड़ी में बताते हुए न्यायाधीश ने कहा कि साथी परियोजना को सार्थक करने के लिए जिले के प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर कार्यरत अधिकार मित्रों से समय-समय पर बैठक कर कार्य की जायजा लिया जा रहा है और साथ ही यह भी कहा गया कि जिले के सभी गरीब, लाचार एवं अनाथ बच्चों के लिए डालसा की सदैव तत्पर है।

## स्पीड न्यूज

### चौंगाखार में जमीन विवाद, भाकपा माले ने की हस्तक्षेप की मांग



गिरिडीह/बिरनी। बिरनी प्रखंड के चौंगाखार गांव के खाता नंबर 63, प्लॉट संख्या 113 की जमीन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। कुल 42 एकड़ रकबे में से मध्य के 10 एकड़ 70 डिसमिल पर विधिवत जमाबंदी दर्ज है, जिस पर ग्रामीणों के मकान और सरकारी आवास बने हैं। हाल ही में घुटर महतो द्वारा शुरू किए गए नवनिर्माण कार्य को लेकर हल्का कर्मचारी द्वारा रोका जा रहा है। आरोप है कि वह किसी खास व्यक्ति के दबाव में काम कर रहा है। मामले की जांच के लिए 29 मई को भाकपा माले की टीम गांव पहुंची। टीम ने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि शीघ्र न्याय नहीं मिला, तो आंदोलन किया जाएगा। टीम में भाकपा माले प्रखंड सचिव शेखर सुमन, इजराइल अंसारी, हिरामणी यादव, भीखन राय समेत कई लोग शामिल थे।

### साईं मंदिर में 9 व 10 जुलाई को होगा गुरु पूर्णिमा का आयोजन



धनबाद। कोयलानगर स्थित साईं मंदिर में आगामी 9 एवं 10 जुलाई को होने वाले अखंड कीर्तन एवं गुरु पूर्णिमा के आयोजन को लेकर गुरुवार को मंदिर परिसर में श्री राम सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। उन्होंने कहा कि 10 जुलाई को बहुत ही श्रद्धा के साथ साईं पालकी यात्रा मंदिर से निकाली जाएगी, उसी दिन भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने योगदान देने की बात कही। साथ ही अनुमानित खर्च पर चर्चा की गई। सभी लोगों ने यह निर्णय लिया की जितने भी मंदिर के सदस्य एवं श्रद्धालु है, वे अपने स्तर से साईं मंदिर कोष में स्वेच्छा से चंदा देने का कष्ट करेंगे। बैठक में चंदन, तुफानी पांडे, सुदीप, गौतम, मुनि देवी, अंजलि चौबे, मनीष सिंह, पीकी, पाली, विक्की बादशाह इत्यादि बैठक में उपस्थित थे।

### ताइक्वांडो प्रतियोगिता में धनबाद प्रथम, विजेता पुरस्कृत किया



कतरास। पेमिया-ऋषिकेश मेमोरियल पब्लिक स्कूल बांसकपुरिया में आयोजित तीन दिवसीय 25 वां राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को हुआ। प्रतियोगिता में राज्य के 24 जिलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में धनबाद जिला प्रथम, रांची द्वितीय तथा हजारीबाग तृतीय स्थान पर रहा। विद्यालय के निदेशक दिनेश कुमार महतो ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन से राज्य की प्रतिभा सामने आती है। पंकज कुमार रॉय, रूपेश कुमार, सुखेंदु माझी, ताइक्वांडो शिक्षक यमुना कुमार पासवान व राज्य स्तरीय ताइक्वांडो रेफरी व अन्य मौजूद थे।

### चलते बस में लगी आग अफरातफरी का माहौल




जामताड़ा। गुरुवार दोपहर जामताड़ा जिले में धनबाद से दुमका जा रही एक चांदनी बस में अचानक धुआं निकलने से अफरा तफरी मच गई। यह घटना पालबागान के पास हुई। लेकिन ड्राइवर रंजीत मल्लिक की सूझबूझ से सभी यात्री सुरक्षित बाहर निकाल लिए गए। ड्राइवर ने बताया कि बस की रफ्तार अचानक कम हो गई और पीछे से तेज धुआं निकलने लगा। साथ ही 7 एक्सेलेरेटर ने काम करना बंद कर दिया। उन्होंने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाकर बस को रोका और यात्रियों को बाहर निकाल लिया।

## एक नजर में

### धनबाद विधायक को 8 लेन रोड से सरकारी दारू दुकान हटाने को लेकर सौंपा ज्ञापन



**धनबाद।** धनबाद विधायक को धनबाद 8 लेन रोड से सरकारी दारू दुकान हटाने को लेकर ज्ञापन दिया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंडस संस्था के अध्यक्ष गौतम मंडल एवं प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर स्थानांतरित करने की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि गोल बिल्डिंग मोड़, मेमको मोड़, बिनोद बिहारी महतो चौक, तेतुलमारी चौक आठ लेन स्थित शराब दुकानों को हटा कर जीटी रोड के तर्ज पर 200 मीटर दूर कहीं अन्य जगह स्थानांतरित किया जाय। ज्ञापन देने में अनिकेत मंडल, मंटू ठाकुर, सचिन कुमार, संजय वर्मा, अनीश, सुमित, राहुल मंडल, विंकटेश शर्मा, मोहित, आकाश, मोनू सिंह, रंजन यादव एवं अन्य मौजूद थे।

### एफसीआई गोदाम में पड़ी चीनी, कार्डधारी तरसते रहे, दो दिन में वितरण का अल्टीमेटम



**गिरिडीह/बिरनी।** बिरनी एफसीआई गोदाम में छिपा 'मीठा सच' आखिर सामने आ ही गया। बुधवार को बिरनी एफसीआई गोदाम की जांच के दौरान जब अधिकारियों की नजर चीनी के भरे बोरे पर पड़ी, तो सवाल उठे जब गोदाम में चीनी मौजूद है, तो फिर गरीब कार्डधारियों तक यह क्यों नहीं पहुंच रहा है।जांच में शामिल प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार यादव, बीडीओ फणीश्वर रजवार और प्रमुख रामु बैठा ने कड़ी नाराजगी जताई और एमओ को दो टूक निर्देश दिया कि 48 घंटे के भीतर जन वितरण प्रणाली के सभी दुकानदारों को चीनी उपलब्ध करवाई जाए। साथ ही यह भी सख्त हिदायत दी गई कि कार्डधारियों को तय समय सीमा में इसका वितरण सुनिश्चित हो।इतना ही नहीं, जून माह में ही जून-जुलाई का अनाज 16 जून तक वितरित कर देने का निर्देश दिया गया है, जबकि 16 जून से 30 जून तक अगस्त महीने का अनाज वितरण भी जांच के दायरे में लाया गया। यानी अब देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### जिप सदस्य ने निजी स्कूल पर रि-एडमिशन के नाम पर अवैध वसूली का लगाया आरोप



**धनबाद।** चिरकुंडा नीचे बाजार स्थित अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर में रि-एडमिशन के नाम पर अवैध वसूली का मामला सामने आया है। जिला परिषद सदस्य मो गुलाम कुरैशी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखकर इस मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। पत्र के अनुसार, दसवीं कक्षा की छात्रा गुड़िया (काल्पनिक नाम) के परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है। उसके पिता ऑटो चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। लेकिन इस स्कूल में रि एडमिशन के नाम पर लिए जा रहे पैसे को एनुअल फी बता कर रसीद काटी जा रही है। एक दूसरी छात्रा से एनुअल फी के नाम पर 8 हजार रुपए वसूले गए। गुलाम ने यह भी कहा कि जिस छात्र के परिजन इसे लेकर शिकायत करते हैं। उनके बच्चे के साथ स्कूल में कई तरह से मानसिक प्रताड़ना दी जाती है। जिस कारण ज्यादातर परिजन शिकायत ही नहीं कर पाते हैं। बच्चे को पढ़ाने के लिए कर्ज के बोझ से दबे जाते हैं। शिक्षा विभाग इस मामले में कोई कार्रवाई न कर राज्य सरकार की बदनामी कर रहा है।

### छह सूत्री मांग को लेकर 108 एंबुलेंस चालकों ने हड़ताल पर जाने का लिया निर्णय

धनबाद। एक बार फिर जिले के निर्धन और बेबस मरीजों की मुश्किले बढ़ने वाली है। गुरुवार की आधी रात से छह सूत्री मांगों को लेकर 108 एंबुलेंस चालक हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। चालकों ने बताया कि झारखंड कर्मचारी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह अध्यक्षता में हुई बैठक में धनबाद सहित कुल 11 जिलों के 108 एंबुलेंस चालकों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय है। वही चालक राहुल कुमार ने बताया कि पूर्व में लिए गए निर्णय के अनुसार हमारी मांगे पूरी नहीं हुई है। ना तो हमलोगो का नियमित वेतन दिया जा रहा और ना ही पीएफ, ईएसआई, मेडिकल की कोई सुविधा मिल रही है। वेतन भी किसी को 4 हजार तो किसी को 6 या 8 हजार दिया जा रहा है। कई लोगों को तो चार माह से वेतन नहीं दिया गया है। जबकि हमलोग बिना किसी लापरवाही के 108 में अपनी सेवा देने का काम करते आ रहे। चालक प्रवेश कुमार ने बताया कि वेतन नहीं मिलने से हमलोग आर्थिक संकट का सामना कर रहे है। सरकार हर साल कंपनी बदल देती है, जिसके कारण भी परेशानी होती है। अभी हमलोग सम्मान फाउंडेशन के साथ काम कर रहे है। कंपनी के आए 6 माह से अधिक वक्त गुजर चुका है, लेकिन अभी तक हमलोगो को ज्वाइनिंग लेटर नहीं दिया गया है। अपना हक मांगने पर कंपनी के प्रतिनिधि बाहर का रास्ता दिखाने की धमकी देते है। मजबूरन हमलोगो को हड़ताल पर जाने का निर्णय लेना पड़ा है। इस बात से डीसी और सिविल सर्जन को अवगत कर दिया गया है। खबर लिखे जाने तक हड़ताल रोकवाने की जिला प्रशासन की ओर से कोई पहल नहीं की गई थी।

## स्पीड न्यूज

### सरस्वती विद्या मंदिर टुंडी का रिजल्ट शत प्रतिशत

टुंडी। जैक की मैट्रिक परीक्षा में स्वरूप सरस्वती विद्या मंदिर टुंडी का रिजल्ट शत प्रतिशत हुआ है । विद्यालय के पांच बच्चों ने 90 प्रतिशत और 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं । लक्ष्मी हासदा को 92 प्रतिशत, राहुल कुमार पंडित को 91.20 प्रतिशत, मोहित मंडल को 90 .40 प्रतिशत , सूरज कुमार मंडल को 90 .20 प्रतिशत तथा नरेश मुर्मू को 90 .20 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं । विद्यालय के विद्यार्थियों की सफलता पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष शरत दुदानी, सचिव शैलेश अग्रवाल, प्रबंध समिति सदस्य विक्रांत उपाध्याय तथा प्राचार्य ने प्रसन्नता जताई है।

### स्काउट प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

धनबाद। बरवाडीह में चल रहे स्काउट प्रशिक्षण शिविर गुरुवार को संपन्न हो गया। इस शिविर में कुल 48 बच्चों ने भाग लिया। साथ ही हमलोगों ने रेलवे कॉलोनी में एक रुट मार्च निकाला जिससे द भारत स्काउट एंड गाइड्स का और प्रचार प्रसार हो जिससे और भी बच्चे जुड़ सके। शिविर में बच्चों को स्काउट एंड गाइड्स का नियम,प्रतिज्ञा, टर्न आउट, नोटिंग के बारे में बताया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण पूरा होने के बाद प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### सिकंदराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस में जुड़ेगा एलएचबी कोच

धनबाद। यात्रियों की सुविधाओ को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने सिकंदराबाद- दरभंगा- सिकंदराबाद एक्सप्रेस को एलएचबी कोच के साथ चलाने का निर्णय लिया है। सिकंदराबाद से इस सेवा का शुभारंभ 29 जुलाई तथा दरभंगा से 1 अगस्त से शुरू होगा।

### मोदीडीह कोल डंप को चालू करने की प्रबंधन से मांग

कतरास। जोगता नागरिक समिति के आवासीय कार्यालय में गुरुवार को समिति की बैठक हुई। बैठक में मोदीडीह कोलियरी डंप संख्या 12 को जल्द से जल्द चालू कराने की मांग प्रबंधन से की गई। ऐसा नहीं होने पर बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 05 का पूर्ण रुप से चक्का जाम करने की चेतावनी दी गई। बैठक में समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार सिन्हा, पप्पू खान, एस के मोबीन, हसीब खान, असगर मियां, मन्नु महतो, आजाद अंसारी, सूरज चौहान, रीना देवी, मीना देवी, गीता देवी, निर्मल कुमार,संतोष पासवान, अजय चौहान उपस्थित थे।

### राजगंज में ऑटो पलटी, सात घायल

राजगंज। राजगंज थाना क्षेत्र के डोमनपुर हाईवे पर ऑटो के पलटने से उस पर सवार दो महिला और दो बच्चों सहित कुल 7 लोग घायल हो गए। घायलों में दलूडीह निवासी संतोष मिस्त्री की बेटी रिया कुमारी(22), बरवाअड्डा निवासी नरेश प्रसाद चौरसिया, प्रधानखान्ता निवासी मुसरी देवी तथा कलावती देवी शामिल है। जिसमें रिया को सबसे अधिक दोनों पैर, दोनों हाथ, कमर और चेहरे पर गहरी चोटें आई हैं। वही मुसरी देवी को दाहिने हाथ में और सर पर चोट आई है। नरेश चौरसिया को इलाज के लिए बरवाअड्डा ले जाया गया। वही कलावती देवी को धनबाद भेज दिया गया। अन्य एक व्यक्ति और दो बच्चे नीरज और धीरज को आशिक छोटे आए थे जिसे प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया। बताया जा रहा है की ऑटो चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण ऑटो पलट गई। पुलिस ने ऑटो को जप्त कर लिया है।

### गैराबाद जमीन से अवैध कब्जा हटा

धनबाद। जिले के पूर्वी टुंडी अंचल क्षेत्र अंतर्गत बड़बाद गांव में गैराबाद जमीन पर अवैध कब्जा को लेकर पूर्वी टुंडी अंचल अधिकारी सुरेश प्रसाद वर्णवाल ने करवाई की है ।उन्होंने बताया कि बड़बाद गांव के खाता नंबर 219 प्लॉट नंबर 742/2881 में अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा था। उन्होंने प्रभारी अंचल निरीक्षक दिलीप कुमार सिंह, राजस्व कर्मचारी विजय कुमार, अंचल अमीन राजकुमार के साथ जमीन पर पहुंचे और जेसीबी के द्वारा अवैध कब्जा को हटाया और उक्त प्लॉट पर सरकारी बोर्ड भी लगाया।

# एसपीएम इंटर कॉलेज सिंदरी में प्राचार्य जे के बनर्जी को लेकर हुआ हंगामा

## प्राचार्य डॉ जे के बनर्जी को हटाकर सुदीप पाल को बनाया गया प्रभारी प्राचार्य

खबर मन्त्र संवाददाता



सिंदरी। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंटर कॉलेज सिंदरी में गुरुवार को डॉ जे के बनर्जी के रिटायरमेंट के बाद भी प्राचार्य पद पर बने रहने को लेकर पिछले दो माह से जारी विवाद का हंगामे के बीच पट्टाक्षेप हो गया।

शिक्षकों की सहमति पर सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो की अध्यक्षता में बैठक कर प्रभारी प्राचार्य और शिक्षक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। जैक प्रतिनिधि डॉ अरुण महतो ने कहा कि डॉ जे के बनर्जी 2022 में ही सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उनको दो वर्षों का एक्सटेंशन मिला था। परंतु आवश्यक कागजी कार्रवाई नहीं हुई थी। इसलिए उनको सेवानिवृत्त मानते हुए प्रोफेसर संदीप पाल को प्रभारी प्राचार्य बनाया गया है। गवर्निंग वाडी के अध्यक्ष पद के लिए सबसे बडे.दानदाता पर विचार किया गया और पूर्व शासीय अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह को पुनः गवर्निंग वाडी का अध्यक्ष बनाए जाने का निर्णय हुआ। डॉ अरुण कुमार ने बताया कि शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में प्रो संजय कुशवाहा का चयन किया गया है और गवर्निंग बाडी के गठन के बाद स्थायी प्राचार्य के चयन के लिए विज्ञापन निकाल कर औपचारिकताएं पूरी की जाएगी। सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि कॉलेज के कोष के गवन संबंधित विवाद की जांच की गई है। उन्होंने डॉ जे के बनर्जी के सेवानिवृत्ति को देखते हुए प्रो सुदीप पाल को प्रभारी प्राचार्य बनाए जाने की पुष्टि की।

सिंदरी विधायक ने बताया कि नये गवर्निंग बाडी के गठन होने तक जैक द्वारा घोषित पांच सदस्यीय समिति कॉलेज का संचालन करेगी।गुरुवार की सुबह कॉलेज खुलते ही निवर्तमान प्राचार्य डॉ जे के बनर्जी को कॉलेज परिसर में प्रवेश करते ही शिक्षकों व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने हंगामा कर दिया। कॉलेज में ग्रामीणों की उपस्थिति को गलत बताने पर प्राचार्य डॉ जे के बनर्जी के साथ धक्का मुक्की किया गया। परीक्षा नियंत्रक महिला प्रोफेसर से जैक प्रतिनिधि की उपस्थिति में विभाग का चाभी ले लिया गया है। डॉ अरुण महतो ने कॉलेज परिसर में ऐसी घटना को अशोभनीय बताया और भर्त्सना की। मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र नाथ ठाकुर, झरिया बीइओ रीना कुमारी, प्रो अजीत सिंह, अजय सिंह, राजेश मिश्रा, सुदीप पाल, संजय कुशवाहा, सहदेव सिंह, अमर सिंह, पूरन सिंह, दशरथ ठाकुर, विरंचि महतो, मोतीलाल विश्वकर्मा, भक्तिपद पाल, अनिल सिंह, मंगल होरो, जीतू सिंह सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### मैथन में चोरों ने चार घर का ताला तोड़ा, एक घर से तीन लाख की जेवरात की चोरी

मैथन। मैथन क्षेत्र के डीवीसी आटिशन ब्लॉक में बुधवार की रात चोरों द्वारा चार घरों का ताला तोड़ कर चोरी करने का प्रयास किया गया। हालांकि तीन घरों में चोरों को कुछ नही मिला, जबकि एक आवास से चोरों ने करीब तीन लाख रुपये की जेवरात की चोरी कर ली है। बताया जाता है कि सभी घरों में ताला बंद था, इसी का फायदा चोरो ने उठाया। हालांकि किसी भुक्तभोगी ने समाचार प्रेषण तक थाना में लिखित शिकायत नहीं किया है। वहीं एक आवास के भुक्तभोगी राहुल यादव गुरुवार के शाम को मैथन पहुंचे। जानकारी देते हुए राहुल यादव ने बताया कि वह अपने पिता के श्राद्ध कर्म में बिहार के बिहिया गए हुए थे। जहां 3 दिन पहले श्राद्ध कर्म पूरा कर आज ही मैथन लौटे हैं। लौटने के क्रम में सुबह-सुबह रास्ते में ही आसपास के लोगों ने दूरभाष पर बताया कि आवास का ताला टूटा हुआ है और चोरी हुई है। दोपहर बाद मैथन पहुंचे तो पाया कि चोरों ने घर का अलमीरा एवं बक्से का ताला तोड़कर मेरी मां का सोने की बाली, चैन, चांदी का कमरबंद, दो जोड़े पायल, पत्नी का दो जोड़ा सोना के बाली, अंगूठी, झुमका, मांगटीका की चोरी कर लिया है।

## धनबाद विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर

# बीसीसीएल सीएमडी से मिले विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता



धनबाद। गुरुवार को विधायक राज सिन्हा ने धनबाद विधानसभा क्षेत्र के अति महत्वपूर्ण जन समस्याओं के समाधान हेतु, बीसीसीएल सीएमडी समीरण दत्ता एवं बीसीसीएल निदेशक मुरली कृष्ण रमैया से कोयला भवन में मिले। कोलियरी क्षेत्र की सड़क,पानी, रोजगार, स्वास्थ्य इत्यादि पर चर्चा की एवं इन कार्यो को अविलंब कराये जाने की माँग की। साथ ही माँग पत्र भी सौंपा। विधायक ने पी बी एरिया अंतर्गत ए बी सेक्शन में पीट वाटर सप्लाई में जर्जर हो चुके पाइप को बदलने की, पूर्व की भांति भूली में टैंकर से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने, भूली के विभिन्न क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट लगाने, भूली ए ब्लॉक में वीर कुंवर सिंह सामुदायिक भवन के पास सेड निर्माण, न्यू दिल्ली चौराहा के पास डीप बोरिंग कराये जाने, बरारी कोक प्लांट के बगल के तालाब जो काफी गंदा हो गया है उसे अविलंब साफ करवाने, बीसीसीएल अधिकारियों की तरह सभी कर्मचारियों को भी परिचय पत्र निर्गत किए जाने, पी बी क्षेत्र के सोनी देवी पुत्रवधू एवं गंगिया देवी का नियोजन शीघ्र दिए जाने इसके लिए उच्चतम न्यायालय के नियोजन संबंधी आदेश पहले से होने की बाद विधायक श्री सिन्हा ने बीसीसीएल सीएमडी को बताई। श्री साधन कुमार मिश्रा पिता स्वर्गीय बंशीधर मिश्रा गोपीनाथडीह (मुनीडीह परियोजना) के जमीन अधिग्रहण के बदले उनकी पत्नी किरण मिश्रा को नियोजन दिए जाने, इस मामले में भी न्यायालय से नियोजन दिए जाने संबंधी आदेश होने की बात बताई। आईएमई उम्र निर्धारण वरीयता सूची, जाब सूटेबिलिटी, बोर्ड का तिथि वार शेड्यूल कंपनी के वेबसाइट पर अग्रिम में प्रकाशित किए जाने, अवकाश प्राप्त कर्मियों के मेडिकल कार्ड का नवीकरण ऑनलाइन कराए जाने केंद्रीय चिकित्सालय जगजीवन नगर धनबाद में स्पेशलिस्ट डॉक्टर न्यूरो, किडनी, कार्डियोलॉजिस्ट का पदस्थापना किए जाने एवं फार्मासिस्ट नर्स एवं दवा की आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने ,लोयाबाद कोक प्लांट सिजुआ क्षेत्र संख्या 5 को जोड़ियां नदी के डैम से पुल तक सफाई ( मिट्टी कटाई) एवम दोनों तरफ छठ घाट का निर्माण कराये जाने, पांडरकणाली पंचायत मे सी एस आर मद से विवाह मंडप का निर्माण कराये जाने आदि कई मुद्दों पर बी सी सी एल सीएमडी से विधायक राज सिन्हा की सकारात्मक वार्ता हुई. बीसीसीएल सीएमडी समीरण दत्ता एवं बीसीसीएल निदेशक मुरली कृष्ण रमैया ने जल्द से जल्द इन सभी कार्यों को पूरा किए जाने की बात कही एवं सभी पर कागजी कार्रवाई शुरू होने की बात बताई। धनबाद विधायक राज सिन्हा के साथ बालमुकुंद राम, मनोज मालाकार आदि उपस्थित थे।

### भाकपा (माले) 1 जून से जनजागरण अभियान चलायेगी

मैथन। भाकपा (माले) निरसा विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक गुरुवार को गुरदास भवन निरसा में हुई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा क्षेत्रीय कमिटी के संयोजक आगम राम ने किया। बैठक में मोदी सरकार के फासीवाद के तरफ बढ़ते कदम, साम्प्रदायिक उन्माद, सेना के शौर्य का राजनीतिक उपयोग, पहलगाम में मारे गये यात्रियों के जिम्मेवार लोगों के खिलाफ जाँच तथा आतंकियों के अभी तक नहीं पकड़े जाने के लिए मोदी सरकार की नाकामी बताया गया।

### लालमणि वृद्धा आश्रम के वृद्धजनों ने पूर्व उपायुक्त से की मुलाकात

धनबाद। इंसानी जीवन की सबसे मजबूत कड़ी प्रेम है। इसके आगे सब फीका है। यही प्रेम ओल्ड इज होम एवं लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम के वृद्धजनों के बीच दिखा। पूर्व उपायुक्त माधवी मिश्रा के तबादले की खबर सुनकर वृद्धा आश्रम के लोग उपायुक्त आवास पहुंचे। उन्हें आशीर्वाद दिया कहा कि मैडम आप जहां रहिए खुश रहिए आपने हम लोगों के लिए बहुत किया है।

## एक नजर में

### बीबीएमकेयू में शोधार्थियों ने प्रस्तुत किया वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन



खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में पीएचडी शोधार्थियों ने वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन एवं जेआरएफ से एसआरएफ में प्रोन्नति हेतु प्रस्तुती दी। मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ. अमिता वर्मा की अध्यक्षता में स्नातकोत्तर विभाग हिंदी, बांग्ला एवं संस्कृत में संगोष्ठी संपन्न हुई। हिंदी विभाग में जेआरएफ से एसआरएफ में प्रोन्नत हेतु शोधार्थी मेघा सिंह शोध निर्देशक डॉ. सुनीता हेंब्रम,विभागाध्यक्ष हिंदी, एसएस एलएनटी महिला महाविद्यालय शोध का विषय वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सुभद्रा कुमारी चौहान की रचनाओं को प्रस्तुत किया।

बांग्ला भाषा विभाग में शोध निदेशक डॉ शर्मिष्ठा आचार्य के निर्देशन में शोधार्थी रचना राय ने शोध विषयों पर अपनी प्रस्तुती दी। गृहविज्ञान में डॉ सीमा कुमारी के दिशा निर्देशन में दो शोधार्थियों का प्री सबमिशन मौखिकी की प्रस्तुति दी।

### उपायुक्त ने सतत विकास के मानकों पर की समीक्षा बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

गिरिडीह। समाहरणालय सभागार में जिला उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के निमित्त कार्य योजना तैयार करने से संबंधित बैठक आयोजित हुई। बैठक में सतत विकास लक्ष्यों के सभी मानकों पर विस्तृत समीक्षा किया गया। साथ ही जिले में सतत विकास लक्ष्यों के प्राप्त करने हेतु विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना तथा बेहतर रणनीति के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, अपर समाहर्ता, उप नगर आयुक्त, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी के अलावा अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### एफसीआई प्रशासनिक भवन पर प्रदर्शन और पीपीकोर्ट का वहिष्कार

सिंदरी। डोमगढ़ क्षेत्र के 304 एकड भूमि को खाली कराने के एफसीआई प्रबंधन के प्रयासों के विरोध में डोमगढ़ बचाओ मोर्चा ने कड़ तेवर अपनाया। मोर्चा ने पीपी कोर्ट द्वारा निर्गत नोटिस धारकों के साथ कोर्ट के सुनवाई का बहिष्कार किया और सैकड़ों लोगों के साथ एफसीआई प्रशासनिक कार्यालय पर प्रदर्शन कर घेराव किया।प्रदर्शनकारियों ने एफसीआई प्रबंधन के साथ बातचीत करते हुए चेतावनी दी कि वे पिछले 50 से 60 वर्षो से डोमगढ़ में रह रहे हैं। उन्हें जबरन बेदखल करने का किसी भी प्रयास को बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

# जोड़ापोखर में चोरों ने मचाया आतंक, पुलिस जुटी जांच में



खबर मन्त्र संवाददाता

जोड़ापोखर। बीती रात टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा के शिक्षक निहाल शर्मा के आवास का ताला तोड़कर चोरो ने लगभग डेढ़ लाख की सम्पति की चोरी कर लिए। गृह स्वामी अपने पैतृक गांव गये हुए हैं आने के बाद ही सम्पति का आकलन हो सकेगा। पड़ोसियों ने जोड़ापोखर थाना को सूचना दे दिया है। वही घटना से 48 घण्टे पूर्व पडोसी एस आई एस के गार्ड सुरजीत सिंह के घर के लोगों को बेहोश कर 3 लाख की सम्पति की चोरी कर लिया गया है। वही कालोनी के रहने वाले संजय हाजरा एवं कन्हैया सिंह का घर का ताला तोड़ा गया परन्तु घर खाली रहने के कारण चोरो को कुछ भी हाथ नहीं लगा है। कालोनी वासियों ने रकोमयू के पदाधिकारियों पर कई गम्भीर आरोप लगाया है।कालोनी वासियों का कहना है की न्यू कालोनी में 400 क्वाटर है जबकि मात्र 100 ही मजदूर क्वाटर में रहते है। ज्यादातर क्वाटर खाली है, या फिर यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा अधिकारियों के सह पर बाहरी लोगों को बिना जांच किए ही क्वाटर दे दिया गया है। जिसमें असंगठित क्षेत्र के मजदूर हैं कई की असमाजिक चरित्र के भी शामिल है।

## पीपी कोर्ट ने सिंदरी में अवैध रूप से रह रहे बीसीसीएल के 645 कर्मियों के खिलाफ

# बेदखली का आदेश किया पारित

खबर मन्त्र संवाददाता



सिंदरी। एफसीआई सिंदरी प्रशासनिक भवन में आयोजित पीपी कोर्ट ने एफसीआई सिंदरी के आवासों में अवैध रूप से रह रहे बीसीसीएल के 645 कर्मियों के खिलाफ गुरुवार को इविक्शन आर्डर पारित कर दिया है। एफसीआई के रांगामाटी स्थित विभिन्न श्रेणी के 645 आवासों में अवैध रूप से रह रहे सभी बीसीसीएल कर्मियों को न्यायालय में हाजिर होने का नोटिस जारी किया गया था। अधिकांश नोटिसधारक न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए। कोर्ट ने एकतरफा कार्रवाई करते हुए सभी अवैध कब्जा धारकों के खिलाफ इविक्शन आर्डर पारित कर दिया है। रैन बसेरा खाली होने के अंदेशे से सभी बीसीसीएल कर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है। एफसीआई के वित्तीय और प्रशासनिक सलाहकार देवदास अधिकारी ने बताया कि एफसीआई प्रबंधन ने 1994 से 1997 के बीच बीसीसीएल प्रबंधन को सिंदरी में 1000 क्वार्टर आवंटित किया था। एफसीआई के इन आवासों में बीसीसीएल कर्मचारी रहते थे। आवासों और बिजली विपत्र को लेकर विवाद में एफसीआई प्रबंधन ने 2009 से 2014 के मध्य में सभी आवासों का आवंटन रद्द कर दिया है। आवंटन रद्द होने के वाबजूद बीसीसीएल कर्मी एफसीआई के आवासों मे रह रहे थे। आवंटन रद्द होने के एक दशक के बाद पीपी कोर्ट ने इविक्शन आर्डर पारित किया है। उन्होंने बताया कि कोर्ट के आदेश का अनुपालन के लिए एफसीआई प्रबंधन जिला प्रशासन का सहयोग लेगी।

### स्वजातीय समाज की भागीदारी को लेकर विचार विमर्श



खबर मन्त्र संवाददाता

गिरिडीह। कुर्मी समाज की एक आवश्यक बैठक गुरुवार को अपराह्न करीब 3 बजे अनुमंडल परिसर डुमरी स्थित जामतारा पंचायत भवन में धनेश्वर विद्यार्थी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस बैठक में कुड़मि जडुआहि बगोदर के घाघरा सांइस कालेज में आगामी 1 जून को होने वाले कुर्मी समाज के लोगों के महाजुटान के लिए डुमरी प्रखंड से अधिक से अधिक की संख्या में स्वजातीय समाज की भागीदारी को लेकर विचार विमर्श किया गया। इसके साथ ही सरकार द्वारा जातिगत जनगणना 2025 के संबंध मे चर्चा की गई । इस बैठक में लालेश्वर महतो, कर्मचंद महतो, अशोक महतो, संतोष महतो, सुरेश महतो, मोहन महतो, किरण देवी, सरिता देवी, मंजू देवी, कमलेश महतो, मुकेश महतो, भेकलाल महतो, शिवचरण महतो, चिंता देवी, आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक सम्पन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



धनबाद। उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में की गई। बैठक के दौरान स्वैच्छिक सेवानिवृत्त के प्रस्ताव, टीचर ट्रांसफर पोर्टल पर पारस्परिक स्थानांतरण हेतु प्राप्त आवेदन का सत्यापन के उपरांत जिला शिक्षा स्थापना समिति से अनुमोदन के प्रस्ताव, दिनांक 24.12.2020 से 10.4.2023 के बीच सेवानिवृत शिक्षकों से प्राप्त आवेदन पर कार्मिक प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग झारखंड सरकार के संकल्प के आधार पर ग्रेड 4 में प्रोन्नति के प्रस्ताव, वर्ष 2005 में प्रारंभिक विद्यालय के शिक्षकों को ग्रेड 4 में प्रोन्नति प्रदान करने हेतु तैयार वरीयता सूची नंबर 2 की स्वीकृति के प्रस्ताव, गत वर्षो में ग्रेड 4 में दी गई प्रोन्नति के उपरांत की गई पद स्थापना में पदस्थापित विद्यालय में ओवर यूनिट होने एवं अन्य कारणों से सामंजन के प्रस्ताव, बंद विद्यालय, एकल शिक्षकीय विद्यालय, छात्र के अनुपात में कम शिक्षक वाले विद्यालय में शिक्षक पदस्थापन के प्रस्ताव समेत कई अन्य प्रस्तावों पर चर्चा की गई। उपायुक्त आदित्य रंजन ने सेवानिवृत शिक्षकों से प्राप्त आवेदन पर कार्मिक प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग झारखंड सरकार के संकल्प के आधार पर ग्रेड 4 में प्रोन्नति के प्रस्ताव को संकल्प के अनुरूप स्वीकृति देने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा स्वैच्छिक सेवानिवृत्त के प्रस्ताव पर सारे आवश्यक दस्तावेज एवं एनओसी की जांच कर स्वीकृति प्रदान करने हेतु दिशा निर्देश दिए। साथ हीं टीचर ट्रांसफर पोर्टल पर पारस्परिक स्थानांतरण हेतु प्राप्त आवेदन का सत्यापन के उपरांत जिला शिक्षा स्थापना समिति से अनुमोदन की स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं बंद विद्यालय, एकल शिक्षकीय विद्यालय, छात्र के अनुपात में कम शिक्षक वाले विद्यालय में शिक्षक पदस्थापन के प्रस्ताव पर उपायुक्त ने कहा कि एकल शिक्षक वाले विद्यालयों में वैसे विद्यालयों से शिक्षकों को भेजें जहां अधिक शिक्षक पदस्थापित है। इसके अलावा कई अन्य प्रस्तावों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी की 300वीं जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। भारतीय जनता पार्टी धनबाद ग्रामीण जिला द्वारा पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी की 300वीं जयंती के पावन अवसर पर एक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन सम्बोसिस पब्लिक स्कूल, बरवाअड्डा में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष मोहन कुंभकार ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री निताई रजवार द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में धनबाद विधायक राज सिन्हा ने पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी के ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने न केवल सुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया, बल्कि अयोध्या, काशी, गया सहित देशभर में सैकड़ों मंदिरों का निर्माण कर सनातन संस्कृति को पुनर्स्थापित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता धरणीधर मंडल, मंडल अध्यक्ष सुजीत प्रसाद चौधरी, जिला मंत्री प्रकाश बाउरी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में रूप से जिला मंत्री आशीष मुखर्जी, जिला मीडिया प्रभारी रति रंजन गिरी, रवि कुमार महतो के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सचिन ने 94.8 प्रतिशत के साथ किया प्रखंड टॉप

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल रांची द्वारा जारी मैट्रिक परीक्षा परिणाम में धुरकी प्रखंड के खुटिया गांव निवासी रामप्रवेश यादव के पुत्र सचिन कुमार यादव ने 94.8 प्रतिशत अंक (474 अंक) प्राप्त कर प्रखंड टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। पीएम श्री हाई स्कूल, खुटिया धुरकी के छात्र सचिन ने विषयवार अंक बताते हुए कहा कि उसे हिंदी में 95, गणित में 92, अंग्रेजी में 89, आईटीएस में 100, विज्ञान में 89 तथा सामाजिक विज्ञान में 98 अंक प्राप्त हुए हैं। सचिन ने कहा मैं बचपन से पढ़ाई में तेज था और मुझे पढ़ाई में गहरी रुचि है। इस सफलता का श्रेय मैं अपने माता-पिता, स्कूल प्रिंसिपल अरविंद कुमार यादव व शिक्षकों सूर्यकांत पाल, अनिल गुप्ता, कुमार रमन किरण, सुनील यादव सहित सभी शिक्षकों को देता हूं। सचिन ने बताया कि वह आगे चलकर आईएएस बनना चाहता है। वर्तमान में वह पटना में आईआईटी की तैयारी कर रहा है और इसके बाद यूपीएससी परीक्षा की तैयारी करेगा। सचिन ने कहा कि 10वीं बोर्ड की तैयारी के दौरान वह हर दिन 10 घंटे सेल्फ स्टडी करता था। अपने जूनियर्स को टिप्स देते हुए उसने कहा मन लगाकर स्टडी के साथ निरंतर मेहनत करें, सोशल मीडिया से दूर रहें और मोबाइल का उपयोग केवल पढ़ाई के लिए करें, सफलता निश्चित है।

## छात्रों के लिए प्रेरणा



सचिन यादव

# दो पशुपालकों की 86 भेड़ें गायब, 8.6 लाख का नुकसान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** प्रखंड में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से अब पशुपालक भी डर और चिंता में हैं। भागोडीह पंचायत के मांझीगांवां झुरहा के दो भेड़ पालकों प्रमोद पाल और पारसनाथ पाल की कुल 86 भेड़ें चोरी हो गईं।

जिनकी अनुमानित कीमत करीब 8.60 लाख रुपये बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार दोनों पशुपालक अपनी भेड़ों को गम्हरिया पंचायत के प्रसाद साह के खेत में प्रतिदिन की तरह बैठाए थे।

रखवाली के लिए प्रमोद पाल के पिता और एक चरवाहा खेत में ही सोए हुए थे।

चोरों ने रात में चुपचाप जाल काटा और भेड़ों का पूरा झुंड चुरा ले गए।

सुबह उठने पर चोरी का पता चला। खोजबीन के दौरान कुछ भेड़ों के बच्चे सिलीदाग पंचायत के दोकरी गांव में एक खेत में चरते मिले। वहीं से सुराग मिला कि बाकी भेड़ों को नकछेदी बांध तक ले जाकर चार चक्का वाहन से उठा लिया गया।

भेड़ मालिकों का कहना है कि प्रमोद पाल की 46 और पारसनाथ पाल की 40 भेड़ें चोरी हुई हैं। रमना थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि मामले में लिखित शिकायत मिल चुकी है, प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## स्पीड न्यूज

### बस और बाइक की टक्कर में तीन घायल

**रंका।** थाना क्षेत्र अंतर्गत खुखुआ मोड़ के समीप एक बस और बाइक की सीधी टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में एक युवक और दो डांसर युवतियां शामिल हैं, जो एक आर्केस्ट्रा कार्यक्रम से लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार अम्बिकापुर से गढ़वा आ रही आदिशक्ति नामक बस ने एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक पर सवार 19 वर्षीय संतोष कुमार (निवासी रमकंडा), 17 वर्षीय शिवानी कुमारी (निवासी अम्बिकापुर) और 16 वर्षीय छोटी कुमारी (निवासी रमकंडा) गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को 108 एम्बुलेंस के माध्यम से रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों युवतियों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल संतोष ने बताया कि वे तीनों चिनिया में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद एक ही बाइक पर सवार होकर तातापानी (छत्तीसगढ़) स्थित अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में खुखुआ मोड़ के पास सामने से आ रही बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही रंका पुलिस मौके पर पहुंची और बस को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बारात में आए युवक की कुएं से शव बरामद



मृतक की फाइल फोटो

**श्री बंशीधर नगर।** थाना क्षेत्र के सिंहपुर मर्दवार गांव में बारात में शामिल होने आए एक युवक की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। मृतक की पहचान अंबिकापुर गांधीनगर निवासी रामाशीष विश्वकर्मा के 32 वर्षीय पुत्र विकास विश्वकर्मा के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार विकास अपने भाई के दोस्त राकेश कुमार ठाकुर की बारात में शामिल होने महुडंड गांव से मर्दवार गांव आया था। वह बारात में डांस कर रहा था, इसी बीच वह अचानक गायब हो गया। रात भर खोजबीन के बाद सुबह नाथ भोग आटा मिल के पास एक कुएं में शव तैरता मिला, जिसकी पहचान विकास के रूप में हुई। घटना की सूचना पर बंशीधर नगर डीएसपी सत्येंद्र कुमार भी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी है और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

### सगमा प्रमुख को जहरीले जंतु ने काटा

**धुरकी।** सगमा प्रखंड के वर्तमान प्रमुख ग्राम बीरबल निवासी अजय साव (उम्र 33 वर्ष) विंढमगंज थाना क्षेत्र के घिवही गांव स्थित एक नवनिर्मित मकान पर पहुंचे थे। इसी दौरान एक कमरे का दरवाजा खोलते समय उन्हें एक जहरीले जंतु ने काट लिया, जिससे उनके बाएं पैर के अंगूठे से खून बहने लगा। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद सहयोगियों ने उन्हें निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है।

# डीसी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी दिनेश कुमार यादव ने पुराने समाहरणालय परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, कोषागार पदाधिकारी प्रशांत मिंज समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान डीसी ने सुरक्षा व्यवस्था, ईवीएम रख-रखाव, सीसीटीवी कैमरा, अग्निशामक उपकरण आदि की जांच की। सभी व्यवस्थाएं निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानकों के अनुरूप और संतोषजनक पाई गईं। डीसी ने मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों को सजग रहते हुए कर्तव्यों के निर्वहन का निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद डीसी ने पुराने समाहरणालय परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया और सभी कार्यालय प्रमुखों को परिसर स्वच्छ रखने का निर्देश दिया। निबंधन कार्यालय गढ़वा की स्थिति जर्जर पाए जाने पर उन्होंने इसे अनुमंडल परिसर गढ़वा में बने नए भवन में जल्द स्थानांतरित करने का निर्देश दिया।

## सुरक्षा व्यवस्था मिली संतोषजनक



निरीक्षण करते डीसी

# शादी समारोह के दौरान जमकर मारपीट, दो घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रसिद्ध धार्मिक व पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में एक विवाह समारोह के दौरान जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में दो लोग घायल हो गए, जिन्हें मौके से उठाकर पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भेजा। जानकारी के अनुसार विवाह झरना घाटी के पूरब स्थित नवीन यज्ञशाला के पास सामुदायिक भवन में चौरा (केतार) निवासी निगम कुमार व जंगीपुर (उंटारी) निवासी आरती कुमारी के बीच हो रही थी। शादी की रस्में चल ही रही थीं कि इसी दौरान एक काली स्कॉर्पियो पर सवार होकर कुछ लोग पहुंचे और मारपीट शुरू कर दी। विवाह स्थल से लेकर यज्ञशाला, गेट और कार्यालय तक मारपीट होती रही। सूचना मिलने पर कांडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दो घायलों उदय कुमार चंद्रवंशी (24 वर्ष) और उर्मिला देवी (50 वर्ष) को उठाकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया है। थाना प्रभारी अविनाश राज ने बताया कि फिलहाल किसी पक्ष से लिखित शिकायत नहीं मिली है। दोनों के आने के बाद ही पूरी स्थिति स्पष्ट होगी।

# पत्नी से मारपीट के आरोप में रामदास गिरफ्तार

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के खरसोता गांव निवासी स्व. उखमजी यादव के पुत्र रामदास यादव को पुलिस ने पत्नी के साथ मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार, रामदास ने अपनी पत्नी शांति देवी के साथ मारपीट की थी, जिससे उसके शरीर में गंभीर चोटें आई हैं और पंजीरी भी टूट चुकी है। पीड़िता शांति देवी ने इस मामले में मझिआंव थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपी रामदास यादव को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# किडनी फेल होने से निधन, मानवाधिकार संस्था ने की मदद



मृतक के परिजनों के साथ संस्था के लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के मस्जिद टोला निवासी रशीद मियां की किडनी फेल होने से मौत हो गई। वे लंबे समय से इस बीमारी से पीड़ित थे, लेकिन आर्थिक तंगी के चलते उनका समुचित इलाज नहीं हो सका। जानकारी के अनुसार रशीद मियां के दो बेटों में से मुमताज मियां की पहले ही किडनी फेल हो चुकी थी, जबकि दूसरे पुत्र इरशाद मियां की मौत सीढ़ी से गिरने के कारण हो गई थी। अब उनके परिवार में केवल वृद्ध पत्नी और एक पुत्री बची हैं, जो कपड़े की दुकान में काम कर किसी तरह घर चला रही हैं। पिता के अंतिम रस्म (चेहल्लुम) के लिए रशीद मियां की बेटी को 12 हजार रुपये की सख्त जरूरत थी। जैसे ही इस बात की जानकारी तलशबरिया पंचायत के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से मान्यता प्राप्त संस्था ह्यूमन ऑफ राइट्स को मिली, संस्था की ओर से तत्काल 12 हजार रुपये की सहयोग राशि दी गई। स्थानीय लोगों ने इस मदद के लिए संस्था को धन्यवाद दिया। संस्था के संचालक सेहरान खान ने कहा कि ह्यूमन ऑफ राइट्स संस्था जरूरतमंदों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहती है और आगे भी यह सेवा जारी रहेगी।

# मुस्लिम युवती ने हिंदू युवक से रचाई शादी



विवाहित जोड़ा

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के अरसली उत्तरी गांव में एक मुस्लिम युवती ने हिंदू रीति-रिवाज से विवाह कर समाज में मिसाल पेश की। अजय शर्मा के पुत्र कृष्ण कांत शर्मा, जो गांव में एक प्राइवेट स्कूल चलाते हैं, ने अपनी स्कूल की शिक्षिका समा प्रवीण से प्रेम विवाह किया। युवती के परिजन इस विवाह के खिलाफ थे लेकिन बालिग होने के कारण उन्होंने कोर्ट मैरिज कर ली। बाद में गांव में विधिवत हिंदू रीति-रिवाज से विवाह संपन्न हुआ, जिसमें विश्व हिंदू परिषद के वरीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे। विवाह के पश्चात युवती का नामकरण कनिका देवी किया गया। हालांकि गांव के कुछ लोगों ने इस विवाह से दूरी बनाए रखी।

# मनरेगा योजना की रॉयल्टी बकाया पर बीडीओ का सख्त रुख

# 14 आपूर्तिकर्ताओं को नोटिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** बीडीओ राकेश सहाय ने मनरेगा योजना के अंतर्गत कार्यरत 14 प्रखंड आपूर्तिकर्ताओं के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए उन्हें पत्र जारी किया है।

इन सभी आपूर्तिकर्ताओं पर वर्ष 2018-19 से लेकर 2024-25 तक कुल 42,45,206 रुपये रॉयल्टी की राशि बकाया है, जिसे अब तक जमा नहीं किया गया है। बकायेदार आपूर्तिकर्ताओं में मेसर्स मां इंटरप्राइजेज, दुबे इंटरप्राइजेज, त्रिदेव स्टोन चिप्स, सच्चिदानंद पाण्डेय, अर्शी इंटरप्राइजेज, प्रिंस ट्रेडर्स, जगदम्बा ट्रेडर्स, त्रिदेव इंटरप्राइजेज, कमलेश सिंह, गुप्ता इंटरप्राइजेज, अजय कुमार गुप्ता, एस. के. ट्रेडर्स और अरविन्द कुमार शामिल हैं। बीडीओ ने अपने आदेश में स्पष्ट रूप से कहा है कि रॉयल्टी की राशि जमा न करना न केवल स्वेच्छाचारिता को दर्शाता है, बल्कि यह सरकारी राशि के गबन की मंशा का भी संकेत देता है, जो अत्यंत खेदजनक है। उन्होंने निर्देश दिया है कि सभी संबंधित आपूर्तिकर्ता 4 जून 2025 तक जिला खनन कार्यालय गढ़वा में ऑनलाइन या डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से बकाया राशि जमा करें, अन्यथा उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# नगर पंचायत कार्यालय पदाधिकारी बेहोश, अस्पताल में भर्ती

**मझिआंव।** नगर पंचायत कार्यालय के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार गुरुवार सुबह अपने विवाह मंडप स्थित आवास में अचानक बेहोश हो गए। परिजनों और कार्यालय कर्मियों की मदद से उन्हें तत्काल मझिआंव रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्रभारी चिकित्सक डॉ गोविंद प्रसाद सेठ व डॉ विनोद सिंह द्वारा उपचार किया गया।

# बीडीओ ने दो पंचायत सहायकों को किया कार्यमुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** सरकोनी पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में अनियमितता बरतने के आरोप में बीडीओ राकेश सहाय ने दो पंचायत सहायकों को कार्यमुक्त कर दिया है। कार्यमुक्त किए गए सहायकों में सिताबी यादव (पिता कृष्णा यादव) एवं सविता देवी (पति सिताबी यादव) शामिल हैं। बीडीओ द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री राजीव रंजन मिश्रा द्वारा इन दोनों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी।

# एक देश एक चुनाव के समर्थन में भाजपा किसान मोर्चा का अभियान जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तावित एक देश एक चुनाव के समर्थन में भाजपा किसान मोर्चा द्वारा व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में झारखंड भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू के नेतृत्व में राज्यभर में गांव-गांव जाकर किसान, मजदूर, महिला, युवा सहित आमजन को इस प्रस्ताव के फायदे बताए जा रहे हैं। इस संबंध में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामलाला दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि एक साथ चुनाव राष्ट्रहित में जरूरी है। इससे समय और पैसे दोनों की बचत होगी। उन्होंने बताया कि पहले भी 1952, 1957 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए गए थे, जिससे सभी को सहूलियत हुई थी। रामलाला दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह पहल देशहित में स्वागत योग्य है। इससे प्रशासनिक खर्च घटेगा, चुनावी झंझट कम होंगे और आम जनजीवन पर भी असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा किसान मोर्चा इसे जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रही है और जनता का भरपूर समर्थन भी मिल रहा है।

# जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में झड़प, 10 घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के घुरुवा गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच लाठी, डंडे और गड़ासा से जमकर मारपीट हुई। इस हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के कुल 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों में प्रथम पक्ष से सफीर खान, रफीक खान, अहदेआलम खान, शहीदे आलम खान, रिफत आरा, सानिया प्रवीण, मंजाहिद बीबी शामिल हैं। वहीं, दूसरे पक्ष से रियाजुद्दीन खान, खैरूद्दीन खान और असगर अली घायल हुए हैं। प्रथम पक्ष के सफीर खान और रफीक खान ने आरोप लगाया कि जमीनी मापी के दौरान उनके जमीन पर जबरन शौचालय का पाइप बिछाया जा रहा था। विरोध करने पर खैरूद्दीन खान समेत कई लोगों ने उन पर हमला कर दिया। वहीं रियाजुद्दीन खान ने बताया कि जमीन की मापी हो रही थी, तभी विपक्षी पक्ष ने उन पर और उनके पिता पर लाठी-गड़ासा से हमला कर दिया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के विरुद्ध थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है।

# झामुमो नेता ने एसपी दीपक कुमार पांडेय को दी विदाई



एसपी दीपक पांडेय को विदाई देते झामुमो नेता

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा के पूर्व पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय को झामुमो केंद्रीय सदस्य धीरज दुबे ने मुलाकात कर विदाई दी और उनके कार्यकाल को जिले के इतिहास में महत्वपूर्ण अध्याय बताया। धीरज दुबे ने कहा कि 11 सितंबर 2023 को पदभार ग्रहण करने के बाद श्री पांडेय ने अपराध नियंत्रण, नक्सलियों पर रोकथाम और आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास बहाली जैसे कठिन क्षेत्रों में उल्लेखनीय सफलता पाई। उन्होंने लोहरदगा के कोरगो जंगल में हुए 29 दिसंबर 2022 के ऑपरेशन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह उनकी वीरता का प्रतीक था, जिसमें कुख्यात नक्सली चंद्रभान पाहन ढेर हुआ था।

इस अभियान के लिए उन्हें राष्ट्रपति वीरता पदक से नवाजा गया। श्री दुबे ने कहा कि गढ़वा में पांडेय के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़, अवैध हथियार जब्ती और नशे के कारोबार पर कड़ी कार्रवाई हुई। स्मार्ट पुलिसिंग के तहत युवाओं को जागरूक करने के लिए स्कूल-कॉलेज में कार्यक्रम, सीसीटीवी कैमरे, ई-एफआईआर, महिला हेल्पलाइन जैसे कई तकनीकी पहल भी की गईं। गढ़वा पुलिस लाइन में बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने का श्रेय भी उन्हें दिया। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष शंभु राम व सचिव शरीफ अंसारी भी मौजूद थे।

# तारगा जंगल में एक महिला का शव मिला

**महुदा।** महुदा थाना क्षेत्र के तारगा स्थित जंगल में एक महिला का शव पाया गया। महिला के माथे में चोट का निशान है। सूचना देने के लगभग 4 घंटे बाद पुलिस पहुंची। दो थाना के सीमा के बीच में शव मिलने के कारण धमार्बांध ओपी और महुदा थाना पुलिस सीमा विवाद के कारण काफी काट रहे थे। लगभग 11 बजे दोनों थाना के पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। धमार्बांध पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विकास रवानी भी पहुंचे। उन्होंने जानकारी दिया कि यह तारगा सीमा है और महुदा थाना क्षेत्र में आता है। इसके बाद महुदा पुलिस द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर थाना लाया गया। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस संबंध में प्रभारी थानेदार मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि शव को देखने से हत्या की आशंका लग रहा है। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

# रेफर मरीज को ले जा रही 108 एंबुलेंस रास्ते में हुई खराब

## घंटों इंतजार के बाद लौटाया गया वापस

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से गढ़वा सदर अस्पताल रेफर किए गए गंभीर मरीज को ले जा रही 108 एंबुलेंस बीच रास्ते में छमिलवा के पास खराब हो गई, जिससे मरीज सत्येंद्र कोरवा को वापस भवनाथपुर लाना पड़ा।

सत्येंद्र कोरवा आदिम जनजाति समुदाय से संबंध रखते हैं। एंबुलेंस चालक ने बताया कि इंजन गर्म हो जाने से गाड़ी बंद हो गई। गंभीर स्थिति में मरीज को दोबारा अस्पताल लाया गया, जहां घंटों तक दूसरी एंबुलेंस का इंतजार करना पड़ा। चालक ने यह भी कहा कि वाहन की खराबी की जानकारी 15 दिन पहले ही जिला कोऑर्डिनेटर शमसाद अंसारी को दी गई थी, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ दिनेश सिंह ने नाराजगी जताते हुए कहा कि भवनाथपुर की दोनों एंबुलेंसें एक महीने से खराब हैं और सूचना देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

उन्होंने कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वरीय पदाधिकारियों को लिखित शिकायत की जाएगी। वहीं, जिला कोऑर्डिनेटर शमसाद अंसारी ने बताया कि वे छुट्टी पर थे और अब दोनों एंबुलेंस मंगवाकर मरम्मत का कार्य शुरू करवा दिया गया है। एक एंबुलेंस आज और दूसरी कल तक ठीक हो जाएगी।



एंबुलेंस के इंतजार में अस्पताल में मरीज


## शपथ पत्र

मैं अमृत कुमार बैठा उम्र करीब 36 वर्ष पिता जगमोहन बैठा, ग्राम मोंगर, पोस्ट मोंगर, थाना लातेहार, जिला लातेहार, राज्य झारखंड, राष्ट्रीयता भारतीय शपथ पूर्वक निम्नलिखित घोषणा करता हूं कि

1 यह कि मैं उपरोक्त पते का मूल निवासी हूं।

2 यह कि मेरी पुत्री का आधार कार्ड है जिसका आधार संख्या 534550516364 है। जिसमें मेरी पुत्री का नाम खलेश्वरी कुमारी है, जिनकी जन्म तिथि 17/12/2012 ई. है।

3 यह कि डाकघर बचत बैंक लातेहार में मेरी पुत्री का शाखा न. सं. 5805883274 है। भूल बस मेरी पुत्री का नाम छाया कुमारी CHHAYA KUMARI हो गया था। मैं अपनी पुत्री का नाम खलेश्वरी कुमारी KHALESHWARI KUMARI करने के लिए मैं शपथ पत्र कर रहा हूं।

4 यह कि यह शपथ पत्र उपरोक्त डाक घर बचत बैंक लातेहार कार्य हेतु कर रहा हूं। इस शपथ पत्र में दी गई सारी बातें सही है, गलत पाए जाने पर इसकी सारी जवाबदेही मेरी होगी।

मैं अमृत कुमार बैठा सत्यापित करता हूं कि उपर लिखे पत्र की सारी मेरी जानकारी में सही, सत्य एवं दुरुस्त है।

## शपथ पत्र

नोटरी पब्लिक, लोहरदगा।

शपथ पत्र संख्या-4564

मैं, रंजीता देवी RANJEETA DEVI पति- जीतवाहन उरांव, निवासी ग्राम- लुंडरी, पो० टांगर, थाना चान्हो, जिला रांची, झारखण्ड द्वारा निम्न बयान करती हूँ कि

1- यह कि मैं उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूँ।

2- यह कि मेरा नाम रंजीता देवी है जो को मेरा आधार कार्ड संख्या 9194 7274 6863 में दर्ज है जो सही है।

3- यह कि मेरा बैंक खाता एसबीआई नजदीक बड़ा तालाब लोहरदगा में है जिसका खाता संख्या -30377900384 है जिसमें मेरा नाम अंग्रेजी में RANJITA KUMARI दर्ज है जो मेरा ही नाम है एवं पिता का नाम सुखदेव उरांव पता- निंगनी बर टोली, पो निंगनी, जिला लोहरदगा दर्ज है जो पूर्व का पता है।

5- यह कि मैं रंजीता देवी RANJEETA DEVI और RANJITA KUMARI दोनों नामों से जानी जाती हूँ। और दोनो नाम एक ही महिला का है जो मैं हूँ।

यह कि उक्त बाते सत्य एवं सही है। यह शपथ पत्र दिनांक 28/5/2025 को सम्पन्न हुआ।

## शपथ पत्र

समक्ष, कार्यपालक दंडाधिकारी, मेदिनीनगर, पलामू।

मैं, राशि कुमारी उर्फ रानी कुमारी, उम्र 18 वर्ष, पिता-संदीप चंद्रवंशी उर्फ संदीप राम, निवासी ग्राम- पो. कंडा, थाना - नावाबाजार, जिला पलामू, झारखंड निम्नलिखित शपथ करती हूँ कि : -

1. यह कि मैं उपरोक्त नाम व पते का निवासी हूँ।
2. यह कि मेरा आधार कार्ड संख्या- 7556 5553 8591 है। जिसमें मेरा नाम राशि कुमारी दर्ज है।
3. यह कि मेरा मैट्रिक के सर्टिफिकेट में नाम राशि कुमारी दर्ज है।
4. यह कि मेरा पाटन डाकघर में सुकन्या समृद्धि खाता संख्या-6400649838 है। जिसमें रानी कुमारी नाम है एवं मैट्रिक सर्टिफिकेट में जन्म तिथि 03.05.2007 तथा डाकघर खाता में जन्म तिथि 01.01.2008 है।
5. यह कि राशि कुमारी एवं रानी कुमारी दोनों एक ही नाम के महिला हैं।
6. यह कि मैं अपने डाकघर खाता में राशि कुमारी नाम से खाता करने हेतू शपथ कर रही हूं।
7. यह कि मैं डाकघर खाता में जन्म तिथि 03.05.2007 करने हेतू शपथ कर रही हूँ।
8. यह कि उपरोक्त बातें मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है।

राशि कुमारी
शपथकर्ता

उपरोक्त शपथकर्ता ने मेरे समक्ष हस्ताक्षर बनाया है।

बैजनंदन पाठक
कार्यपालक दंडाधिकारी अधिवक्ता
सदर मेदिनीनगर, पलामू।

## झारखण्ड सरकार
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## सैनिक कल्याण निदेशालय,

**डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार, मेन रोड, राँची के विज्ञापन स्पेस के आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रण की सूचना**

1. सैनिक कल्याण निदेशालय, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड सरकार, झारखण्ड राज्य के इच्छुक व्यक्तियों से डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह– सैनिक बाजार, मेन रोड, राँची के विज्ञापन स्पेस (Advertisement Space) (3240 वर्गफीट) के आवंटन के लिये आवेदन आमंत्रित करता है।
2. निविदा/विहित आवेदन प्रपत्र (Prescribed Tender/Application Form) में अन्य आवश्यक शर्तो का विवरण दिया गया है जो कि इस कार्यालय से 1000/– रूपये (एक हजार मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट (DD) के द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। डिमांड ड्राफ्ट "Jawan Bhawan Fund, Sainik Kalyan Nideshalaya, Ranchi" के नाम से होगा। कोई भी कार्य दिवस में 10 बजे पूर्वाह्न से 05 बजे अपराह्न 16 जून 2025 तक प्राप्त कर सकते है।
3. आवेदन प्रपत्र 18 जून 2025 पाँच बजे अपराहन तक टेंडर बॉक्स में जमा करना है। प्राप्त आवेदनों को अधिकारियों की एक समिति द्वारा 19 जून 2025 को 11:00 बजे खोला जायेगा। नियम एवं शर्तें झारखण्ड सरकार के वेबसाईट www.prdjharkhand.gov.in एवं डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन –सह– सैनिक बाजार, मेन रोड राँची के कार्यालय के सूचना पट पर भी देखा जा सकता है।

स्थान : राँची
दिनांक : 27 मई 2025

निदेशक के आदेशानुसार
ह./–
(भू–सम्पदा पदाधिकारी)
डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार,मेन रोड, राँची

PR 353791 Home(25-26).D

# सबसे आगे होंगे...

नीति आयोग ने अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा दिए गए प्रमाणित आंकड़ों और विश्लेषणों के आधार पर यह घोषित किया है कि भारत जापान को पछाडकर विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है। जिस रफ्तार से हमारी अर्थव्यवस्था मजबूती से आगे बढ़ रही है, उसको देखते हुए यह अनुमान लगाया गया है कि वर्ष 2028 तक भारत जर्मनी को पछाडकर तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। नीति आयोग के विश्लेषण और अनुमान को नकारने का कोई कारण नजर नहीं आता। यह कोई सामान्य उपलब्धि नहीं, बल्कि बीते दो दशकों में भारत द्वारा अपनाए गए मिश्रित सुधारवादी मॉडल, डिजिटल ढांचे और जनसांख्यिकीय लाभांश की प्रत्यक्ष अभिव्यक्ति है। एक ओर जहां अमेरिका तकनीकी प्रभुत्व के बल पर शीर्ष पर है, वहीं चीन की अर्थव्यवस्था मंदी की मार, जनसंख्या घटाव और राजनीतिक केंद्रीकरण से जूझ रही है .भारत की जीडीपी आज लगभग 4 ट्रिलियन डॉलर है.चीन 17-18 ट्रिलियन और अमेरिका 26 ट्रिलियन के पास है। पहली दृष्टि में यह फासला बहुत बड़ा लगता है, लेकिन भारत की विकास दर, खासकर 7 फीसदी के आसपास बनी रहने की संभावना, इस अंतर को क्रमशः पाट रही है। यदि चीन की वृद्धि दर 4 प्रतिशत से नीचे स्थिर होती है और भारत अपनी ऊर्जा, श्रम और नवाचार को समर्पित दिशा में साधता है, तो 2034-35 तक भारत चीन को पीछे छोड़ सकता है, लेकिन यह गणित केवल जीडीपी की रफ्तार से नहीं, रणनीतिक निर्णयों की सटीकता से तय होगा, हर भारतीय की सोच से होगा, ईमानदार और कर्मशीलता से संभव होगा। भूमि, श्रम और न्यायिक सुधार की गति यदि धीमी रही तो जनांकिकीय लाभांश जन-संकट में बदल सकता है. भारत को हर साल एक करोड़ से अधिक नौकरियों की आवश्यकता है। चुनौतियों पर गंभीर होना होगा और गैर राजनीतिक भी।

## आज का राशिफल

**मेष :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

**वृष :** यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

**मिथुन :** शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

**कर्क :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

**सिंह :** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

**कन्या :** अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

**वृश्चिक :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

**धनु :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

**कुंभ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

**मीन :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797


धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# मूल्यबोध और राष्ट्रहित बने मीडिया का आधार

**हिंदी पत्रकारिता के 200 साल( 30 मई हिंदी पत्रकारिता दिवस)**

हिंदी पत्रकारिता दिवस हम 30 मई को मनाते हैं। इसी दिन 1826 को कोलकाता से पं.युगुल किशोर शुक्ल ने हिंदी भाषा के पहले पत्र 'उदंत मार्तण्ड' की शुरूआत की थी। यह संयोग था या सुविचारित योजना कि उस दिन भारतीय तिथि से नारद जयंती भी थी। यानि हिंदी के पहले संपादक ने भी नारद जी अपने पुरखों के रुप में देखा। संपादकीय में उन्होंने हमें पत्रकारिता का उद्देश्य और बीज मंत्र भी यह लिखकर दिया- हिंदुस्तानियों के हित के हेत'। इस नजरिए से मूल्यबोध और राष्ट्रहित हमारी मीडिया का आधार रहा है।



उदन्त मार्त्तण्ड

इस कागज के प्रताएक का इश्तेहार

यह उदंत मार्तण्ड अब पहिले पहले पहल हिन्दुस्तानियों के हित के हेत जो आज तक किसीने नहीं चलाया पर अंगरेजी ओ पारसी ओ बंगले

इन 200 सालों की यात्रा में हमने बहुत कुछ अर्जित किया है। आज भी मीडिया की दुनिया में आदर्शों और मूल्यों का विमर्श चरम पर है। विमर्शकारों की दुनिया दो हिस्सों में बंट गयी है। एक वर्ग मीडिया को कोसने में सारी हदें पार कर दे रहा है तो दूसरा वर्ग मानता है जो हो रहा वह बहुत स्वाभाविक है तथा काल-परिस्थिति के अनुसार ही है। उदारीकरण और भूमंडलीकृत दुनिया में भारतीय मीडिया और समाज के पारंपरिक मूल्यों का बहुत महत्त्व नहीं है।

एक समय में मीडिया के मूल्य थे सेवा, संयम और राष्ट्र कल्याण। आज व्यावसायिक सफलता और चर्चा में बने रहना ही सबसे बड़े मूल्य हैं। कभी हमारे आदर्श महात्मा गांधी, लोकमान्य तिलक, विष्णुराव पराड़कर, माखनलाल चतुर्वेदी और गणेशशंकर विद्यार्थी थे, ताजा स्थितियों में वे रुपर्ट मर्डोक और जुकरबर्ग हों? सिद्धांत भी बदल गए हैं। ऐसे में मीडिया को पारंपरिक चश्मे से देखने वाले लोग हैरत में हैं। इस अंधेरे में भी कुछ लोग मशाल थामे खड़े हैं, जिनके नामों का जिक्र अकसर होता है, किंतु यह नितांत व्यक्तिगत मामला माना जा रहा है। यह मान लिया गया है कि ऐसे लोग अपनी बैचेनियों या वैचारिक आधार के नाते इस तरह से हैं और उनकी मुख्यधारा के मीडिया में जगह सीमित है। तो क्या मीडिया ने अपने नैसर्गिक मूल्यों से भी शीर्षासन कर लिया है, यह बड़ा सवाल है।

सच तो यह है भूमंडलीकरण और उदारीकरण इन दो शब्दों ने भारतीय समाज और मीडिया दोनों को प्रभावित किया है। 1991 के बाद सिर्फ मीडिया ही नहीं पूरा समाज बदला है, उसके मूल्य, सिद्धांत, जीवनशैली में क्रांतिकारी परिवर्तन परिलक्षित हुए हैं। एक ऐसी दुनिया बन गयी है या बना दी गई है जिसके बारे में काफी कुछ कहा जा चुका है। आज भूमंडलीकरण को लागू हुए चार दशक होने जा रहे हैं। उस समय के प्रधानमंत्री श्री पीवी नरसिंह राव और तत्कालीन वित्तमंत्री श्री मनमोहन सिंह ने इसकी शुरूआत की तबसे हर सरकार ने कमोबेश इन्हीं मूल्यों को पोषित किया। एक समय तो ऐसा भी आया जब श्री अटलबिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्रित्व काल में जब



-प्रो. संजय द्विवेदी

> इस सारे समय में पठनीयता का संकट, सोशल मीडिया का बढ़ता असर, मीडिया के कंटेट में तेजी से आ रहे बदलाव, निजी नैतिकता और व्यावसायिक नैतिकता के सवाल, मोबाइल संस्कृति से उपजी चुनौतियों के बीच मूल्यों की बहस को देखा जाना चाहिए। इस समूचे परिवेश में आदर्श, मूल्य और सिद्धांतों की बातचीत भी बेमानी लगने लगी है।

उदारीकरण का दूसरा दौर शुरू हुआ तो स्वयं नरसिंह राव जी ने टिप्पणी की ह्लहमने तो खिड़कियां खोली थीं, आपने तो दरवाजे भी उखाड़ दिए।ह्व यानी उदारीकरण-भूमंडलीकरण या मुक्त बाजार व्यवस्था को लेकर हमारे समाज में हिचकिचाहटें हर तरफ थी। एक तरफ वामपंथी, समाजवादी, पारंपरिक गांधीवादी इसके विरुद्ध लिख और बोल रहे थे, तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी अपने भारतीय मजूदर संघ एवं स्वदेशी जागरण मंच जैसे संगठनों के माध्यम से इस पूरी प्रक्रिया को प्रश्नांकित कर रहा था। यह साधारण नहीं था कि संघ विचारक दत्तोपंत ठेंगड़ी ने वाजपेयी सरकार के वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा को ह्यअनर्थ मंत्रीह्ण कहकर संबोधित किया। खैर ये बातें अब मायने नहीं रखतीं। 1991 से 2025 तक गंगा में बहुत पानी बह चुका है और सरकारें, समाज व मीडिया तीनों ह्यमुक्त बाजारह्ण के साथ रहना सीख गए हैं। यानी पीछे लौटने का रास्ता बंद है। बावजूद इसके यह बहस अपनी जगह कायम है कि हमारे मीडिया को ज्यादा सरोकारी, ज्यादा जनधर्मी, ज्यादा मानवीय और ज्यादा संवेदनशील कैसे बनाया जाए। व्यवसाय की नैतिकता को किस तरह से सिद्धांतों और आदर्शों के साथ जोड़ा जा सके। यह साधारण नहीं है कि अनेक संगठन आज भी मूल्य आधारित मीडिया की बहस से जुड़े हुए हैं।

इस सारे समय में पठनीयता का संकट, सोशल मीडिया का बढ़ता असर, मीडिया के कंटेट में तेजी से आ रहे बदलाव, निजी नैतिकता और व्यावसायिक नैतिकता के सवाल, मोबाइल संस्कृति से उपजी चुनौतियों के बीच मूल्यों की बहस को देखा जाना चाहिए। इस समूचे परिवेश में आदर्श, मूल्य और सिद्धांतों की बातचीत भी बेमानी लगने लगी है। बावजूद इसके एक सुंदर दुनिया का सपना, एक बेहतर दुनिया का सपना देखने वाले लोग हमेशा एक स्वस्थ और सरोकारी मीडिया की बहस के साथ खड़े रहेंगे। संवेदना, मानवीयता और प्रकृति का साथ ही किसी भी संवाद माध्यम को सार्थक बनाता है। संवेदना और सरोकार समाज जीवन के हर क्षेत्र में आवश्यक है, तो मीडिया उससे अछूता कैसे रह सकता है।

सही मायने में यह समय गहरी सांस्कृतिक निरक्षता और संवेदनहीनता का समय है। इसमें सबके बीच मीडिया भी गहरे असमंजस में है। लोक के साथ साहचर्य और समाज में कम होते संवाद ने उसे भ्रमित किया है। चमकती स्क्रीनों, रंगीन अखबारों और स्मार्ट हो चुके मोबाइल उसके मानस और कृतित्व को बदलने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में मूल्यों की बात कई बार नक्कारखाने में तूती की तरह लगती है। किंतु जब मीडिया के विमर्शकार,संचालक यह सोचने बैठेंगे कि मीडिया किसके लिए और क्यों- तब उन्हें इसी समाज के पास आना होगा। रूचि परिष्कार, मत निर्माण की अपनी भूमिका को पुनर्परिभाषित करना होगा। क्योंकि तभी मीडिया की सार्थकता है और तभी उसका मूल्य है । लाख मीडिया क्रांति के बाद भी ह्यभरोसाह्ण वह शब्द है जो आसानी से अर्जित नहीं होता। लाखों का प्रसार आपके प्राणवान और सच के साथ होने की गारंटी नहीं है। ह्यविचारों के अनुकूलनह्ण के समय में भी लोग सच को पकड़ लेते हैं। मीडिया का काम सूचनाओं का सत्यान्वेषण ही है, वरना वे सिर्फ सूचनाएं होंगी-खबर या समाचार नहीं बन पाएंगी।

कोई भी मीडिया सत्यान्वेषण की अपनी भूख से ही सार्थक बनता है, लोक में आदर का पात्र बनता है। हमें अपने मीडिया को मूल्यों, सिद्धांतों और आदर्शों के साथ खड़ा करना होगा, यह शब्द आज की दुनिया में बोझ भले लगते हों पर किसी भी संवाद माध्यम को सार्थकता देने वाले शब्द यही हैं। सच की खोज कठिन है पर रुकी नहीं है। सच से साथ खड़े रहना कभी आसान नहीं था। हर समय अपने नायक खोज ही लेता है। इस कठिन समय में भी कुछ चमकते चेहरे हमें इसलिए दिखते हैं क्योंकि वे मूल्यों के साथ, आदर्शों की दिखाई राह पर अपने सिद्धांतों के साथ डटे हैं। समय ऐसे ही नायकों को इतिहास में दर्ज करता है और उन्हें ही मान देता है। आइए भारतीय मीडिया के पारंपरिक अधिष्ठान पर खड़े होकर हम अपने वर्तमान को सार्थक बनाएं।

*(लेखक माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल में जनसंचार विभाग के आचार्य एवं अध्यक्ष हैं।)*

## लेटर टू एडिटर

### सौर ईंधन

**देश** में पेट्रोल-डीजल की खपत में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। जब खपत में वृद्धि होगी तो इसकी कीमतों में भी उछाल आएगा। ऐसी स्थिति में सरकार को सौर ऊर्जा संयंत्रों और इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर ध्यान देने की जरूरत है। हाल ही में चीन ने सौर ऊर्जा से चलने वाले वाहन बनाए हैं जो सूर्य ऊर्जा न रहने पर भी काम करेगा। इस पर तकनीकी रूप से बहुत ज्यादा काम हुआ है। भारत को भी ऐसा करने की जरूरत है। तभी पेट्रोल-डीजल की खपत और और इसकी बढ़ती कीमतों से निजात मिल सकती है।

**-राहुल उपाध्याय, रांची**

### नशे का कारोबार

देश में बढ़ते नशीले पदार्थों की तस्करी पर चिंता व्यक्त करने वाला था। देश में नशीले पदार्थों की चोरी-छिपे खेप पड़ोसी देश अफगानिस्तान से ईरान के रास्ते हमारे देश में पहुंचती है। इंटरनेट की आधुनिक तकनीक तथा कोरियर सर्विस का इस्तेमाल किया जा रहा है। **- रवि, गुमला**

## X ट्वीट

**क्रांतिकारियों** के मुकुटमणि वीर सावरकर जी का जीवन मातृभूमि के प्रति समर्पण की पराकाष्ठा का प्रतीक है। यह वीर सावरकर जी के जीवन से पता चलता है।

वीर सावरकर जी एक विरले स्वतंत्रता सेनानी होने के साथ ही ओजस्वी लेखक भी थे। उन्होंने कई कालजाई रचनाएँ लिखीं। उनके द्वारा रचित अमर गीत ह्यअनादी मी... अनंत मी...ह्ण का हिंदी रूपांतरण सुनकर मन भाव-विह्वल हो गया। कल मुंबई में स्वातंत्र्यवीर सावरकर जी के परिजनों को इस ओजस्वी गीत के सम्मान में महाराष्ट्र के संस्कृति विभाग की ओर से छत्रपति संभाजी महाराज राज्य प्रेरणा गीत पुरस्कार 2025 देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। **- अमित शाह**

# जनता की संसद मानी जाती है पत्रकारिता

**योगेश कुमार गोयल**

सामयिक

**राष्ट्रीय** अखण्डता के संदर्भ में पत्रकारिता की भूमिका की बात करें तो लोकतंत्र के अन्य स्तंभों के मुकाबले प्रेस की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि विश्वभर में भारत की प्रतिष्ठा के जो तीन प्रमुख कारण माने गए हैं, वे हैं जागरूक मतदाता, स्वतंत्र न्यायपालिका व स्वतंत्र प्रेस।

भारत में प्रेस को जनता की एक ऐसी 'संसद' की उपाधि दी गई है, जिसका कभी सत्रावसान नहीं होता और जो सदैव जनता के लिए ही कार्य करती है। इसे समाज में परिवर्तन लाने का अथवा उसे जागृत करने के लिए जन संचार का सशक्त माध्यम माना गया है। प्रेस को समाज की चिंतन प्रक्रिया का एक ऐसा अनिवार्य तत्व माना गया है, जो उसे दिशा व गति देने में सक्षम हो। इसे जनता की ऐसी आंख माना गया है, जो सभी पर अपनी पैनी और निष्पक्ष दृष्टि रखे। प्रेस को जनता की उंगली माना गया है, जो गलत कार्यों के विरोध में स्वतः ही उठ जाती है। प्रेस को समाज के प्रति पूर्ण समर्पण के रूप में देखा जाता है। इसे केवल एक पेशा न मानकर जनसेवा का सबसे बड़ा माध्यम माना गया है।

प्रेस की भूमिका पर टिप्पणी करते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था, ''प्रेस का प्रथम उद्देश्य जनता की इच्छाओं व विचारों को समझना और उन्हें सही ढ़ंग से व्यक्त करना है जबकि दूसरा उद्देश्य जनता में वांछनीय भावनाओं को जागृत करना और तीसरा उद्देश्य सार्वजनिक दोषों को निर्भयतापूर्वक प्रकट करना है।'' वैसे भारत-पाकिस्तान युद्ध का उल्लेख करें अथवा भारत-चीन लड़ाई का या अन्य चुनौतीपूर्ण अवसरों का, प्रेस ने ऐसे हर अवसर पर अपनी महत्ता सिद्ध की है और कहना गलत न होगा कि हिन्दी पत्रकारिता का स्थान इसमें सर्वोपरि रहा है। चाहे हिन्दी भाषी टीवी चैनलों की बात हो या हिन्दी के समाचारपत्र अथवा पत्रिकाओं की, उनका देश की बहुसंख्यक आबादी के साथ विशेष जुड़ाव रहा है और इस दृष्टि से राष्ट्र की एकता, अखण्डता एवं विकास की दिशा में हिन्दी पत्रकारिता की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

हिन्दी पत्रकारिता के 199 वर्षों के इतिहास में समय के साथ पत्रकारिता के मायने और उद्देश्य बदलते रहे हैं किन्तु उसके बावजूद सुखद स्थिति यह है कि हिन्दी पत्रकारिता के पाठकों या दर्शकों की रूचि में कोई कमी नहीं आई। यह अलग बात है कि अंग्रेजी मीडिया और उससे जुड़े कुछ पत्रकारों ने भले ही हिन्दी पत्रकारिता की उपेक्षा करते हुए सदैव उसकी प्रामाणिकता एवं विश्वसनीयता पर सवाल उठाने की कोशिशें की हैं किन्तु वास्तविकता यही है कि पिछले कुछ दशकों में हिन्दी पत्रकारिता ने अपनी ताकत का बखूबी अहसास कराया है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उसकी विश्वसनीयता बढ़ी है। यह हिन्दी पत्रकारिता की बढ़ती ताकत का ही नतीजा है कि कुछ हिन्दी अखबारों ने अनेक संस्करणों के साथ प्रसार संख्या के मामले में कुछ अंग्रेजी अखबारों को भी पीछे छोड़ दिया है।

हिन्दी पत्रकारिता की शुरूआत 30 मई 1826 को कानपुर निवासी पं. युगुल किशोर शुक्ल ने प्रथम हिन्दी समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड के प्रकाशन के साथ हुई थी। उस समय अंग्रेजी, फारसी और बांग्ला में कई समाचारपत्र निकल रहे थे। उदन्त मार्तण्ड की स्मृति में ही हर साल हिन्दी पत्रकारिता दिवस का आयोजन किया जाता है। उदन्त मार्तण्ड के बाद अंग्रेजी शासनकाल में अनेक हिन्दी समाचारपत्र व पत्रिकाएं एक मिशन के रूप में सामने आए किन्तु लंबे समय तक नहीं चल पाए। अब परिस्थितियां बिल्कुल बदल चुकी हैं और हिन्दी पत्रकारिता भी मिशन न रहकर एक बड़ा व्यवसाय बन गई है। किन्तु अच्छी बात यह है कि आज भी हिन्दी पाठक व दर्शक अपनी-अपनी पसंद के अखबारों व चैनलों के साथ पूरी शिद्दत से जुड़े हैं।

घर बैठे दुनिया की सैर कराने की बात हो या देश-विदेश की हर छोटी-बड़ी हलचल से लेकर तमाम ज्वलंत मुद्दों और हर प्रकार की नवीनतम जानकारियों को जुटाकर अपने पाठकों या दर्शकों के सामने प्रस्तुत करने की, व्यवसायीकरण के आरोपों या तमाम विरोधाभासों के बावजूद हिन्दी पत्रकारिता यह काम बखूबी कर रही है और आमजन के भरोसे पर खरा उतरते हुए हिन्दी पत्रकारिता आज आम जनजीवन का अभिन्न अंग बन चुकी है। अधिकांश हिन्दी समाचारपत्रों के अब ऑनलाइन संस्करण उपलब्ध हैं। विगत कुछ वर्षों में देश में बड़े-बड़े घोटालों का पदार्फाश करके अनेक सफेदपोशों के चेहरों पर पड़े नकाब उतार फैंकने का श्रेय भी पत्रकारिता जगत को ही जाता है, जिसमें हिन्दी पत्रकारिता की भूमिका को किसी भी लिहाज से कमतर नहीं आंका जा सकता।

# गुरु अर्जन देव के विचारों में जीवन-दर्शन की झलक

**श्वेता गोयल**

सामयिक

**गुरु** परंपरा की महिमा अपार है। भारतीय सनातन संस्कृति में गुरु का स्थान अत्यंत पूज्य माना गया है। इसी गौरवशाली परंपरा में सिख धर्म के पंचम गुरु अर्जन देव जी का स्थान विशिष्ट है। 30 मई को उनका शहीद दिवस है। उनके विचारों में संपूर्ण जीवन-दर्शन की झलक है। उन्होंने अपने जीवन और विचारों के माध्यम से संपूर्ण मानव जाति को सत्य, सेवा और समर्पण का मार्ग दिखाया। गुरु अर्जन देव न केवल धार्मिक संत, बल्कि महान समाज सुधारक, कुशल संगठक और ज्ञान के अद्वितीय स्रोत थे। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मानवता की सर्वोच्चता को महत्व दिया। वे सभी धर्मों का सम्मान करते थे और बिना किसी भेदभाव के सभी की सहायता और सेवा करते थे। उनके पास दूर-दूर से विभिन्न धर्मों और आस्थाओं के लोग ज्ञान, शांति और मार्गदर्शन की खोज के लिए पहुंचते थे।

एक बार एक श्रद्धालु उनके पास पहुंचा और अत्यंत भावुक होकर कहने लगा कि गुरुजी, आपकी संगति में रहकर मैंने जीवन का सच्चा मार्ग जाना है। अब मैं लड़ाई-झगड़ों से दूर रहता हूं, सत्य के मार्ग पर चलता हूं और लोगों से प्रेम करता हूं, इसीलिए अब लोग भी मुझसे स्नेह करने लगे हैं। पहले कोई मेरा चेहरा तक नहीं देखना चाहता था लेकिन अब सभी मुझसे स्नेहपूर्वक मिलते हैं। यह सुनकर गुरु अर्जन देव मुस्कराए और बोले कि यदि समस्त मानव जाति इस सत्य का बोध कर ले तो यह संसार स्वर्ग बन जाएगा। उस श्रद्धालु ने स्वर्ण मुद्राओं से भरी एक थैली निकालकर गुरु जी की ओर बढ़ाई और आग्रहपूर्वक कहा कि मैं आपको यह भेंट देना चाहता हूं। उन्होंने विनम्रतापूर्वक स्वर्ण मुद्राएं लेने से मना कर दिया और कहा कि ज्ञान अनमोल होता है, उसका कोई मूल्य नहीं होता। यह निःस्वार्थ और निःशुल्क दिया जाता है। श्रद्धालु ने फिर भी आग्रह किया कि यह ज्ञान की कीमत नहीं बल्कि उसकी श्रद्धा का प्रतीक है। इस पर गुरु अर्जन देव ने कहा कि यदि तुम सचमुच कुछ देना ही चाहते हो तो इस ज्ञान को दुनिया में बांटो क्योंकि ज्ञान प्रसाद की भांति होता है और इसका वितरण ही इसकी सच्ची पूजा है। श्रद्धालु यह सुनकर भावविभोर हो गया और गुरु जी के चरणों में नतमस्तक होकर बोला कि आज आपने मुझे जीवन का सबसे बड़ा सत्य बता दिया।

गुरु अर्जन देव का जीवन अनेक शिक्षाप्रद प्रसंगों से भरा है। एक बार बाला और कृष्णा नामक दो पंडित गुरु अर्जन देव के पास आए और बोले कि महाराज! हम कथा सुनाकर दूसरों को आत्मिक शांति तो देते हैं लेकिन स्वयं हमारे मन को शांति नहीं मिलती। हम क्या करें? गुरु अर्जन देव ने उन्हें बहुत सरल लेकिन गहन उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि जब तक तुम कथा वाचन को धन प्राप्ति का माध्यम समझकर करते रहोगे, तब तक तुम्हारा मन कभी शांत नहीं हो सकता। जब तक कर्म में निष्काम भाव नहीं होगा, तब तक आत्मिक शांति मिलना असंभव है। उन्होंने पंडितों से कहा कि कथा करते समय अपने मन को शुद्ध करो, कथा को परमात्मा की उपस्थिति में किया गया एक पवित्र कार्य मानो और जो उपदेश दूसरों को देते हो, उसे स्वयं भी जीवन में उतारो। यही वह मार्ग है, जिससे तुम्हारा चंचल और अशांत मन भी सच्ची शांति का अनुभव करेगा।

गुरु अर्जन देव के ये उपदेश आज भी सार्थक और मूल्यवान हैं। गुरु अर्जन देव केवल उपदेशक नहीं थे बल्कि उन्होंने अपने जीवन में हर उस आदर्श को जिया, जो वे दूसरों को सिखाते थे। उन्होंने सेवा, विनम्रता और त्याग की ऐसी मिसाल पेश की, जो युगों-युगों तक स्मरणीय रहेगी। आज के यांत्रिक और आत्मकेंद्रित युग में जहां मानवता हाशिये पर पहुंच गई है और लोग मानसिक अशांति से जूझ रहे हैं, वहां गुरु अर्जन देव के विचार एक प्रकाश स्तंभ की तरह मार्गदर्शन करते हैं। गुरु अर्जन देव का मानना था कि मन की शांति ही सच्चे सुख का मार्ग है।

उर्सूलाइन हाई स्कूल रांची की राजधानी रांची की टॉपर के साथ उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री। सौजन्यः अजय सानी




## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### लारी बीएड कॉलेज में संगोष्ठी संपन्न




**रजरप्पा।** डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, लारी, रामगढ़ में गुरूवार को महाविद्यालय के आइक्यूएसी के तत्वावधान में टर्टल फॉउन्डेशन फॉर रिसर्च एंड एडुकेशन ट्रस्ट के सहयोग से दो दिवसीय बहुविषयक संगोष्ठी संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। संगोष्ठी में दस राज्यों के शोधकर्ताओं ने भाग लिया, कुछ प्रतिभागीयों ने ऑनलाइन मॉड के माध्यम से अपना आलेख पढ़ा, भाग लेने वालों में राजस्थान, कर्नाटक, बंगाल, हरियाणा, उड़ीसा, बिहार एवं झारखंड के थे। मौके पर सहायक प्राध्यापक मो. परवेज अखतर, सोनम सिंहा, डॉ. अशोक राम, व्याख्याताओं में सुप्रिया बर्मन, मुरारी दुबे, बाबुचन्द प्रसाद व अन्य उपस्थित थे।

### बोकारो से चोरी बाइक रामगढ़ में बरामद

रामगढ़। रामगढ़ पुलिस ने बोकारो से चोरी हुई एक टीवीएस अपाचे बाइक (जेएच 09 एएस 3370) को बरामद किया। रामगढ़ थाना प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि 26 मई की शाम बोकारो थर्मल के राजा बाजार निवासी शेख इमामुद्दीन की बाइक चोरी हुई थी। उस बाइक को लेकर चोर रामगढ़ शहर में घुसे थे। पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को संदेह हुआ तो उस बाइक का पीछा किया। चोरों को इतना भी मौका नहीं मिला कि वह चोरी की गई बाइक का नंबर प्लेट बदल सके। पुलिस को पीछे देख चोर भी हड़बड़ा गया और रांची रोड में उस बाइक को खड़ी कर वहां भाग गया। पुलिस ने नंबर प्लेट से बाइक मलिक शेख इमामुद्दीन का नंबर निकाला और उसे इस बात की जानकारी दी। शेख इमामुद्दीन ने बताया कि उसकी गाड़ी मात्र सात मिनट में चोरी हो गई थी। वह डीवीसी सेंट्रल मार्केट गए थे, गाड़ी खड़ी कर वह दुकान से सिर्फ स्पीकर लेकर आए। इसमें मुश्किल से 7 से 8 मिनट लगे थे। शातिर चोरों ने उनकी बाइक उतनी ही देर में उड़ा ली थी।

### एजेकेएसएस के अध्यक्ष बने शिवनंदन




भुरकुंडा (रामगढ़)।अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ एटक जीएम यूनिट की बरका-सयाल शाखा कमेटी के पुनर्गठन को लेकर गुरुवार को बैठक हुयी। इसकी अध्यक्षता शिवनंदन दास और संचालन कमलेश कुमार ने किया। बैठक में जीएम यूनिट की नई कमेटी का गठन किया गया। अध्यक्ष शिवनंदन दास, उपाध्यक्ष सुरेश खरवार, सुरेंद्र कुमार, राजीव रंजन, सतीश कुमार तिवारी व पुलकेश चक्रवर्ती, सचिव कमल सिंह, सह सचिव कमलेश कुमारऔर सह कोषाध्यक्ष कुश प्रसाद चुने गये। क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा ने कहा कि कोल कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति कोल प्रबंधन का रवैया उदासीन है, जिसे यूनियन किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं करेगी। उन्होंने बताया कि जून में क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसके बाद आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। यह सम्मेलन कई मायनों में ऐतिहासिक होगा। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में पच्चु राम, मो. कासिम, सतीश कुमार शर्मा, गोपाल, सुनील उरांव, महेंद्र शाह, रोबिन टोप्पो, दिनेश कुमार, सुनीता कुमारी, पिंकी, मनीष कुमार सिंह, कंचन मुंडा, माहालाल बेसरा, मालती देवी, मुकेश किस्कू, विजय टुडू, तिवारी बेसरा, सुशीला, सविता, नंदिया आदि शामिल हैं।

### आश्रम में युवक के साथ मारपीट

भुरकुंडा (रामगढ़)। आनंद मार्ग प्रचार संघ आश्रम पटेलनगर का रख-रखाव करने वाने सयाल मोड़ निवासी उमेश साव ने युवक पर आश्रम में चोरी, तोड़फोड़ व जान से मारने की धमकी देने का मामला भुरकुंडा ओपी में दर्ज कराया है। दर्ज मामले में कहा गया है कि पिछले 22-25 मई तक आनंद नगर में संघ का धर्म महासम्मेलन में हिस्सा लेने गया था। सम्मेलन से 27 मई की सुबह छह बजे आश्रम आये तो देखा कि कुछ असामाजिक तत्व घुसकर आश्रम का दरवाजा, एसबेस्टस तोड़ रहे है। जिसके बाद जब उन्होने मना किया तो पंचायत की मुखिया गुलाबो देवी का पुत्र रोशन कुमार और उसके साथी उनके साथ मारपीट करने लगे। साथ जान से मारने की धमकी देने लगे। इस दौरान कहा गया कि उसकी मां मुखिया है मेरा कोई कुछ नही बिगाड़ सकता है। उनके हाथ मे भुजाली और लोहे का सब्बल था। इस दौरान मैं किसी तरह भागकर अपनी जान बचाया। उमेश साव ने ओपी प्रभारी से मामले की जांच कर उचित कानूनी कारवाई करने की मांग की है। आवेदन में सुनील अग्रवाल, कुष्णा शर्मा, नचिकेता, शत्रुधन मुंडा, सुनील प्र्रसाद, नगीना महतो, शकुंतला देवी, नीरू देवी, निशा कुुमारी, प्रभात सिंह, उमीर्ला देवी, रेणु देवी सहित अन्य का हस्ताक्षर अंकित है। इधर मामले पर मुखिया के पुत्र रोशन कुमार ने कहा कि उमेश साव द्वारा लगाया गया आरोप बेबुनियाद है।

### डीसी ने सुनी जनता की समस्याएं

रामगढ़। रामगढ़ डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, सड़क, रोजगार, विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के लाभ सहित अपनी समस्याओं से डीसी को अवगत कराया। जिसके उपरांत डीसी ने मामलों के निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# हजारीबाग में 25 साल से बसे मकान को तोड़ने उतरा जियाडा

## हो सकता है सामाजिक तनाव : मुन्ना सिंह

खबर मंत्र संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के चानो गांव में एक ऐसे सरकारी अन्याय की पटकथा लिखी जा रही है, जो इंसाफ के मुंह पर करारा तमाचा है। एक परिवार, जो तीन दशकों से अपनी पुश्तैनी जमीन पर शांतिपूर्वक रह रहा था, अब बेघर होने के कगार पर है और वजह है सरकार की ही एक एजेंसी जियाडा, जिसने हाईकोर्ट के स्पष्ट आदेशों को दरकिनार करते हुए जमीन को कब्जा करने की कोशिश की है। ये कोई मामूली जमीन विवाद नहीं है, ये एक सरकारी एजेंसी बनाम आम नागरिक की लड़ाई है, जहां पावर का इस्तेमाल डराने, धमकाने और जबरन कब्जे के लिए किया जा रहा है। हाईकोर्ट पहले ही यह स्पष्ट कर चुका है कि जब तक मुआवजा तय और भुगतान नहीं होता, तब तक रियाडा किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं कर सकती। लेकिन इसके बावजूद, पीड़ित परिवार पर ऐसा दबाव बनाया जा रहा है, जैसे वो किसी अपराधी हों।

ध्रुव सिंह के परिवार की हालत आज ऐसी है कि उनके घर से बाहर निकलने का रास्ता तक बंद किया जा रहा है। खुद पीड़ितों ने बताया कि जियाडा से जुड़े लोग आए, घर के सामने ट्रेंच काट डाले और धमकी देकर चले गए की अगर नहीं हटे, तो ऐसा केस में फंसा देंगे कि जिंदगी भर पछताओगे।

यह वही परिवार है जिसने अपनी बुजुर्ग माताजी मंदोदरी देवी के नाम पर जमीन को कानूनी तौर पर दर्ज कराया है। उन्होंने मुआवजे के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, कोर्ट ने आदेश भी दिया, लेकिन आज तक एक पैसा भी नहीं मिला। उल्टा मानसिक प्रताड़ना, सामाजिक बहिष्कार और जमीन पर जोर-जबरदस्ती जारी है। इधर इस मामले पर कांग्रेस नेता और सामाजिक कार्यकर्ता मुन्ना ने जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पर बड़ा सवाल उठाया है। उन्होंने कहा की अगर खाली जमीन ली गई होती, तो कोई आपत्ति नहीं थी और खाली जमीन ली भी गयी है, लेकिन यह जमीन उनके घर की है। अगर इसे जबरन लिया गया तो उनका घर का रास्ता ही बंद हो जाएगा। घर कैदखाना हो जाएगा। आप मुआवजा दीजिए, वैकल्पिक जमीन दीजिए, फिर बात कीजिए। लेकिन ये तो जबरदस्ती है। उन्होंने आगे चेताया कि यह मामला अब सिर्फ जमीन का नहीं है, यह सामाजिक तनाव का कारण बन सकता है। जियाडा ने जिसको जमीन दिया है और रैयत, दोनों पक्षों के टकराव से गांव का माहौल बिगड़ सकता है। प्रशासन को फौरन हस्तक्षेप करना चाहिए वरना हालात हाथ से बाहर निकल जाएंगे।

**क्या कहते हैं एसडीओ :** जब इस मसले पर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) वैजनाथ कामती से बात की गई तो उन्होंने कहा कि हमें इस मामले की जानकारी ही नहीं थी। अगर कोर्ट का आदेश है, तो उसी के अनुसार कार्रवाई होगी। मामला बिगड़ने नहीं दिया जाएगा। अब सवाल ये है कि क्या प्रशासन सच में अनजान था, या जानबूझकर आंखें मूंद ली गई थीं? आज चानो गांव के उस घर में सिर्फ दीवारें नहीं कांप रही हैं, वहां एक परिवार की ज़िंदगी, उसकी इज्जत और उसकी उम्मीदें रौंद दी जा रही हैं। क्या न्याय सिर्फ कागजों में रह गया है? सरकार और प्रशासन को यह समझना होगा कि एक घर उजाड़ने से पहले, एक दिल टूटता है, एक पीढ़ी तबाह होती है। अगर अब भी कार्रवाई नहीं हुई, तो ये आग सिर्फ एक घर तक सीमित नहीं रहेगी, पूरा समाज इसकी चपेट में आ जाएगा।

# रामगढ़ के सभी पंचायतों में खुलेगा पुस्तकालय : डीसी

## बीडीओ और सीओ चिह्नित करें स्थान

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। रामगढ़ डीसी के पद पर प्रभार ग्रहण करते ही फैज अक अहमद मुमताज ने विकास कार्यों की समीक्षा की। गुरुवार को उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य इन दोनों विभागों पर अपनी प्राथमिकता जाहिर की। एक तरफ उन्होंने सभी पंचायतों में पुस्तकालय खोलने का आदेश जारी किया। इसके लिए बीडीओ और सीओ को जमीन चिन्हित करने को कहा। दूसरी ओर आकस्मिक परिस्थितियों के लिए स्वास्थ्य मित्र को भी तैयार करने का निर्देश जारी किया गया। सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त करने के बाद उन्होंने विकास कार्यों पर नजर डाली।

इस दौरान डीएफओ नीतीश कुमार, डीडीसी रोबिन टोप्पो, एसी कुमारी गीतांजलि, एलआरडीसी दीप्ति प्रियंका कुजूर, सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद, समाज कल्याण पदाधिकारी इंदू प्रभा खालको, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम, जिला पंचायती राज पदाधिकारी निशा सिंह, डीएमओ निशांत अभिषेक, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी विकास शाखा सहित अन्य अधिकारियों ने योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी डीसी को दी। मनरेगा संबंधित कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजित करने एवं लाभुकों को रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने लाभुकों को ससमय मानदेय का भुगतान करने का निर्देश दिया। लंबित योजनाओं को तीव्र गति से कार्य करते हुए योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने योजनाओं में डुप्लीकेसी न होने देने की बात कही। राजस्व संबंधित कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने नीलाम पत्र वादों के निष्पादन को लेकर एसडीओ को मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग के समीक्षा के दौरान डीसी ने चिकित्सकों की उपस्थिति पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में चिकित्सक समय पर उपस्थित रहे, तभी मरीजों का इलाज संभव है। इसके अलावा उन्होंने आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए स्वास्थ्य मित्र को तैयार करने का निर्देश दिया। उन्हें फर्स्ट एड किट और सीपीआर की ट्रेनिंग देने काफी निर्देश दिया।

### डीजीएम हत्याकांड में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**हजारीबाग।** एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव हत्याकांड में हजारीबाग पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने इस मामले में एक मुख्य आरोपित मुकेश साव उर्फ प्रभात उर्फ माइकल को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से एक पिस्टल, दो कारतूस, तीन मोबाइल फोन और एक चोरी की बाइक बरामद की गई है। गिरफ्तार अपराधी 36 वर्षीय मुकेश साव, लातेहार जिले के बारियातू थाना अंतर्गत ग्राम चेडरा का रहने वाला है। गिरफ्तारी की पुष्टि कटकमदाग थाना प्रभारी पंकज कुमार ने की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी हथियार के साथ किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना के बाद वरीय अधिकारियों के निर्देश पर एक छापेमारी दल का गठन किया गया। ग्राम बेस के पास से मुकेश साव को गिरफ्तार किया गया। मुकेश साव के पास से अवैध हथियार और चोरी की बाइक के अलावा तीन मोबाइल बरामद हुए( पूछताछ में मुकेश साव ने स्वीकार किया कि 8 मार्च 2025 को फतहा चौक पर एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव की हत्या में वह भी शामिल था।

## तोपा में अवैध ईंट लदा ट्रैक्टर जब्त



कुजू। सीसीएल तोपा परियोजना के सुरक्षा प्रभारी शंकर राम ने अवैध ईंट लदा ट्रैक्टर बनवार चेक पोस्ट से जबरन भगा ले जाने का मामला कुजू ओपी में दर्ज कराया है। ओपी में दिए गए आवेदन में परियोजना के सुरक्षा प्रभारी शंकर ने कहा है कि 28 मई शाम को एक ट्रैक्टर जिसका नम्बर JH02AL/2893अवैध रूप से ईंट लादकर बनवार चेक पोस्ट में जबरन बैरियर उठाकर ले जाने का प्रयास करने लगा। चालक विजय कुमार ने कहा कि हम ट्रैक्टर ले जाएंगे, देखते हैं कौन रोकता है। चेकपोस्ट पर तैनात सुरक्षा कर्मी को धमकी देते हुए जबरन ट्रेक्टर चालक विजय कुमार ईंट लदा ट्रैक्टर लेकर भाग गया। सुरक्षा प्रभारी शंकर राम ने आवेदन में सरकारी काम में बाधा डालने तथा आरएफआईडी सिस्टम खराब करने का आरोप लगाते हुए कुजू ओपी पुलिस से मामला दर्ज कर चालक विजय के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

## चौपारण में नाबालिग लड़की का शव बरामद

चौपारण । दनुआ से अहरी गांव जाने वाले रोड किनारे से एक नाबालिग लड़की का शव बरामद हुआ है। शव की पहचान कर ली गयी है। घटना की खबर आग की तरह फैल गई और स्थानीय और प्रशासन के लोग मौके पर पहुंचे। लड़की 27 मई की रात करीब 11 बजे अपने प्रेमी शंकर सिंह के साथ घर से निकली थी, जो देर रात तक वापस नहीं लौटी। सोमवार सुबह गांव से शौच के लिए निकले कुछ लोगों ने सुलेखा के शव को देखकर पुलिस को सूचना दी। डीएसपी अजीत कुमार विमल, इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार, थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# ठेकेबाजी की आड़ में कब्जे की साजिश

शंकर यादव



**चौपारण।** एक समय वीरान पड़ा कठम्बा मोड़ से भगहर की ओर जाने वाला क्षेत्र अब धीरे-धीरे गति में आ रहा है, लेकिन यह कोई सकारात्मक विकास नहीं, बल्कि अतिक्रमण की एक खामोश पर खतरनाक शुरूआत है। सड़क किनारे बनी कुछ झोपड़ियों में दोपहर ढलते ही भीड़ उमड़ने लगती है। स्थानीय भाषा में इन्हें दरबार कहा जाने लगा है, पर असल में यह एक बदलते परिदृश्य की चेतावनी है जिसे अब अनदेखा नहीं किया जा सकता। इन अस्थायी झोपड़ियों में पारंपरिक पेय माड़ी और कथित अवैध शराब की उपलब्धता के चलते आसपास के गांवों से लोग बड़ी संख्या में जुटने लगे हैं। यह स्थान अब केवल एक सामाजिक मिलन केंद्र नहीं, बल्कि गतिविधियों का ऐसा अड्डा बनता जा रहा है, जिसकी जड़ें धीरे-धीरे जंगल की जमीन में गहराई तक फैल रही हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि जहां पहले बांस और तिरपाल की अस्थायी झोपड़ियाँ होती थीं, अब वहां ईंट-पत्थर के स्थायी ढांचे दिखने लगे हैं। इस तरह वन भूमि का स्वरूप तेजी से बदल रहा है – और इसके साथ बदल रही है पर्यावरणीय शांति और जैव विविधता।एक वरिष्ठ ग्रामीण बताते हैं, शुरूआत में लगा कि यह कुछ थके-मांदे लोगों के विश्राम का स्थान है, लेकिन अब यहां की भीड़, शोरगुल और गतिविधियाँ बताती हैं कि यह केवल ठहराव की जगह नहीं रही, यहां कुछ और पक रहा है। इन गतिविधियों के साथ वन भूमि पर अतिक्रमण का एक नया संकट जन्म ले रहा है। झोपड़ियों से शुरू हुआ यह सिलसिला अब खेतों और जंगल के खुले भूभाग की ओर बढ़ रहा है। वन विभाग और स्थानीय प्रशासन की जानकारी में यह सब होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जब इस संबंध में स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों से सवाल किया गया, तो उन्होंने सामान्य-सा जवाब दिया, स्थिति की निगरानी की जा रही है। जबकि स्थानीय लोग मानते हैं कि यह केवल कागजी निगरानी है, जमीनी हकीकत इसके ठीक विपरीत है कि हालात लगातार बिगड़ रहे हैं।

एक सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा,

### चौपारण में मयखाने से घर व जंगल पर संकट

यह केवल झोपड़ियों का मसला नहीं है, यह पूरे इलाके के पर्यावरणीय भविष्य का सवाल है। आज अगर एक झोपड़ी को न रोका गया, तो कल पूरा जंगल कंक्रीट में तब्दील हो जाएगा। इन झोपड़ियों से जुड़े कुछ लोग यह तर्क देते हैं कि इससे कुछ लोगों को रोजगार मिल रहा है। लेकिन सवाल उठता है कि अगर यह रोजगार पर्यावरणीय संतुलन और कानून व्यवस्था की कीमत पर है, तो इसकी असली कीमत कौन चुकाएगा? ज्ञात हो कि यह इलाका पहले से ही अवैध शराब कारोबार के लिए संवेदनशील माना जाता रहा है। अब इन तथाकथित ह्यदरबारोंह्ण के बढ़ने से न केवल पर्यावरणीय संकट गहराता जा रहा है, बल्कि सामाजिक असंतुलन और युवाओं के लिए खतरा भी बढ़ रहा है।

## एक नजर में

### कटकमदाग में बालिका शिक्षा के लिए बैठक



कटकमदाग। कटकमदाग प्रखंड के ब्लॉक सभागार में बालिका शिविर परियोजना को लेकर कन्वर्जेन्स बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी शिवबालक प्रसाद ने की। बैठक का उद्देश्य 15 से 18 वर्ष की ड्रॉपआउट किशोरियों को दोबारा औपचारिक शिक्षा से जोड़ने के लिए संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना था। बैठक में बताया गया कि किशोरियों को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के माध्यम से शिक्षा से जोड़ा जाएगा। प्लान इंडिया के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर ने परियोजना की रूपरेखा और तीन वर्षों की उपलब्धियों पर प्रेजेंटेशन दिया। बीडीओ शिवबालक प्रसाद ने कहा कि इस पहल से सुनिश्चित होगा कि कोई भी किशोरी शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने सुझाव दिया कि किशोरियों को स्ट्रॉबेरी खेती जैसी नवाचारी कृषि गतिविधियों से जोड़कर उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता भी सुनिश्चित की जाए। साथ ही बाल विवाह रोकने हेतु अभिभावकों की काउंसलिंग पर बल दिया। अंचल अधिकारी विजय कुमार ने ग्राम पंचायत स्तर पर भी कन्वर्जेन्स बैठकें आयोजित करने, सोशल मीडिया प्रचार और साप्ताहिक समीक्षा की आवश्यकता बताई। बैठक में प्रखंड प्रमुख कुमारी विनीता, पंचायत प्रतिनिधि, सहिया साथी दीदी व प्लान इंडिया की टीम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### बरही में कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत

**बरही।** हजारीबाग जिले में किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से विकास कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत हुई। अभियान के पहले दिन भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), झारखंड की तीन विशेषज्ञ टीमों ने करगियो, बिजया और मलकोको समेत तीन ब्लॉकों के नौ गांवों में जाकर करीब 1029 किसानों से सीधा संवाद किया। किसानों को खरीफ फसलों के उन्नत प्रबंधन, उर्वरकों और कीटनाशकों के विवेकपूर्ण उपयोग, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, और टिकाऊ खेती के तरीकों की जानकारी दी गई। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, डिजिटल कृषि मिशन जैसी सरकारी योजनाओं की भी जानकारी साझा की गई। विशेषज्ञों ने प्रत्यक्ष बीजित चावल (ऊरफ) और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (कञ्ळ) के कृषि में उपयोग को लेकर भी विस्तार से बताया। डॉ. निरंजन कुमार, डॉ. काशीनाथ तेली, डॉ. सौगत भट्टाचार्य समेत कई विशेषज्ञों ने किसानों को लाभकारी कृषि वानिकी और कीट नियंत्रण उपायों पर सुझाव दिए। किसानों ने नई तकनीकों को लेकर सकारात्मक रुख दिखाया, जिससे यह अभियान राज्य में कृषि क्षेत्र के स्थायी विकास की दिशा में एक अहम कदम साबित हो सकता है।

### बरही अस्पताल में मना मासिक स्वच्छता दिवस

बरही। अनुमंडलीय अस्पताल में गुरुवार को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया गया। इस अभियान के तहत हर साल 28 मई को अंतरराष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाएगा। मौके पर अनुमंडलीय अस्पताल प्रभारी डॉ प्रकाश ज्ञानी मौजूद थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इसके तहत 23 से 26 मई तक प्रखंड में अंतरराष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 23 मई को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर मासिक धर्म स्वच्छता की जानकारी दी जाएगी तथा महिलाओं व युवतियों का हीमोग्लोबिन जांच किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान महिलाओं को साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है, जिसकी अनदेखी करने से कई बार महिलाओं को कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। पीरियड्स के दौरान बरती जाने वाली इस लापरवाही के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हर साल 28 मई को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। मौके पर डॉ. प्रकाश ज्ञानी, कार्यक्रम प्रबंधक बीपीएम नारायण राम, महेश साव, सभी सहिया दीदी व किशोरी मौजूद थे।

### देवी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली यात्रा



**बरही।** गौरियाकरमा गांव में श्री श्री 1008 शतचंडी नौ दिवसीय महायज्ञ सह देवी प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस कलश यात्रा में गांव की 1000 से अधिक महिला श्रद्धालुओं और कुंवारी कन्याओं ने भाग लिया। सभी ने निचितपुर बड़ाकर नदी से जल लेकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए पुन: मंदिर परिसर पहुंचकर विधिवत कलश स्थापित किया ।कलश यात्रा के मुख्य जजमान रामकृपाल चंद्रवंशी, मनोज विश्वकर्मा, रामचन्द्र महतो, फागु महतो, प्रसादी राणा समेत कई श्रद्धालु सपरिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक मनोज यादव ने उपस्थित हुए। यज्ञ महासमिति ने विधायक मनोज यादव का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक ने मुख्य जजमान को कलश देकर रवाना किया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा प्रदेश नेता रंजीत चंद्रवंशी, मुखिया प्रतिनिधि राजन ओम, सामाजिक कार्यकर्ता नागेश्वर यादव और भाजपा नेता प्रद्युम्न सिंह भी मौजूद रहे।

### करगईयो में कृषि संकल्प अभियान शुरू



**बरही।** कोल्हुआकला पंचायत के करगईयो में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम हुआ। जिसमें भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र के डॉ. निरंजन कुमार, डॉ. काशी, राजेंद्र मीना, दर्शन कुमार, बीटीएम राकेश कुमार व एटीएम नीलम सुजाता डुंगडुंग समेत पंचायत के 121 किसानों ने भाग लिया। वहीं, कार्यक्रम में मौजूद किसानों को भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिकों ने उन्नत खेती के बारे में बताया। बीटीएम राकेश कुमार ने कहा कि विकासशील कृषि संकल्प अभियान का मुख्य उद्देश्य पूरे जिले के किसानों को नवीनतम तकनीक से परिचित कराना है। साथ ही वैज्ञानिकों को किसानों की समस्याओं को समझना है और भविष्य में उस पर शोध करना है। यह अभियान 29 मई से शुरू होकर 12 जून तक चलेगा, जिसमें कृषि विभाग के वैज्ञानिक व कर्मचारी किसानों के गांव व खेतों में पहुंचकर चर्चा करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इस अभियान से किसानों को वैज्ञानिकों और कृषि विशेषज्ञों के साथ मिलकर काम करने का अवसर मिलेगा, जो टिकाऊ और उन्नत खेती के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि देश के 700 जिलों में 2000 से अधिक वैज्ञानिक दलों की भागीदारी के साथ कृषि संकल्प अभियान शुरू किया जा रहा है।

## कोडरमा उपायुक्त ने एनसीओआरडी की बैठक में दिये कई निर्देश, कहा

# नशीली दवाओं पर रोक के लिए प्रभावी कदम उठाएं

- शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करने का लिया गया निर्णय



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में एनसीओआरडी की बैठक की गयी। बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा पूर्व के बैठक में दिये गये निर्णय का अनुपालन के संबंध में समीक्षा की गयी। बैठक में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ उठाए गए कदमों की प्रगति पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को कई दिशा-निर्देश दिए एवं भविष्य में और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस बैठक में पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। वहीं उन्होंने सभी विभागों को मिलकर नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए संयुक्त प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और नशा मुक्त पंचायतों की पहचान कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इन निर्णयों का पालन सुनिश्चित करें और नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाएं। उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी सीओ एवं थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया कि जिला में संचालित बाल केंद्रित स्थान यथा विद्यालय, कोचिंग क्लास, कला केंद्र एवं क्रीडा केंद्र आदि से तंबाकू एवं बीड़ी विक्रय करने वाले दुकानों को 100 मीटर दूरी बनायें रखना सुनिश्चित करें। वहीं औषधि निरीक्षक को दवा दुकानों का निरीक्षण करने का निर्देश दिये। वहीं डीईओ को निर्देशित किया गया कि जिला अंतर्गत संचालित सभी स्कूलों एवं कॉलेजों में तंबाकू एवं बीड़ी सेवन के कुप्रभाव के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु आवश्यक कार्रवाई करे। बैठक में एसपी अनुदीप सिंह, एसडीओ रिया सिंह, एसी पूनम कुजुर, प्रभारी सामान्य शाखा पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर समेत अन्य मौजूद थे।

**खनन टास्क फोर्स की बैठक, दिये कई निर्देश**

जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा पूर्व के बैठक में दिये गये निर्णय का अनुपालन के संबंध में समीक्षा की गयी। बैठक में उपायुक्त द्वारा पत्थर एवं बालू खनिज के अवैध/परिवहन/भंडारण की रोकथाम, वन क्षेत्र अंतर्गत पत्थर, माईका एवं ब्लू स्टोन खनिज के अवैध खनन/परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई और प्रदूषण नियमों के तहत जिला अंतर्गत संचालित खनन पट्टा, क्रशर की जांच से संबंधित समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने पत्थर एवं बालू खनिज के अवैध परिवहन, भंडारण की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। विन कुजूर समेत अन्य मौजूद थे।

**सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, दिये जरूरी दिशा-निर्देश**

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपायुक्त द्वारा पूर्व के बैठक में दिये गये निर्णय का अनुपालन के संबंध में समीक्षा की गयी। बैठक में डीटीओ विजय कुमार सोनी द्वारा सड़क दुर्घटना के संबंध में जानकारी दिया गया, साथ ही जिले में ब्लैक स्पॉट के बारे में बताया गया। सड़क दुर्घटना में मृत्यु हुए लोगों को मुआवजा उपलब्ध कराने से संबंधित जानकारी दिया गया। वहीं उपायुक्त ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के निमित्त सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना जरूरी है। सड़क सुरक्षा अभियान विद्यालयों, महाविद्यालयों सभी थाना एवं सार्वजनिक स्थलों में जागरूकता अभियान चलाने, सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाने, बिना हेलमेट पहने दुपाहिया वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिये। वहीं घाटी में सड़क सुरक्षा से संबंधित साइनेज लगाने का निर्देश दिये। बैठक में एसपी अनुदीप सिंह, एसडीओ रिया सिंह, एसी पूनम कुजुर, प्रभारी सामान्य शाखा पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर समेत अन्य मौजूद थे।

### बाल श्रमिक नियोजित करने वाले नहीं बख्शे जायेंगे

कोडरमा। उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में बाल श्रमिक उन्मूलन को लेकर जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की गयी। वहीं उन्होंने कहा कि होटल, गैरेज, दुकान एवं प्रतिष्ठान का औचक निरीक्षण कर कार्यरत बाल श्रमिकों को मुक्त कराते हुए उन्हें पुनर्वासित किया जायेगा। बाल श्रम से विमुक्त होने वाले बच्चे-बच्चियों का पुनर्वास अत्यन्त आवश्यक है, ताकि वह पुनः इस दलदल में न फंस जायें। सर्वप्रथम विमुक्त बच्चों का नामांकन आवासीय विद्यालय में किया जाना है, साथ ही उनके परिवार को आवास, पेंशन एवं मनरेगा आदि सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाना है।

## लंबित निर्माण व मरम्मती कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करायें : उपायुक्त

- उपायुक्त ने की सभी कार्यपालक अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**


**चतरा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त श्रीमती कीर्ति श्री ने विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंताओं के साथ गुरुवार को समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से उपायुक्त ने विभागों द्वारा संचालित कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। इनमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास कार्य विभाग, भवन प्रमंडल, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, विद्युत प्रमंडल समेत अन्य विभागों द्वारा संचालित कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता द्वारा एक-एक कर अपने विभाग से संबंधित संचालित कार्यों की अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत की गई। उपायुक्त ने निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। पुल, पुलिया, सड़क, भवन निर्माण व मरम्मती कार्य की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चतरा के कार्यपालक अभियंता को प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप आंगनवाड़ी केंद्रों और विद्यालयों में शत प्रतिशत पेयजलापूर्ति, शौचालय से संबंधित कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल जल योजना की भी समीक्षा की गई एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्य रूप से राज्य स्तर से पारित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा वैसी विकास योजनाएं जिसके निर्माण कार्य में वनविभाग या अन्य के कारण कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है उस योजनाओं की सूची उपलब्ध कराएं। बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, जिला अभियंता, संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता, कार्यपालक पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का उपायुक्त ने किया निरीक्षण, सीसीटीवी समेत सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



चतरा। उपायुक्त कीर्ति श्री ने गुरुवार को निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर वेयर हाउस में सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य का जायजा लिया। उपायुक्त ने सीसीटीवी समेत अन्य सुरक्षा मानकों की जांच की। जांच में सीसीटीवी समेत अन्य क्रियान्वित पाए गए। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी एवं कार्यालय कर्मी मौजूद थे।

### भारती उच्च विद्यालय का मैट्रिक परीक्षा में शत प्रतिशत रहा परिणाम




KARINA KUMARI

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत भारती उच्च विद्यालय नावाडीह न.1 का झारखंड एकेडमिक काउंसिल रांची द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम के साथ शानदार प्रदर्शन रहा। वहीं 198 विद्यार्थियों में 81 विद्यार्थियों ने 90-93 प्रतिशत तथा 111 विद्यार्थियों ने 60-79 प्रतिशत अंक लाकर उत्तीर्ण हुए। वहीं विद्यालय के 12 बच्चों ने 87-93 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया। जिसमें काजल कुमारी ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉपर के साथ जिला में भी जगह प्राप्त किया। वहीं प्रियंका कुमारी 92, करीना 91, यशोदा कुमारी 90, शिवानी कुमारी 89, चंदन कुमार यादव 89, लक्ष्मी कुमारी 89, गायत्री कुमारी 88, अभिषेक कुमार 88, मालती कुमारी ने 88 तथा खुशबू यादव ने 87 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय के साथ जिला का नाम रोशन किया। वहीं परीक्षा परिणाम को देखकर बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों में खुशी की लहर है। मौके पर प्राचार्य महावीर प्रसाद वर्मा ने कहा कि यह शिक्षकों एवं बच्चों के मेहनत का परिणाम है।

### परियोजना बालिका उच्च विद्यालय का वार्षिक माध्यमिक परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत परियोजना बालिका उच्च विद्यालय का वार्षिक माध्यमिक परीक्षा परिणाम प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शत प्रतिशत रहा। जहां विद्यालय की प्रिया रानी 480 अंक प्राप्त कर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त की। वहीं विद्यालय की छात्रा निशा कुमारी 472 अंक लाकर जिले में 9वां स्थान हासिल की। वहीं प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाली विद्यार्थियों की संख्या 129, द्वितीय श्रेणी प्राप्त करने वाली विद्यार्थियों की संख्या 109 तथा तृतीय स्थान हासिल करने वाली विद्यार्थियों की संख्या 6 रही। जबकी 1 छात्रा परीक्षा में शामिल नहीं हुई। वहीं प्रधानाध्यापक ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन को विद्यालय के सभी शिक्षकों की मेहनत, विद्यार्थियों की कठिन परिश्रम तथा अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल बताया। वहीं उन्होंने कहा कि हमारे शिक्षकों ने विद्यालय में कम संसाधनों का समुचित उपयोग करते हुए बेहतर शिक्षा देने का प्रयास किया है, आने वाले समय में इससे बेहतर परिणाम हो सके, इसके लिए विद्यालय परिवार प्रयासरत रहेंगा।

### ग्रिजली कॉलेज में हाउस वाइज पीपीटी प्रतियोगिता का आयोजन



कोडरमा। ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवता आश्वाशन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में हाउस वाइज पीपीटी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय सहायक प्राध्यापक अनिल दास द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत कर किया गया, तत्पश्चात महाविद्यालय के चारों सदन रूसो सदन, विवेकानंद सदन, अरस्तू सदन एवं राधाकृष्णन सदन के प्रतिभागियों द्वारा शिक्षा मनोविज्ञान विषय के विभिन्न प्रकरण प्रयास एवं त्रुटि के सिद्धांत, शास्त्रीय अनुबंधन के सिद्धांत, क्रिया प्रसूत अनुकूलन के सिद्धांत एवं अंतर्दृष्टि के सिद्धांत पर विस्तृत जानकारी साझा करते हुए अपनी रचनात्मक, कलात्मक एवं कौशल का प्रयोग कर अनूठा पीपीटी प्रस्तुतीकरण दिया। वहीं प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर रूसो सदन ने प्रथम, विवेकानंद सदन ने द्वितीय एवं अरस्तू सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने सदन का हौसला बुलंद किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सदन को महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ.संजीता कुमारी द्वारा नकद राशि प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। वहीं प्राचार्या डॉ.मृदुला भगत ने कहा कि पीपीटी प्रतियोगिता से प्रशिक्षुओं में विविध कौशलों का निर्माण एवं विकास होता है एवं बच्चे प्रत्यक्ष रूप से प्रौद्योगिकी क्षेत्र के संपर्क में आते हैं जो उन्हें उत्कृष्ट बनाता है। उक्त प्रतियोगिता में महाविद्यालय के बीएड.सत्र 24-26 के सभी प्रशिक्षु रोहित कुमार रौशन, ओशो अंशुमन, रवि प्रसाद, अन्ना श्री, अमित कुमार, मिथुन कुमार यादव, बिपिन सचदेव, अनमोल कुमार, सृष्टि कुमारी, सुलेखा कुमारी, कुणाल कुमार, संदीप कुमार, दीपक कुमार, रवीना कुमारी, प्रिया रॉय, नंदनी कुमारी, सतीश कुमार, सिमरन कौर, बलराम कुमार यादव, डॉ.रविकांत तिवारी, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, डॉ. पवन कुमार, स्वर्ण सिंह, डॉ. पूजा कुमारी, मनीष कुमार सिन्हा, मनीष कुमार सिंह, खुशबू कुमारी सिन्हा, संजीत कुमार, चुन्नु कुमार समेत सभी शिक्षकेतर कर्मचारी मौजूद थे।

# एटीएम मशीन के समीप लिखा था गार्ड का नंबर, कॉल करते ही खाली हो गया अकाउंट

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** बैंक खाते से रुपये की निकासी के लिए एटीएम कार्ड आज के समय में निकासी के आसान विकल्प में से एक है। हालांकि यदि एटीएम कार्ड का इस्तेमाल करते समय थोड़ी सी भी चूक हुई तो आपके बैंक अकाउंट में जमा पूरी राशि एक झटके में खाली हो सकती है। कुछ ऐसा ही मामला कोडरमा में एक व्यक्ति के साथ घटी है। साइबर अपराधियों ने बड़े ही शातिर तरीके से बैंक अकाउंट को खाली कर दिया है। वहीं चौपारण थाना क्षेत्र के भटबीघा निवासी बहादुर पासवान ने बताया कि बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे वह तिलैया थाना क्षेत्र के रांची-पटना मुख्य मार्ग के बीएसएनएल टेलीफोन एक्सचेंज ऑफिस के समीप स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम में 2 हजार रुपयों की निकासी करने पहुंचे थे। इसी दौरान उनका एटीएम कार्ड उक्त मशीन में ही फंस गया। काफी प्रयास करने के बाद भी जब एटीएम कार्ड मशीन से बाहर नहीं निकला तो एटीएम मशीन के समीप लिखे एक मोबाइल नम्बर जिसके बगल में हेल्प नम्बर लिखा हुआ था, उसपर उन्होंने सहायता के लिए संपर्क किया। इस दौरान कॉल लगने के पश्चात उस नम्बर पर बात कर रहे व्यक्ति ने उन्हें ट्रांजेक्शन में तीन स्टेप पीछे आने को कहा। जिसके पश्चात दोबारा से एटीएम पिन डालने की बात कही गई। जब फिर भी पैसा नहीं निकला तो मैंने इसकी शिकायत उक्त नम्बर पर की। जिसके पश्चात उक्त व्यक्ति ने मुझे बैंक ऑफ इंडिया शाखा के पास बुलाया और कहा कि वहां मेरा एटीएम मैनेजर आपसे मिलकर आपकी समस्याओं को दूर कर देगा। मैं वहां पहुंचा तो वहां पर कोई भी नहीं था। जब तक मैं कुछ समझ पाता मेरे खाते से तीन अलग-अलग ट्रांसेक्शन में 10-10 हजार रुपए के माध्यम से 30 हजार रुपए की निकासी हो गई। जिसके पश्चात मैंने तुरंत अपने बैंक जाकर उक्त एटीएम को बंद करवाया। उन्होंने बताया कि उक्त बैंक खाते का एटीएम उनकी पत्नी के नाम से पंजीत था। इधर पीड़ित ने अपनी पत्नी के द्वारा मामले को लेकर थाने में आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई है। तिलैया पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत के बाद परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर घंटों सड़क जाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित पुरनाडीह चौक पर उस समय जाम लग गया, जब एक महिला का शव एम्बुलेंस में आ गया। घटना बुधवार रात 8 बजे की है। बता दें कि कानीकेंद जंगल में एक हाइवा ने सब्जी लोड टेम्पू में टक्कर मार दी थी, जिसमें सवार 5 लोगों में से एक महिला की मौत सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई थी व चार लोग घायल हैं। वहीं पीड़ित परिवार के अनुसार घटना स्थल से एम्बुलेंस की मदद से सभी को सदर अस्पताल ले जाया गया था, एम्बुलेंस से ले जाने के पहले घटना स्थल पर नवलशाही पुलिस पहुंची थी, जहां दुर्घटनाग्रस्त परिजनों द्वारा पुलिस से जल्द से जल्द एम्बुलेंस मंगवा कर सभी को अस्पताल भेजने की मांग कर रहे थे। उसी दौरान नवलशाही थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार द्वारा परिजनों के साथ बदसुलकी कर एक कार्तिक मेहता नामक व्यक्ति को अपने गाड़ी में बैठा कर थाना ले गये। जिससे लोगों ने आक्रोशित होकर पुरनाडीह चौक पर शव को रखकर कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और नवलशाही पुलिस के विरोध में नारेबाजी करने लगे, साथ ही पुलिस-पब्लिक के बीच में नोंक-झोंक भी हो गयी। वहीं परिजनों की मांग थी कि नवलशाही थाना प्रभारी बदसुलकी ने किया है, माफी मांगे और पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलायें, स्थिति इतनी भयावह हो गयी थी कि जाम स्थल पर पुलिस वैन को भी लोगों ने घेर लिया। जो भी पुलिसकर्मी जाम हटाने को लेकर ग्रामीण को समझाने का प्रयास करते थे, उसी के साथ ग्रामीण बदसलूकी करने लगते थे। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद 11 बजे रात जाम स्थल पर डोमचांच सीओ रविंद्र पाण्डेय पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। वहीं मृतका की बहन एक करोड़ रुपया और परिवार का भरण पोषण की जिम्मेवारी लेने को मांग कर रही थी। जिसके बाद नवलशाही थाना प्रभारी और सीओ द्वारा परिजनों को काफी मुश्किल से वार्ता होने के बाद सरकारी मुआवजा, वाहन के इंश्योरेंस से राशि और वाहन मालिक और वाहन चालक पर कड़ी कर्रवाई के आश्वासन के बाद लगभग 1:30 बजे रात जाम हटाया गया। इस दौरान वाहनों की दोनों तरफ लम्बी कतार लग गई। मौके पर ढाब थाना प्रभारी रविप्रकाश पंडित, मरकच्चो थाना प्रभारी नंदकिशोर तिवारी, डोमचांच थाना के एसआई सुबोध पाठक समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे। इधर नवलशाही थाना प्रभारी का कहना है कि कानीकेंद घटना स्थल पर व पुरनाडीह चौक पर पुलिस-पब्लिक के बीच किसी तरह की कोई नोंक-झोंक नहीं हुई है, ना कोई वाहन का घेराव हुआ है।

### पन्द्रह शराब भट्टी व उपकरण को किया विनष्ट


**सतगावां (कोडरमा)।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश के आलोक में अवैध महुआ शराब के विरुद्ध गुरुवार को थाना प्रभारी सौरभ कुमार के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत के कोठियार के जंगलों में अभियान चला कर 10 क्विंटल जावा महुआ एवं शराब बनाने का उपकरण के आलावे 15 भट्ठी को विनष्ट किया गया। इस संबंध में थाने में अग्रतर कारवाई की जा रही है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी सौरभ कुमार, एसआई वृजनन्दन प्रसाद, एएसआई. रंजीत कुमार, दाऊद पावरिया के आलावे सशस्त्र बल शामिल थे।

### कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि ने एसपी को पौधा देकर किया सम्मानित

**कोडरमा।** जिले के झुमरीतिलैया शहर में अपराध पर लगाम लगाने के उद्देश्य से कोडरमा पुलिस के पहल पर तीन दर्जन से अधिक कैमरा लगाए जाने को लेकर गुरुवार को झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि नवनीत ओझा (बंटी) ने एसपी अनुदीप सिंह को पौधा देकर सम्मानित करते हुए कहा कि वाकई यह पुलिस कप्तान द्वारा अपराध पर लगाम को लेकर एक सराहनीय पहल है।

## खबर एक नजर में

### सर्व ब्राह्मण समाज ने प्रखंड प्रशासन को सड़क सुरक्षा अभियान चलाने का सौंपा आग्रह-पत्र




**टंडवा (चतरा)।** सर्व ब्राह्मण समाज ने थाना क्षेत्र के उड़सु में 31 मई को सुबह 10 बजे से सड़क सुरक्षा अभियान चलाने का आग्रह-पत्र प्रखंड प्रशासन को सौंपा है। जानकारी देते हुए प्रखंड अध्यक्ष उपेन्द्र पांडेय ने बताया कि उनके नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने बीडीओ देवलाल उरांव, सीओ विजय दास व थाना प्रभारी उमेश राम से मिलकर आग्रह पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूकता बढ़ाना है ताकि सड़क दुघर्टनाओं में जानमाल की क्षति कम से कम हो। विदित हो कि पिछले एक दशक के अंतराल में यहां सैंकड़ों विभत्स मौत का मंजर लोगों ने अपनी आंखों से देखा है। माना जाता है कि सड़क दुर्घटना में शिकार होने वाले अधिकांशतः लोग ओवर स्पीड, ओवरटेक, नशा का सेवन कर परिचालन एवं दोपहिया वाहनों में हेलमेट नहीं पहने जाने के शिकार हुए हैं। परिवहन विभाग की जांच व जागरुकता अभियान अबतक पर्याप्त असर नहीं दिखा सका है। जागरूकता और आमजनों की सुरक्षा के लिये प्रशासन के सहयोग से ऐसे अभियानों का हिस्सा अगर व्यापकता हासिल कर ले तो माना जा रहा है कि बड़ा बदलाव साबित होगा। बहरहाल, श्री पांडेय द्वारा प्रखंड क्षेत्र के तमाम बुद्धिजीवियों, विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं व आमजनों से इस अभियान का हिस्सा बनने की अपील की गई है।

### कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की कृति कुमारी ने 87.4% लाकर किया विद्यालय का नाम रोशन



**चतरा (सिमरिया)।** प्रखण्ड के गोवा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की कृति कुमारी ने 87 .4 प्रतिशत लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। वहीं दूसरे स्थान पर लक्ष्मी कुमारी 79 .6 प्रतिशत और तीसरे स्थान पर रूपा कुमारी ने 79 .0 प्रतिशत लाया है। पूरे विद्यालय की बात करें तो 48 बच्चियों ने प्रथम और 18 बच्चियों ने द्वितीय स्थान लाया है। जिसमें कुल 66 बच्चियों ने प्रथम और द्वितीय स्थान लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस तरह बेहतर रिजल्ट को लेकर वार्डेन अनिता कुमारी ने बताया है कि हमारे विद्यालय में बेहतर खाना से लेकर बेहतर शिक्षा दी जा रही है। जिसका नतीजा है कि इस विद्यालय के बच्चे अच्छे मार्क्स लाकर विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। सभी बच्चियों को बेहतर रिजल्ट लाने को लेकर विद्यालय की शिक्षिका एवं शिक्षकों ने बधाई दी है और कामना की है कि हमारे यहां की बच्चियां अच्छी शिक्षा पाकर आगे अपना भविष्य के प्रति जागरूक होते हुए अच्छे मुकाम हासिल करें।

### मजदूर की बेटी ने किया हंटरगंज प्रखंड टॉप



**हंटरगंज/चतरा।** हंटरगंज प्रखण्ड के मजदूर की बेटी निक्की कुमारी ने झारखंड एकेडमिक काउंसिल से मैट्रिक की परीक्षा में प्रखण्ड टॉप किया है वहीं जिला में टॉप टेन में अपनी जगह बनाई है। प्रखण्ड के काशीकेवाल निवासी मजदूर पंडित यादव एवं माता सुनीता देवी की पुत्री निक्की ने 500 में 469 अंक प्राप्त किया है। बताते चलें कि निक्की के पिता रांची में मजदूरी करते हैं। इसी से वे अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। आठवीं तक की पढ़ाई उसने उत्क्रमित मध्य विद्यालय काशीकेवाल से तथा उसके बाद प्रोजेक्ट गर्ल हाई स्कूल हंटरगंज से परीक्षा पूरी की है। निक्की ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षक रोहित कुमार यादव और अपने माता-पिता को दिया। मां सरस्वती कोचिंग संस्थान शिक्षक रोहित एवं माता-पिता ने उसे मिठाई खिलाकर बधाई दी है। निक्की बताती है कि वह रोजाना 8 घंटे पढ़ाई करती थी।


### शादी की खुशियां मातम में बदली : हर्ष फायरिंग में युवक की मौत, एक पिस्तौल व दो कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार

**चतरा।** जिले के प्रतापुर थाना क्षेत्र के बहरवा गांव में एक शादी समारोह की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं। जब हर्ष फायरिंग के दौरान एक युवक की गोली लगने से मौत हो गई। पुलिस कप्तान का असर दिखा घटना के 8 घंटे में पुलिस ने एक पिस्तौल. दो कारतूस के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों में बिहार निवासी विक्रम पासवान और सुमित कुमार के नाम शामिल हैं। गया जिले के इमामगंज थाना क्षेत्र से एक बारात आई थी। बारातियों द्वारा नाचने के दौरान की गई हर्ष फायरिंग ने एक परिवार की खुशियों को छीन लिया, जब एक गोली युवक की गर्दन में जा लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना ने न केवल परिवार को सदमे में डाल दिया, बल्कि पूरे गांव में सन्नाटा पसार गया। जानकारी के अनुसार, शादी समारोह में बारातियों का उत्साह चरम पर था। नाच-गाने और उत्सव के माहौल के बीच कुछ लोगों ने हर्ष फायरिंग शुरू कर दी। इसी दौरान एक गोली अनियंत्रित रूप से एक युवक को जा लगी। गोली लगते ही वह जमीन पर गिर पड़ा और कुछ ही पलों में उसकी सांसें थम गईं। घटना के बाद बारात में मौजूद लोग स्तब्ध रह गए, और परिवार में चीख-पुकार मच गई। शादी का उत्सव तुरंत शोक में बदल गया। सूचना मिलते ही प्रतापपुर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, चतरा भेज दिया। थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया कि इस मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि फायरिंग किसने और किन परिस्थितियों में की। साथ ही, यह भी जांच की जा रही है कि हथियार लाइसेंसी था या अवैध। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि ऐसी गतिविधियों से बचें और सुरक्षा को प्राथमिकता दें।

### बेकाबू कार ने टोटो में मारी टक्कर, चार लोग घायल

**हंटरगंज/चतरा।** हंटरगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जिसमें बेकाबू एक कार ने खड़े टोटो में पीछे से जोरदार टक्कर मारी। इस घटना में टोटो में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना हंटरगंज थाना क्षेत्र के चतरा-डोभी मुख्य पथ एनएच 22 नवाडीह मदर प्राइड स्कूल के समीप हुई जब डोभी की ओर से तेज रफ्तार से आ रही कार अचानक बेकाबू हो गयी और टोटो से टकरा गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टोटो की पहिया टूट गई और वहीं टोटो पर सवार लोग गिरकर घायल हो गए। इधर बेकाबू कार सड़क के दायीं ओर एक मकान में लगा ग्रिल दरवाजा को तोड़ते हुए रुक गई। इधर स्थानीय ग्रामीणों ने आनन-फानन में घायल लोगों को हंटरगंज सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर चारों घायलों को बेहतर ईलाज हेतु गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया है। घायलों की पहचान हंटरगंज थाना क्षेत्र के बिहिया सरहचिया निवासी टोटो चालक सुनील यादव (30), उमेश मिस्त्री की पत्नी बचिया देवी (60) नीरा यादव की पत्नी अनिता देवी, नीरा यादव का पुत्र अंचल कुमार (10) है। वृद्ध बचिया देवी की हालत गंभीर है। हंटरगंज थाना पुलिस ने तीन कार सवार को हिरासत में ले लिया और कार को थाने में लाकर जांच शुरू कर दी है।

### जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर ने नये उपायुक्त को दी बधाई



**कोडरमा।** जिले के नए उपायुक्त ऋतुराज के प्रभार ग्रहण करने के पश्चात जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर अश्विनी तिवारी, सुदीप सहाय, मनोज चौरसिया, उमेश सिन्हा एवं राजेश्वर पांडेय ने उनके कार्यालय में मिलकर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। वहीं उपायुक्त ने टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि हमलोग पहले भी एक टीम में रहकर कार्य कर चुके हैं, आगे भी हमें और भी उत्साह के साथ कार्य करना है। वहीं उन्होंने कहा कि शिक्षकों की जो भी समस्याएं हैं, उनका समाधान सभी संघों के साथ मिल बैठकर कर किया जाएगा। उन्होंने सभी लोगों को नियमानुसार समयबद्ध तरीके से कार्य करने के लिए आह्वान किया, ताकि जिला को हर क्षेत्र में अव्वल बनाया जा सके।

# कोडरमा के ग्रामीण क्षेत्रों में भूत-प्रेत के अंधविश्वास में लोग एक-दूसरे की जान के दुश्मन बन रहे हैं

- दो भगतों की तंत्र-मंत्र से की गई भविष्यवाणी से एक परिवार को अपने गांव-घर में रहना मुश्किल हो गया है

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** इक्कीसवीं सदी के वैज्ञानिक युग में दुनिया अंतरिक्ष में जीवन की खोज में जुटी है, वहीं कोडरमा के ग्रामीण क्षेत्रों में लोग भूत-प्रेत के अंधविश्वास में एक-दूसरे की जान के प्यासे हो रहे हैं। वहीं कोडरमा थाना क्षेत्र के चांदेडीह में एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जहां दो भगतों की तंत्र-मंत्र से की गई भविष्यवाणी से यहां एक परिवार को अपने गांव-घर में रहना मुश्किल हो गया है। मामला एक चार वर्षीय बच्चे की गड्ढे में गिरकर मौत से जुड़ा है। भगतों के अनुसार इंद्रदेव साव की ग्यारह वर्ष पहले मर चुकी मां की आत्मा मृत बच्चे की मां के शरीर में प्रवेश कर गई और बच्चे को धक्का देकर गड्ढे में गिरा दिया। जिससे बच्चे की मौत हो गई।

दरअसल बच्चे के गड्ढे में गिरने की घटना 18 मई की है। इसे दुर्घटना समझकर बच्चे के घरवालों ने शव को दफना दिया। वहीं तीन दिन बाद गांव के कुछ लोग मौत को हत्या बताकर हवा देना शुरू कर दिया। वहीं मामले को लेकर पहले पंचायती हुई, फिर शुरू हुआ तंत्र मंत्र से इसका रहस्य जानने का सिलसिला। इस कड़ी में भुक्तभोगी इंद्रदेव साव से ही खर्च लेकर लोग भगतों के यहां गए। दोनों भगतों ने बताया कि बच्चे की हत्या इंद्रदेव साव की मां की मृतात्मा ने की है। इसके बाद से इंद्रदेव साव और उसके परिवार को धमकी मिलनी शुरू हो गयी। आलम यह है कि पिछले 20 तारीख से इंद्रदेव साव अपने दोनों बच्चों को कहीं छुपा दिया है और अपनी पत्नी के साथ कहीं-कहीं शरण लेकर छुपा हुआ है, गांव जाने की उसकी हिम्मत तक नहीं हो रही है। फिलहाले उसने पुलिस से कार्रवाई की मांग करते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है।

इधर जिस चार वर्षीय बच्चे की मौत हुई थी, उसके चाचा पवन यादव का कहना है कि पूरा मामला जमीन विवाद से जुड़ा है और इसी विवाद में उनके भतीजे को इंद्रदेव साव के द्वारा साजिश कर मार डाला गया है। तंत्र-मंत्र और भूत-प्रेत की बात से यह परिवार तो इंकार कर रहा है, लेकिन गांव में हुए पंचायती और पंचायत में इंद्रदेव साव पर आरोप तो भूत प्रेत का ही लगाया गया। बहरहाल पूरा मामला अब पुलिस के संज्ञान में है। इसे लेकर एसपी अनुदीप सिंह ने कोडरमा थाना प्रभारी को इस मामले में संलिप्त सभी लोगों को गिरफ्तार करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया है एवं कहा है कि इस मामले को लेकर जादू टोना और तंत्र-मंत्र करने वाले भगतों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

स्पीड न्यूज



## टाटा स्टील इंटर जेडीसी कैरम पुरुष एवं महिला टूर्नामेंट 2025 संपन्न

**जमशेदपुर।** कौशल, रणनीति और खेल भावना का जश्न इंटर जेडीसी कैरम पुरुष एवं महिला टूर्नामेंट 2025 का समापन आज जेएफसी मीडिया रूम, जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुआ। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की उत्साही भागीदारी देखने को मिली, जहां प्रतिभागियों ने अपनी कैरम कौशल का प्रदर्शन किया और शीर्ष स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा की।

**पुरुष वर्ग के विजेता :** ब्लास्ट फर्नेस : चैंपियंस, एच.एस.एम : उपविजेता, स्पेयर्स मैन्युफैक्चरिंग : द्वितीय उपविजेता, **महिला वर्ग की विजेता टीमें :** सिक्योरिटी : चैंपियंस, एल.डी.3 : उपविजेता, सप्लाई चेन : द्वितीय उपविजेता, पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि टाटा स्टील के चीफ स्पोर्ट्स मुकुल विनायक चौधरी रहे। इस अवसर पर विभूति अडेसरा, हेड स्पोर्ट्स, टाटा स्टील तथा टाटा वर्कर्स यूनियन के उपाध्यक्ष एवं स्पोर्ट्स एडवाइजरी कमेटी के चेयरमैन संजय सिंह उपस्थित थे।

## नये एसएसपी ने किया सीसीआर का निरीक्षण



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के नव पदस्थापित वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक नगर कुमार शिवाशीष के साथ साकची स्थित कंपोजिट कंट्रोल रूम, डायल 100, डायल 112 का निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श करते हुए पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## गुरमीत सिंह ने यूनियन के नये अध्यक्ष शशि का किया जोरदार स्वागत

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के पूर्व अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने आज यूनियन के नये अध्यक्ष शशिभूषण प्रसाद का अभिनंदन किया। कहा कि मैं यूनियन के तमाम कमेटी मेंबर, पदाधिकारियों समेत मजदूर भाईयों का स्नेह और प्यार पाकर बहुत खुश हूं। विदाई के दौरान प्रबंधन, यूनियन और मजदूरों ने जो स्नेह और प्यार दिया उसे शब्दों में बयां नहीं कर सकता हूं। मेरी ओर से नये अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद, आरके सिंह समेत तमाम लोगों को ढेरों शुभकामनाएं।

## राधेश्याम अग्रवाल की 10वीं पुण्य तिथि पर हुई राहगीरों की सेवा



**जमशेदपुर।** कुम्हारपाड़ा,बाराद्वारी में आज स्व. राधेश्याम अग्रवाल की 10 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर उनके पुत्र मुरारी लाल अग्रवाल व अन्य परिजनों ने राहगीरों के बीच छाछ, मशाला चना और जल जीता का वितरण किया। इसके पूर्व सेवा शिविर का उद्घाटन स्व. राधेश्याम अग्रवाल की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गयी। मौके पर उनकी पत्नी पिस्ता देवी, बेटे मुरारीलाल अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, सुमित, नवीन, मनीष, निखिल, नितेश और वेदांत के अलावा समाजसेवी ओमप्रकाश रिंगसिया, मुकेश मित्तल, पवन अग्रवाल, दीपक पारिक, बजरंग लाल, राम अवतार पटवारी, प्रदीप मित्तल, पवन, विजय शर्मा, अनिल प्रसाद, राजेश, अनिल सिंह, बहादुर सिंह, राजकिशोर मोदी आदि थे।

## नये एसएसपी से मिला चैंबर का प्रतिनिधिमंडल

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, के एक प्रतिनिधिमंडल ने निवर्तमान एसएसपी किशोर कौशल (भापुसे) से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने उनके कार्यकाल के दौरान शहर में कानून और व्यवस्था बनाये रखने में उनके योगदान की सराहना की।

# एकेडमी और इंडस्ट्री के बीच गैप को दूर करना वक्त की मांग : सी. लक्ष्मी

- एक्सेंचर की सीनियर एमडी सी. लक्ष्मी समेत देश के अग्रणी कॉर्पोरेट हस्तियों और शिक्षाविदों ने साझा किये अनुभव और विजन
- एक्सएलआरआई जमशेदपुर द्वारा बेंगलुरु में आयोजित कॉर्पोरेट कॉन्क्लेवः भविष्य के कार्य, कौशल और नेतृत्व पर हुआ गहन विमर्श

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





सी. लक्ष्मी का कंक्लेव में स्वागत करते एक्सएलआरआई के प्रो. कनकराज और कारपोरेट कंक्लेव में अपने विचार व्यक्त करते हुए विशेषज्ञ।

**जमशेदपुर।** देश के प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थान एक्सएलआरआई झ्र जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, जमशेदपुर द्वारा बेंगलुरु स्थित ताज एमजी रोड में आयोजित कॉर्पोरेट सम्मेलन रेंडेवस विद एक्सएलआरआई-2025 का आयोजन किया गया जिसमें उद्योग और शिक्षा जगत के दिग्गजों ने एक मंच पर आकर ह्लभविष्य के कार्य, कौशल और नेतृत्वह्व पर विचार साझा किया।

मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में एक्सेंचर की सीनियर मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीएचआरओ सी. लक्ष्मी उद्घाटन सत्र के दौरान उपस्थित थीं। उन्होंने उद्घाटन भाषण में कहा कि,आज जिस गति से तकनीकी नवाचार कार्यस्थल को परिवर्तित कर रहे हैं, उसमें कंपनियों और शैक्षणिक संस्थानों की जिम्मेदारी साझा हो गई है। स्किल डेवलपमेंट, लीडरशिप ट्रेनिंग और ह्यूमन वैल्यूज अब केवल एचआर का विषय नहीं, बल्कि रणनीतिक प्राथमिकता है। तकनीक के तीव्र विस्तार के बीच आज की आवश्यकता है कि हम प्रतिभा विकास के मॉडलों को फिर से परिभाषित करें। एक्सएलआरआई जैसे संस्थान इस बदलाव के अग्रदूत हैं। ऐसे संस्थान न केवल भविष्य के लीडर्स तैयार करते हैं, बल्कि उन्हें मूल्य और समाज की जिम्मेदारी से जोड़ते हैं।

कंक्लेव के उद्घाटन के पश्चात पैनल चर्चा हुई जिसका विषय था :भारतीय परिप्रेक्ष्य में भविष्य का कार्य, कौशल और प्रतिभा। चर्चा में शामिल विशेषज्ञ थेः प्रीथा राधाकृष्णन (पार्टनर, डेलॉइट), प्रतीक रॉय चौधरी (वरिष्ठ एचआर लीडर), अजय कुमार (संस्थापक, थाउसेंट्रिक) व रंजीता घोष (ग्लोबल सीएमओ, विप्रो)।

चर्चा के दौरान जेन जेड की कार्यशैली, डिजिटल स्किल्स, और वर्चुअल-हाइब्रिड नेतृत्व की नई चुनौतियों पर रोशनी डाली गई। उन्होंने युवा पीढ़ी की कार्यशैली, स्किल्स में बदलाव, और लीडरशिप की नई परिभाषा पर विचार साझा किए।

कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे प्रोफेसर कनकराज ए. ने एक्सएलआरआई के प्रमुख पाठ्यक्रमों पीजीडीएम ( बीएम), पीजीडीएम (एचआरएम) जीएमपी, एफपीएम, इएफपीएम आदि की जानकारी दी और इंडस्ट्री सहयोग की विभिन्न पहल जैसे एक्सप्लोर सीएक्सओ प्लेटफॉर्म, कॉर्पोरेट लेक्चर सीरीज, एडवाइजरी काउंसिल आदि पर प्रकाश डाला। इस दौरान कॉर्पोरेट रिलेशंस एवं प्लेसमेंट की वाइस प्रेसिडेंट एवं प्रमुख रजनी रंजन ने कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेदारी बखूबी निभाई और इसे सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

एक्सएलआरआई के प्रोफेसर गिरीधर रामचंद्रन और प्रोफेसर सुनील सारंगी की मौजूदगी ने कार्यक्रम को और समृद्ध किया। कार्यक्रम का समापन में 60 से अधिक कंपनियों के 100 से ज्यादा वरिष्ठ प्रतिनिधियों और एक्सएलआरआई के पूर्व छात्रों ने भाग लिया।

यह आयोजन एक्सएलआरआई के उद्योग-शिक्षा साझेदारी की प्रतिबद्धता, नेतृत्व निर्माण की सोच और उत्कृष्टता आधारित शिक्षा की स्पष्ट मिसाल पेश करता है।

# बिल्डर से रंगदारी मांगने के मामले में पार्षद करण सिंह समेत दो गिरफ्तार

- विधायक सरयू राय विरोध करते रह गये और करण को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**







पार्षद करण सिंह को जेल भेजती पुलिस, करण सिंह और हरप्रीत सिंह की फाइल फोटो और पार्षद की गिरफ्तारी का विरोध करने पहुंचे जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा व पार्षद।

**जमशेदपुर।** कदमा के एक बिल्डर से उसके साइट पर रंगदारी मांगने और नहीं देने पर मारपीट करने के आरोपी पार्षद सह भाजपा नेता क रण सिंह और उसके सहयोगी सह भाजपा नेता हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी को जमशेदपुर पुलिस ने आज जेल भेज दिया। यद्यपि तेज तर्रार विधायक सरयू राय ने करण सिंह को बचाने के लिए जोरदार पैरवी की किन्तु बकौल ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग बिल्डर के द्वारा दर्ज करायी गयी शिकायत पर जांच करने पर रंगदारी मांगने के आरोप को सही पाया गया और नामजद अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया।

यह मामला घाटशिला के दाहीगोड़ा हनुमान मंदिर के पास का है। घाटशिला थाने में रंगदारी का मामला दर्ज कराया गया था। इसके बाद पुलिस ने जांच में मामले को सही पाया और जिला परिषद को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पीड़ित बिल्डर रौशन लाल गुप्ता कदमा विजया हैरिटेज 6 फेज के रहने वाले हैं। उन्होंने थाने में मामला दर्ज कराया था वे निर्माण कार्य करवा रहे थे। इस बीच जिला पार्षद की ओर से रंगदारी की मांग की गई। रकम नहीं देने पर 28 मई की सुबह 10.30 बजे मऊभंडार के दाहीगोड़ा हनुमान मंदिर के पास उनके साथ मारपीट की गई जिससे बिल्डर जख्मी हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने छापेमारी कर दाहीगोड़ा चौक का हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी और घाटशिला के जिला परिषद करण सिंह उर्फ टिंकू सिंह को गिरफ्तार कर लिया। घटना के दो अन्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से अब भी बाहर हैं।

घाटशिला के जिला परिषद सदस्य कर्ण सिंह को पुलिस ने बुधवार देर रात मऊभंडार से गिरफ्तार कर लिया। उनके साथ भाजपा नेता हरप्रीत सिंह को भी गिरफ्तार किया गया। गुरुवार को तमाम विरोध के बावजूद दोनों को जेल भेज दिया गया' रौशन लाल गुप्ता के लिखित शिकायत पर मऊभंडार टीओपी पुलिस ने जिला परिषद कर्ण सिंह , हरप्रीत सिंह पर रंगदारी, मारपीट, धमकी समेत विभिन्न धाराओं में गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में थाना में कांड संख्या 37/25 दिनांक 28/5/ 2025 धारा 308(5), 126(2), 115(2), 303(2), 352/351(2)/ 111(2) बी/3 (5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

करण सिंह की गिरफ्तारी की सूचना मिलने पर भाजपा ने तो कोई प्रतिक्रिया नहीं दी किन्तु इसकी जानकारी मिलते ही देर रात विधायक सरयू राय घाटशिला आकर पुलिस की एक तरफा कार्रवाई की निंदा की।

## जुस्को श्रमिक यूनियन का वोटर लिस्ट प्रकाशित, आज दर्ज करा सकेंगे आपत्ति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जुस्को श्रमिक यूनियन के चुनाव प्रक्रिया के तहत आज ड्राफ्ट वोटर लिस्ट के प्रकाशन हुआ जिसमें कुल 644 वोटर का लिस्ट है। ये सभी सदस्य चुनाव तिथि घोषणा तक पैरोल में यूनियन मेंबरशिप का है। चुनाव कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि 30 तारीख सुबह 10:00 से अपराह्न 3:00 तक दावा आपत्ति ड्राफ्ट वोटर लिस्ट के ऊपर आमंत्रित है। एवं शाम 6:00 फाइनल वोटर लिस्ट कमेटी मेंबर एवं ऑफिस बियर के लिए निकाला जायेगा।

| चुनाव क्षेत्र | वोटरों की संख्या |
|---|---|
| 1 - 66 | 8 - 24 |
| 2 - 28 | 9 - 42 |
| 3 - 28 | 10 - 47 |
| 4 - 91 | 11 - 44 |
| 5 - 35 | 12 - 38 |
| 6 - 135 | 13 - 43 |
| 7 - 23 | |

## करण सिंह को खुन्नस में, जबरिया अरेस्ट कर जेल भेजा गया: सरयू राय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



विधायक सरयू राय।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा है कि घाटशिला के जिला परिषद सदस्य करन सिंह को जबरन जेल भेजा गया है। यह लोकतंत्र की हत्या के समान है। यहां जारी एक बयान में सरयू राय ने कहा कि करन सिंह के खिलाफ मारपीट और रंगदारी मांगने की शिकायत दर्ज कराने वाले सज्जन गुरुवार की सुबह उनके पास आए और कहा कि करन उनके परिचित हैं। उनसे गलतफहमी हो गयी थी। वह शिकायत को वापस लेना चाहते हैं।

श्री राय के अनुसार, शिकायत वापस लेने के लिए जब शिकायतकर्ता घाटशिला थाना पहुंचे तो वहां के थानेदार ने एक सिपाही लगा कर शिकायतकर्ता को बाहर भिजवाकर मोबाइल बंद करवा दिया। अब शिकायतकर्ता के परिवार वाले श्री राय को दोपहर से ही फोन पर फोन किये जा रहे हैं और पूछ रहे हैं कि वो कहां हैं?

श्री राय ने कहा कि इस पूरे मामले में पुलिस का रवैया निहायत ही गैरजिम्मेदाराना है। इस मामले में उन्होंने एक बार से अधिक सीनियर एसपी और ग्रामीण एसपी से बात की, उन्हें सारी बातों से अवगत कराया कि शिकायतकर्ता अपनी शिकायत वापस लेने को तैयार है।

## यूसिल अस्पताल में दवा सप्लाई का टेंडर खत्म

- 15 दिनों से अस्पताल में नहीं मिल रही हैं सुगर समेत कई जीवन रक्षक दवाइयां
- दवाइयों के अभाव में कभी भी पूर्व कर्मियों की जा सकती है जान

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**



दवा खत्म होने के बाद यूसील हॉस्पिटल, जादूगोड़ा में व्याप्त सन्नाटा।

**जादूगोड़ा।** यूसिल अपनी पुरानी गौरव आहिस्ता-आहिस्ता खोता जा है। जिसका जीवंत उदाहरण यूसिल अस्पताल में बृहस्पतिवार को देखने को मिला। यहां बीते एक पखवाड़े से दवा आपूर्ति का टेंडर खत्म है। जिसकी वजह से अस्पताल आने वाले मरीजों शुगर व ब्लड समेत अन्य कई जीवन रक्षक दवाइयां नहीं मिल रही है व लोग बिना दवा के ही यूसिल अस्पताल से लौट रहे है। यह सिलसिला बीते एक महीने से चल रहा है। जिसकी सुधि लेने वाला न तो यूसिल के अध्यक्ष सह प्रबंध निर्देशक डॉक्टर संतोष सतपति व न ही कोई वरीय अधिकारी। इस बाबत अस्पताल प्रबंधन कहती है कि दवाइयां नहीं होने से प्रतिदिन 200 ओ पी ड़ी मे आने वाले मरीजों की संख्या काफी घटी है। इक्के-दुक्के लोग ही अस्पताल पहुंच रहे है।पूरा अस्पताल परिसर में दवा की कमी से सन्नाटा पसरा हुआ है। आलम यह है कि डॉक्टर तो है दवा नहीं होने से डॉक्टर बैठ कर कम्पनी का तनख्वाह ले रहे है।वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर कुछ दवाइयां कंपनी अपने स्तर मरीजों को दे रही है वह नकाफी है। फिलहाल ज्यादातर दवाइयों खरीद कर यूसिल कर्मियों को पड़ रहा है जबकि कंपनी के भूत पूर्व कर्मी को बिना दवा के ही लौट रहे हैं।

## मारवाड़ी समाज ने साकची बाजार शिव मंदिर के सामने 300 लोगों के बीच बांटा भोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** गुरुवार को मारवाड़ी समाज द्वारा समाजसेवी स्वर्गीय विनोद कुमार अग्रवाल के जन्मदिवस पर उनकी याद में साकची बाजार श्री शिवमंदिर के सामने आम लोगों के बीच प्रसाद (भोजन हलवा, पुलाव, पुड़ी, सब्जी, शीतल जल) का वितरण किया गया। इसका आयोजन स्वर्गीय विनोद अग्रवाल के पुत्र लालचंद एवं बबलू अग्रवाल द्वारा किया गया था। जिसमें तीन हजार से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसे सफल बनाने में समाज की महिलाएं क्रमशः निशा सिंघल, अनिता अग्रवाल, अनिता केडिया, राखी अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, केसर छावछरिया आदि का भी योगदान रहा।

# विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर निश्चय फाउंडेशन ने किया पीरियड एंड साइंस जनअभियान का शुभारंभ

- अभियान से पीरियड शिक्षा के साथ विज्ञान शिक्षा में ग्रामीण इलाके व सुविधावंचित समुदायों के बच्चों की भागीदारी बढ़ाने का प्रयास
- झारखंड-ओडिशा सीमा के समीप पांड्राशाली स्थित कल्पना चावला साइंस क्लब में पीरियड एंड साइंस विषय पर सेमिनार आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



पीरियड एंड साइंस जन अभियान लांच करते निश्चय फाउंडेशन के संस्थापक तरुण कुमार व समाजसेवी।

**चाईबासा / जमशेदपुर।** सुदूर ग्रामीण इलाके में निवास करने वाले बच्चे गुणवतापूर्ण शिक्षा के अभाव में विज्ञान की शिक्षा के प्रति रुचि जागृत नहीं कर पाते। वही समाज में व्याप्त रूढ़िवादी विचारधारा व अंधविश्वास को दूर भगाने के लिए देश के भविष्य बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकसित किया जाना भी जरूरी है। सामाजिक संस्था निश्चय फाउंडेशन ने शिक्षा, माहवारी स्वच्छता, किशोरी महिला स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, एक पैड, एक पेड़ अभियान, पीरियड पुस्तकालय, बालक बालिका समानता पर आधारित मिक्स जेंडर क्रिकेट इत्यादि कई अभियानों के माध्यम से पिछले 8 साल में कम से कम 1 लाख किशोरियों व महिलाओं को पीरियड के विज्ञान के प्रति जागरूक कर पीरियड से जुड़े शर्म झिझक, कई रूढ़िवादी धारणाओं व सामाजिक भ्रांतियों कुरीतियों से निजात दिलवाने का प्रयास किया है। अभियान के माध्यम से समाज में माहवारी व महिलाओं के प्रति व्याप्त कई रूढ़िवादी सोच के प्रति भी समुदाय में बेहतर समझ बनी है। विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर निश्चय फाउंडेशन ने अपने 8वें वर्षगांठ के मौके पर पीरियड एंड साइंस जनअभियान का शुभारंभ झारखंड ओडिशा सीमा के समीप पांड्राशाली गांव स्थित कल्पना चावला साइंस क्लब में पीरियड एंड साइंस कार्यशाला की। कार्यक्रम में मंझारी स्थित कल्पना चावला साइंस क्लब, पांड्राशाली के संस्थापक प्रधान बिरुवा, झारखंड के पैडमैन सामाजिक संस्था निश्चय फाउंडेशन के संस्थापक तरुण कुमार, ट्राइबल पैडमैन बैद्यनाथ हांसदा आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### सोना देवी विवि में एनएसएस योजना की इकाई प्रारंभ करने की भारत सरकार से मिली स्वीकृति



**जमशेदपुर।** सोना देवी विश्वविद्यालय घाटशिला पूर्वी सिंहभूम को युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशालय राष्ट्रीय सेवा योजना पटना/रांची द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस की एक ईकाई (जिसमें पचास छात्र तथा पचास छात्राएं) की स्वीकृति दिनांक 27 मई 2025 को प्राप्त हुई। राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र छात्राओं के व्यक्तित्व के सर्वांगिण विकास हेतु एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जिसमें छात्र छात्राएं ग्रामीण एवं स्थानीय समुदाय से जुड़कर विभिन्न प्रकार की समस्याओं एवं चुनौतियों से अवगत होते हैं और उन समस्याओं के समाधान हेतु गतिविधियों में संलग्न होते हैं। इसके मिलने से विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं में खुशी का माहौल है।

### चाईबासा : डीसी चंदन कुमार ने शिक्षा और खेल विभाग के कार्यों की समीक्षा की



**चाईबासा।** उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग और खेल विभाग की समीक्षात्मक बैठक की गयी। जिसमें अपर उपायुक्त, जिला गोपनीय प्रभारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला खेल पदाधिकारी सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शिक्षा विभाग के समीक्षा के क्रम में विद्यालयों की अद्यतन स्थिति, विद्यालयों का रखरखाव कमरों के गुणवत्ता, बच्चों के बैठने हेतु बेंच डैक्स की उपलब्धता, विद्यालयों में बच्चों के अनुरूप शिक्षकों की उपलब्धता सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा की गई। खेल विभाग की समीक्षा के क्रम में आवासीय प्रशिक्षण केन्द्रों का जानकारी प्राप्त किया गया विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण कोच की संख्या प्राप्त की गई, साथ ही जिले में मुख्य रूप से खेले जाने वाले खेलों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त करते हुए उचित दिशा निर्देश दिया गया।

### दिवंगत कार्यकर्ता को श्रद्धांजलि देने पहुंचीं सांसद



**गोइलकेरा।** गोइलकेरा निवासी झामुमो के युवा कार्यकर्ता 30 वर्षीय आयुब ओड़िया का आकस्मिक निधन हो गया। बुधवार की देर शाम सूचना मिलने पर गुरुवार की अहले सुबह करीब छह बजे सांसद जोबा माझी श्रद्धांजलि देने गोइलकेरा पहुंच गई। क्रिस्तान टोली स्थित आवास पहुंच सांसद ने आयुब ओड़िया के अंतिम दर्शन किये और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सांसद ने युवा कार्यकर्ता के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति बताया। सांसद ने परिजनों से मुलाकात की और ढांढस बंधाते हुए कहा दुश की घड़ी में पूरा पार्टी आपके साथ है। वहीं स्थानीय विधायक जगत माझी क्षेत्र से बाहर होने के कारण अंतिम दर्शन के लिए नहीं पहुंच सके। लेकिन उन्होंने आयुब के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा पार्टी ने एक ऊर्जावान कार्यकर्ता को खो दिया है।

### थाना प्रभारी की मौजूदगी में 10 खतियानी भूमि विवाद का हुआ समाधान



**जादूगोड़ा।** भूमि विवाद को लेकर हिंसक संघर्ष की संभावना की रोकथाम को लेकर उपायुक्त के निर्देश पर जादूगोड़ा थाना परिसर में थाना प्रभारी राजेश मंडल की मौजूदगी में भूमि विवाद समाधान शिविर लगा। इसमें इंचडा, बांधडीह, कुल्डीहा के खातियानी विवाद से जुड़े लोग पहुंचे थे। जिसका समाधान हुआ। मौके पर पोटका सीओ निकिता बाला, जादूगोड़ा थाना प्रभारी राजेश मंडल, कौशल शर्मा समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

### सामर्थ्य वेलफेयर ट्रस्ट ने रामजनम नगर में चलाया पोषण सामग्री वितरण अभियान



**जमशेदपुर।** सामर्थ्य वेलफेयर ट्रस्ट ने पोषण अभियान के अंतर्गत कदमा के रामजन्म नगर में 2 से 14 वर्ष तक के बच्चों के बीच पोषण सामग्री बांटी। अध्यक्ष पल्लवी दीप ने कहा कि हमारी टीम बच्चों के बीच में फूड अभियान चला रही है इसके तहत हम छोटे बच्चों के लिए आंगनवाड़ी, बस्ती, सरकारी स्कूलो में जाकर पौष्टिक भोजन एवं जंक फूड की पहचान एवं इसके अंतर को बतला रहे हैं। हमारा उद्देश्य पोषण के स्तर को सुधारना तथा इसके महत्व के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ हेल्दी खानपान की आदत को बचपन से ही विकसित करना एवं उन्हें प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष पल्लवी दीप, अनीता, हेमा, रिद्धि, रजत कुमार, अजय चौबे इत्यादि की भूमिका सराहनीय रही।

### आरोहण सोशल इनोवेशन अवार्ड की घोषणा इनोवेटर्स को मिलेगा दो करोड़ रुपये इनाम

**जमशेदपुर।** देशभर में समाज को बेहतर बनाने वाले इनोवेटर्स के लिए अच्छी खबर है। इन्फोसिस फाउंडेशन ने अपने आरोहण सोशल इनोवेशन अवार्ड 2025 के चौथे संस्करण की घोषणा कर दी है। इस बार कुल 2 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि दी जायेगी। हर विजेता को 50 लाख रुपये तक का इनाम मिलेगा। इस अवार्ड का उद्देश्य ऐसे लोगों, टीमों, एनजीओ और सामाजिक उद्यमियों को पहचानना है, जो टेक्नोलॉजी आधारित समाधान के जरिए देश के वंचित समुदायों के जीवन में बदलाव ला रहे हैं। पुरस्कार तीन प्रमुख श्रेणियों में दिये जायेंगे– शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और पर्यावरण संरक्षण। आवेदन की प्रक्रिया 24 अप्रैल 2025 से शुरू हो चुकी है और 15 जून 2025 तक चलेगी। 18 वर्ष से अधिक उम्र के भारतीय नागरिक, जो भारत में रह रहे हों, आवेदन के पात्र होंगे। प्रतिभागी को अपने प्रोजेक्ट का काम कर रहा प्रोटोटाइप या पूर्ण समाधान पेश करना होगा।

## स्पीड न्यूज

### नौशाद आलम ने संभाला डीआइजी का पदभार



**मेदिनीनगर।** भारतीय पुलिस सेवा के 2010 बैच के अधिकारी नौशाद आलम अंसारी ने गुरुवार को पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक के पद पर योगदान दिया। योगदान के बाद पलामू डीडीसी शब्बीर अहमद ने डीआईजी ऑफिस पहुंच उनसे शिष्टाचार मुलाकात की।

### एसपी ने डीआइजी को भेंट किया गुलदस्ता



**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार ने राज्य के कई आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। इसके तहत पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक के पद पर आईपीएस नौशाद आलम अंसारी को सरकार ने पदस्थापित किया है। गुरुवार को भारतीय पुलिस सेवा 2010 बैच के अधिकारी नौशाद आलम अंसारी ने पदभार ग्रहण किया। जिन्हें गार्ड आफ ऑनर कर सलामी दी गयी। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने डीआइजी ऑफिस पहुंच उन्हें गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया।

### पारा शिक्षक के निधन पर शिक्षकों में शोक



**रामगढ़ पलामू।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कटहर टोला के प्राचार्य गिरिवर प्रजापति (58) का निधन हो गया। वे अपने पीछे पूरा परिवार छोड़ गये। वह लगभग 1 महीने से बीमार थे। उनका इलाज भगवती हॉस्पिटल में चल रहा था। बेहतर इलाज के लिए रांची ले जाने के दौरान कुडु के पास उन्होंने अंतिम सांस ली, जिससे सभी शिक्षकों में शोक की लहर है। मौके पर भाजपा नेता शंभू राम, शिक्षक दीपक चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी, हरेंद्र प्रजापति, महेंद्र पासवान, सीआरपी चितरंजन कुमार भी थे।

### नगेसर के विजय सिंह का निधन, शोक



**पाटन पलामू।** थाना क्षेत्र के नगेसर के विजय सिंह (84) का निधन हो गया। जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। मृतक के बड़े पुत्र संजय ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार नगेसर के सदाबह नदी तट पर हुआ। उनके निधन पर बीस सूत्री अध्यक्ष रामानंद पांडेय, उपाध्यक्ष उमा शंकर सिंह, पूर्व जिप सदस्य पश्चिमी मुक्तेश्वर पांडेय, अशोक सोनी, मुखिया जैनुल सिद्दिकी, मिथलेश सिंह, गोरख सिंह, पारा शिक्षक व पाटन प्रखंड हरेंद्र सिंह, अखिलेश प्रसाद सिंह, कजरी मुखिया पति महाराणा प्रताप सिंह, बबलू सिंह ने शोक जताया है।

### कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ : बिट्टू पाठक



**हरिहरगंज प्रखंड।** संगठन सृजन 2025 अभियान के तहत हरिहरगंज प्रखंड के सुल्तानी गांव स्थित हाई स्कूल के प्रांगण में गुरुवार को हरिहरगंज कांग्रेस प्रखंड कमेटी की बैठक हुई। इसमें जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक शामिल हुए। इस दौरान संगठन की मजबूती पर चर्चा हुई। साथ ही पार्टी के नीति सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही गयी। बिट्टू ने कहा कि अभियान के तहत सभी प्रखंडों में ऐसी बैठक की जा रही है। कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं। आप कार्यकर्ताओं से ही पार्टी की पहचान है इसलिए आप एकजुट होकर पार्टी की मजबूती के कार्य में जुट जाये। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सुजीत सिंह, नवीन सिंह, राकेश प्रसाद, सचिन सिंह, साकेत सिंह, मो महफूज आलम, नरेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, सीमा दास, सजंती देवी, रामनरेश यादव व संजीव सिंह आदि उपस्थित थे।

### छतरपुर में मना चुप्पी तोड़ो कार्यक्रम



**छतरपुर पलामू।** प्रखंड कार्यालय छतरपुर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान फेज 6 कार्यक्रम के सफलता पूर्वक संचालन हेतु गुरुवार को प्रखंड सभागार में बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ आशीष साहू ने की। जिसमें महिलाओं को माहवारी से संबंधित विभिन्न भ्रांतियों को लेकर जागरूकता अभियान कार्यक्रम पंचायत स्तर पर चलाने के लिए कई सुझाव दिये गये। जिला स्तर पर 11 जून तक यह अभियान चला रहा है। मौके पर सभी पंचायत से जलसहिया स्वयं सहायता समूह की दीदी, मुखिया, पंचायत सचिव, आवास को-ऑर्डिनेटर एंथोनी जी, प्रखंड समन्वयक विवेक श्रीवास्तव, प्रधान सहायक नवाब एवं डीपीएम कुंदन कुमार उपस्थित थे।

### झूठ का पिटारा और छुटभैया नेता हैं दीपक तिवारी : रूचिर तिवारी



**मेदिनीनगर।** भाकपा नेता सह डाल्टनगंज के पूर्व विधायक उम्मीदवार रुचिर तिवारी ने रेड़मा के दीपक तिवारी को छुटभैया एवं झूठ का पिटारा वाला नेता बताया है। उन्होंने कहा कि दीपक तिवारी का काम है अफसर एवं अन्य विभागों में दलाली करना है और यह सिलसिला वह निरंतर करते आ रहे हैं क्योंकि दीपक तिवारी स्वयं भी ठेकेदार है और इसीलिए संवेदक को बचाने के लिए मुझ पर झूठा आरोप लगा रहे हैं। सामदा आहर की सुंदरीकरण, सड़क चौड़ीकरण एवं गहरीकरण की बात हम शुरू से करते आ रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। जब तक यह काम अच्छा से पूरा ना हो जाए यह प्रत्यक्ष रूप से देखने वाली बात है कि अबकी थोड़ी सी बरसात होने के बाद सामदा आहार रोड का स्थिति नारकीय बन गया था लोगों को आना-जाना मुश्किल हो गया था।

### प्रखंड सह अंचल कार्यालय में पेयजल व शौचालय का खस्ताहाल : आशुतोष



**मेदिनीनगर।** हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा सेक्युलर के पलामू जिला अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय, मेदिनीनगर का भ्रमण कर जायजा लिया तथा आमजनों की समस्या से अवगत हुए। मौके पर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर काफी व्यथित हुए। उन्होंने कहा कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय मेदिनीनगर समस्याओं और भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। प्रखंड कार्यालय में आने वाले आम जनता को कोई सुविधा नहीं मिलती है। इस भीषण गर्मी में पेयजल के लिए डीएम एफटी फंड से लगा हुआ आर ओ फिल्टर प्लांट हाथी का दांत साबित हो रहा है।

# ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में मनायी गयी ज्योति प्रकाश की पुण्यतिथि

- ज्योति प्रकाश ने मेदिनीनगर शहर को एक अलग पहचान दिलाया था : सांसद बीडी राम
- ज्योति प्रकाश व्यक्ति नहीं व्यक्तित्व थे : प्रथम महापौर अरूणा शंकर
- स्व ज्योति प्रकाश की प्रतिमा जनता शिवरात्रि कॉलेज में लगे





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में स्वर्गीय ज्योति प्रकाश की पुण्यतिथि मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरुआत सांसद बीडी राम, आनंद शंकर, ज्ञान शंकर, माता द्रोपती देवी, चार्टर्ड अकाउंटेंट सरस जैन, जनता शिवरात्रि कॉलेज के पूर्व प्राचार्य राणा सिंह, वरिष्ठ पत्रकार देवव्रत, प्रो एससी मिश्रा, एलिट कॉलेज के प्रिंसिपल जगदंबा प्रसाद, अविनाश वर्मा, इंदरजीत सिंह डिंपल, पूर्व जीएम इलेक्ट्रिसिटी विभाग आर प्रसाद, प्रोफेसर विजय प्रसाद, अजय तिवारी, विजय ओझा, अरविंद गुप्ता, कृष्ण अग्रवाल, कॉलेज के प्राचार्य अनुपम गुप्ता, परिवार के सदस्य अरुणा शंकर, संगीता शंकर, आकर्ष आनंद, शिवानी आनंद ने सामूहिक रूप से माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलित कर किया गया। सांसद बीडी राम ने कहा कि स्वर्गीय ज्योति प्रकाश संगीत, साहित्य और शिक्षा के संगम थे। उन्होंने कहा कि उनके व्यक्तित्व व कृतित्व हमेशा याद किये जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि ज्योति प्रकाश ने मेदिनीनगर शहर को एक अलग पहचान दिलाया था। उनका नाम हमेशा अमर रहेगा। मेदिनीनगर निगम की प्रथम महापौर अरूणा शंकर ने कहा कि ज्योति प्रकाश व्यक्ति नहीं व्यक्तित्व थे।

# गांव के लोगों को भी हर सुविधा मिले ये पीएम मोदी का है सपना : बीडी राम

- पलामू जिला में 2अरब 70 करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से जल्द बनेगी 243.3 किमी लंबी सड़क

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**रामगढ़/चैनपुर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने पलामू संसदीय क्षेत्र के चैनपुर-रामगढ़ प्रखंड की जनता के सुगम आवागमन हेतु चैनपुर के कुट्टी मोड़ से रामगढ़ ब्लॉक होते हुटार तक 94 करोड़ 84 लाख की लागत से बनने वाली करीब 24.10 किमी लंबी सड़क का शिलान्यास किया। उक्त सड़क केंद्रीय अवसंरचना निधि से बनेगी। रामगढ़ बाजार में आयोजित इस शिलान्यास कार्यक्रम में सांसद श्री राम ने बताया कि इस सड़क निर्माण में आने वाले कुल 23 मौजा में 75.4126 एकड़ भूमि का भू अर्जन करने हेतु 14 करोड़ 76 लाख 34 हजार 284 भू अर्जन कार्यालय को उपलब्ध करा दिया गया है। इस सड़क निर्माण में जिन लोगों के भूमि को अधिगृहित किया जा रहा है। बहुत जल्द इस राशि को उनके बीच बांटा जायेगा। बताया कि उनके प्रयास से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पीएम जन मन के अंतर्गत पलामू जिला में 21 सड़कों (100.137 किमी) लागत 79 करोड़ 33 लाख 12 हजार से स्वीकृत हुआ है जिसका बहुत जल्द टेंडर निकलने वाला है। उक्त सड़कों में चैनपुर रामगढ़ में 10 सड़कों का निर्माण किया जायेगा। वहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज-4 के तहत पलामू जिला में चयनित 53 सड़क (143. 175 किलोमीटर), लागत एक अरब 91 करोड़ 7 लाख रुपए से स्वीकृत होने वाला है।

### घायलों के बेहतर इलाज के लिए पांकी विधायक पहुंचे सदर अस्पताल, कहा

# बेहद चिंताजनक है सदर अस्पताल की लचर व्यवस्था : डॉ शशिभूषण

- स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर इस पर त्वरित संज्ञान लेने की करेंगे मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



लोगों की समस्या देख प्रबंधन से जानकारी लेते विधायक।

**मेदिनीनगर।** पांकी विस क्षेत्र के तरहसी बेदानी मोड़ के पास हुए सड़क दुर्घटना में चार की मौत व दर्जनों बाराती के घायल होने की सूचना मिलते ही पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता सदर अस्पताल पहुंचे।

सदर अस्पताल की लचर व्यवस्था देखकर विधायक ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि पलामू के लिए यही एक मात्र अस्पताल है लेकिन यहां कि जो स्थिति है वह बहुत चिंताजनक है। अस्पताल में उचित समय व उचित इलाज नहीं हो पाने के कारण भी घायलों की मौत हो जा रहीं हैं। अस्पताल में संसाधनों का घोर अभाव है।

उन्होंने कहा कि वह सदर अस्पताल की लचर व्यवस्था की जानकारी राज्य के स्वास्थ्य मंत्री को देते हुए उनसे तत्काल संज्ञान लेकर व्यवस्था में सुधार कराने की मांग करेंगे। विधायक ने दुर्घटना में घायल मरीजों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेजने की व्यवस्था किया। विधायक ने कहा कि यह अस्पताल केवल रेफर सेंटर बन कर रह गया है। जो पलामू वासियों के लिए दुर्भाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि अक्सर यही देखा जा रहा है कि पलामू में जो भी दुर्घटना हो रही है उसमें घायलों की मौत समय पर इलाज नहीं होने के कारण हो जा रहा है क्योंकि रांची ले जाने में चार से पांच घंटे लग जाता है जिसके कारण घायल की मौत हो जाती है।

### राज्य सरकार में गरीबों की जमीन सुरक्षित नहीं : विधायक

# गरीबों की जमीन पर है सामंतियों की टेढ़ी नजर, इसे बचाना जरूरी

- विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने मृतक रंजीत के परिजनों से मिलकर दिया आश्वासन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पीड़ित परिवार से मिलते पांकी विधायक व अन्य।

**मेदिनीनगर।** गुरुवार को पाकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के सुदना के आटों मालिक रंजीत मेहता के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाते हुए आश्वस्त किया कि इस घटना में जो भी शामिल हैं उन्हें गिरफ्तार किया जायेगा। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि इस भ्रष्ट सरकार में कोई सुरक्षित नहीं है। गरीबों का सुनने वाला कोई नहीं है। यदि मृतक रंजीत मेहता की बातों को समय रहते पुलिस प्रशासन सुन लेती तो शायद रंजीत की हत्या नहीं होती। विधायक ने कहा कि सरकार सामंतियो व जमीन माफियाओं को गरीबों की जमीन को लूटने की छुट दे रखा है। जिस तरह से रंजीत के जमीन को आरोपियों द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा था विरोध करने पर उसकी हत्या कर दी जाती है इससे स्पष्ट है कि राज्य में शासन कमजोर हो गयी है अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। विधायक ने कहा कि पुरी भाजपा रंजीत के परिजनों के साथ साथ हैं। विधायक ने कहा कि वह इस मामले को लेकर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक से मिलकर गरीब परिवार को न्याय दिलाने व आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाने की मांग करेंगे।

## 20 विद्यार्थियों ने किया रक्तदान

- आरसीयू की राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**विश्रामपुर (पलामू)।** रामचंद्र चन्द्रवंशी विश्वविद्यालय की संयुक्त इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वाधान में गुरुवार को लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व रजिस्टार डॉ देवाशीष मंडल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में बीस छात्र-छात्राओं ने रक्तदान किया जिसे संग्रहित कर लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के ब्लड बैंक को सौंप दिया गया। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि पूरी दुनिया में रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। आपके द्वारा किया गया रक्त का दान जरूरतमंदों को नया जीवन प्रदान करता है। उन्होंने शिविर में उपस्थित शिक्षकों व छात्र - छात्राओं को रक्तदान के लिये प्रेरित भी किया। शिविर की सफलता में विश्वविद्यालय के बीएड, बीपीएड, आरसीआइटी, आरसीपीआई, फामेर्सी व पीजी के जूलोजी एवं होम साइंस विभाग के छात्र - छात्राओं तथा शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## पलामू की बहू वर्षा मौर्य बनी जी भारत न्यूज की एंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### जिले का नाम किया रोशन



**हैदरनगर पलामू।** जिले की गौरवशाली धरती से एक और बेटी ने सफलता की ऊंचाइयों को छू लिया है। हैदरनगर के जितेंद्र मेडिकल के संचालक जितेंद्र सोनी की बहू वर्षा मौर्य का चयन देश के प्रतिष्ठित मीडिया ग्रुप में हुआ है। वर्षा अब जी भारत न्यूज चैनल में बतौर एंकर अपने कौशल का प्रदर्शन करती नजर आयेंगी। वर्षा के पति दीपक सोनी नोएडा स्थित एक आईटी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं।

पत्रकारिता में गहरी रुचि रखने वाली वर्षा ने अपनी शिक्षा भोपाल से मास्टर ऑफ जर्नलिज्म की डिग्री के साथ पूरी की। शुरुआत से ही पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहीं वर्षा ने अपने समर्पण और मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है। वर्षा की इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है।

### पुलिस ने दो वारंटियों को भेजा जेल

**पाटन पलामू।** नावा जयपुर थाना जीआर नंबर – 1971/25 के वारंटी अभियुक्त रामचंद्र मोची एवं सुधन मोची, दोनों पिता – स्व0 राईन मोची, ग्राम – जयपुर, थाना नावा जयपुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। नावा जयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय ने बताया कि आरोपी पर मारपीट का केश दर्ज था। पूर्व से वह फरार चल रहा था। उसके गिरफ्तारी का वारंट कोर्ट से निर्गत किया गया था जिसके आलोक में नावा जयपुर थाना के पुलिस ने गिरफ्तारी कर न्यायालय में आत्मसमर्पण के लिए भेज दिया है।

### युवक ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा रांची रोड में बीती रात्रि को एक युवक ने ज्वलनशील पदार्थ अपने शरीर पर छिड़क कर आग लगा लिया। इस कारण उसकी मौत हो गई। यह घटना पास के एक मकान में लगे सीसीटीवी कैमरा से पुलिस ने पूरी घटनाक्रम का खुलासा किया। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि युवक की पहचान राज कुमार चंद्रवंशी के रूप में किया गया है। वह बीती रात्रि खुद को आग लगाया है जो सीसीटीवी फुटेज में कैद है। बताया कि युवक ने आत्महत्या क्यों की, इसकी जांच की जा रही है।

### टिमराई और रानीमाई में कार्यक्रम आयोजित



**चैनपुर पलामू।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और कृषि एवं किसान कल्याण विभाग भारत सरकार के निदेर्शानुसार विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत प्रखंड के टिमराई एवं रानीमाई में कार्यक्रम किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य केंद्र एवं झारखंड सरकार द्वारा संचालित कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन, बागवानी आदि योजनाओं की किसानो को जानकारी प्रदान करना है। संचालन चैनपुर प्रखंड के कृषि पदाधिकारी शिव नारायण उरांव ने किया। श्री उरांव ने बताया कि किसानो का केसीसी हेतु आवेदन लिया जा रहा है, प्रत्येक मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में कैंप लगता है। जिन किसानों को पीएम किसान का लाभ मिलता है उन्हें प्रथमिकता दी जा रही है। कृषि अनुसंधान केंद्र चियांकी के वैज्ञानिक प्रमोद कुमार ने बताया कि खरीफ मौसम में मुख्य रूप से धान एवं मक्का की खेती की जाती है। अरहर के उन्नत प्रभेद की बुआई करें। बागवानी करें। किसान जमीन के प्रकृति टांड, दोन 1, दोन 2 के अनुसार धान के किस्मों का चयन करें। कृषि विज्ञान केन्द्र चियांकी के वैज्ञानिक डॉ अशोक कुमार सिन्हा ने बताया कि धान की सीधी बुआई करें। शिड ड्रिल मशीन का उपयोग करें।

### सूर्या सिंह ने बजाना गोल्डन जुबली कॉन्क्लेव में बढ़ाया देश का मान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- झारखंड की आवाज अमेरिका में गूंजी



**हुसैनाबाद पलामू।** जिले के युवा भाजपा युवा नेता सूर्या सिंह ने अमेरिका के न्यू ब्रंसविक, न्यू जर्सी में आयोजित बजाना के गोल्डन जुबली एवं ग्लोबल कॉन्क्लेव 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व कर राज्य और देश का नाम गौरव से ऊंचा किया। हयात रीजेंसी होटल में हुए इस ऐतिहासिक आयोजन में सूर्या सिंह विशेष अतिथि थे। उन्होंने अपने ओजस्वी भाषण से न सिर्फ प्रवासी भारतीयों का मन जीता, बल्कि झारखंड की सांस्कृतिक जड़ों, सामाजिक चेतना और युवा शक्ति की बुलंद तस्वीर भी पेश की। सूर्या ने कहा, हम झारखंड के लोग जॉब सीकर नहीं, जॉब क्रिएटर हैं। हमारे युवाओं में सिर्फ हुनर ही नहीं, दुनिया को बदलने की हिम्मत है। उन्होंने उदाहरण के तौर पर झारखंड के ही युवा वैज्ञानिक रोहित का जिक्र किया।

### घर के शेड में रखे पिकअप की चोरी

**पाटन पलामू।** थाना क्षेत्र के केल्हार निवासी राजेंद्र कुमार सिंह पिता स्व रामसुंदर सिंह ने पाटन थाना प्रभारी को आवेदन देकर पिकअप जेएच 03क्यू 9974 चोरी होने की जानकारी दी है। भुक्तभोगी ने थाना प्रभारी से कहा कि वह अपने घर के बने शेड में पिकअप वैन रखा था। जब दूसरे दिन सुबह उठे तो शेड में मेरा गाड़ी नहीं था। पिकअप वैन की खोजबीन की लेकिन पता नहीं चला। कहा कि अज्ञात चोरों द्वारा मध्यरात्रि में पिकअप की चोरी की गई है। उन्होंने चोरों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

### पशु पक्षी और पर्यावरण संरक्षण पर भी काम करता है लायंस क्लब : डॉ प्रवीण

- पुलिस प्रशासन व लायंस क्लब 31 मई को पुलिस लाईन में लगायेगा मेगा हेल्थ चेकअप कैंप
- पलामू जिले में पहली बार मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है : गुरवीर सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पुलिस प्रशासन, लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर व लायंस फेमिना के संयुक्त तत्वावधान में 31 मई को मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जायेगा। इसकी जानकारी क्लब के अध्यक्ष डा प्रवीण सिद्धार्थ ने निर्मला मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में दिया। कहा कि 31 मई को पूर्वाह्न नौ बजे से अंतिम व्यक्ति के जांच व उपचार तक यह कैंप संचालित होगा। समाज को भयमुक्त वातावरण देनेवाले पुलिस एवं पुलिस परिवार के सेहत की जांच मेगा कैंप में विशेषज्ञ चिकित्सक करेंगे। कहा कि क्लब द्वारा समाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए मानव सेवा ही नहीं बल्कि पशु पक्षियों व पर्यावरण संरक्षण के लिए काम किया जाता है।

# सामदा आहर के सुंदरीकरण पर रूचिर तिवारी की राजनीति, अधिकारियों-ग्रामीणों को कर रहे गुमराह

- प्रशासनिक अधिकारी एवं जनता को दिग्भ्रमित नहीं करें वामपंथी नेता : दीपक तिवारी
- झामुमो नेता दीपक तिवारी के प्रयास से विवाद सुलझा
- रूचिर तिवारी के आचरण से आहत हैं क्षेत्र के ग्रामीण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



एकजुटता प्रदर्शित करते लोग।

**मेदिनीनगर।** सामदा आहर के सुंदरीकरण एवं विकास कार्यों को लेकर स्थानीय ग्रामीण भी एकजूट हैं। ग्रामीण विकास कार्यों के हिमायती हैं। सभी सामदा आहर का सुंदरीकरण चाहते हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि वामपंथी नेता रूचिर तिवारी सामदा आहर के सुंदरीकरण पर राजनीति करना प्रारंभ कर दिया है। इससे उसके कार्यों में बाधा उत्पन्न होने लगी है। सामदा आहर के गहरीकरण/सुंदरीकरण को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता झामुमो नेता दीपक तिवारी ने किया। उन्होंने कहा कि वामपंथी नेता रूचिर तिवारी के आचरण से ग्रामीण आहत हैं। इसलिए उनके साथ एक भी ग्रामीण खड़े नहीं है। ग्रामीण क्षेत्र का विकास चाहते हैं। आहर अपने स्वरूप और मूर्त रूप में रहे। ग्रामीणों की सकारात्मक सोच है कि आहर की बेहतरी हो और इस दिशा में प्रशासन कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वामपंथी अधिकारी एवं स्थानीय ग्रामीणों को दिग्भ्रमित करने की कोशिश नहीं करें। जनता के हित का ख्याल रखें और विकास कार्यों में सहभागी बनने की कोशिश करें। इधर, ग्रामीणों का आरोप है कि सामदा आहर पर राजनीतिकर रूचिर तिवारी संवेदक से अवैध वसूली करना चाहते हैं। ऐसा होने पर इसके सुंदरीकरण कार्य की गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। रूचिर तिवारी स्थानीय ग्रामीणों को भी गुमराह करने का असफल प्रयास कर रहे हैं। वहीं प्रशासनिक पदाधिकारियों के समक्ष झूठा आवेदन देकर उन्हें दिग्भ्रमित करने का कार्य कर रहे हैं। उनके इस कृत्य से स्थानीय नागरिकों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने सीधे तौर पर रूचिर तिवारी पर संवेदक से उगाही कर अपना निजी स्वार्थ साधने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।

# पड़वा में चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो कार्यक्रम आयोजित

- प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी श्रवण कुमार ने माहवारी के समय स्वच्छता अपनाने, संतुलित भोजन करने और मिथक भ्रांति से दूर रहने की सलाह दी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोग।

**पंडवा पलामू।** पड़वा प्रखंड में चुप्पी तोड़ो स्वास्थ्य रहो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी श्रवण कुमार, प्रखंड वाश समन्वयक प्रीति दुबे, महिला पर्यवेक्षक लीलावती देवी, बीआर पी संगीता देवी,पंचायत सचिव कुसुमलता भारती, संतु कुमार, मुखिया सिंधु देवी, सुमित्रा देवी, जलसहिया अनिता देवी, उर्मिला देवी, माया देवी, सीमा देवी, सिंधु देवी, चंपा कुंवर, लीलावती देवी एवं अन्य सभी जलसहिया उपस्थित थी।

कार्यक्रम का संचालन प्रखंड समन्वयक प्रीति दुबे ने कियाा। उन्होंने लोगों को चुप्पी तोड़ो सस्वस्थ रहो कार्यक्रम के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि महावारी संबंधित जानकारी महिला के द्वारा खुल कर बात न कर पाना, कपड़े का सही तरीके से इस्तेमाल न कर पाना, किशोरियों को महावारी के बारे में पूर्ण जानकारी न होना, महावारी के दौरान इस्तेमाल किये गये कपड़े या सेनेटरी पैड का उचित निपटान न कर पाना इत्यादि विषय पर ग्रामीणों को जागरूक करने के बारे में जानकारी दी गयी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा महावारी के समय स्वच्छता अपनाने, संतुलित भोजन करने एवं मिथक भ्रांति से दूर रहने की सलाह दी गयी।

# बोकारो एयरपोर्ट के मुद्दे पर प्रदेश सरकार नहीं चेतेगी तो होगा आंदोलन : बिरंची

उन्होने वर्तमान बोकारो विधायक श्वेता सिंह की उचित पटल पर निष्क्रियता को भी जिम्मेदार बताया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो एयरपोर्ट के परिचालन में वर्तमान प्रदेश सरकार कोई रूचि ही नहीं दीखा रही है जबकि सूबे के मुख्यमंत्री इसी बोकारो की धरती पर खेलकर बड़े हुए हैं-इसी मिट्टी में साइकिल चलते हुए उनके घुटने छिले होंगे-उक्त उद्गार व्यक्त किया है बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने। अपने आवासीय कार्यालय में प्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि शीघ्र ही वे झारखण्ड सरकार के मुख्य सचिव और समय (अपॉइंटमेंट) मिल सका तो मुख्यमंत्री को भी निवेदन करेंगे कि बीएसएल सहित उड्डयन मंत्रालय की सम्बद्ध समिति अपनी जवाबदेही पूरी कर दी है तो प्रदेश सरकार के सम्बद्ध समिति द्वारा अनापत्ति प्रमाणन क्यों नहीं निर्गत हो रहा है। उन्होंने बोकारो हवाई अड्डे के परिचालन में हो रहे विलंब हेतु पूर्णतः प्रदेश सरकार को दोषी ठहराते हुए वर्तमान बोकारो विधायक श्वेता सिंह की उचित पटल पर निष्क्रियता को भी जिम्मेदार बताया। अंत में उन्होंने कहा कि यदि एक सप्ताह के अंदर प्रदेश सरकार के सचिव एवं मुख्यमंत्री से संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है तो यहां की जनता का साथ ले वे आंदोलनात्मक संघर्ष का रास्ता अपनाने को बाध्य होंगे। उन्होंने अपने कार्यकाल की चर्चा करते हुए बताया कि अनेको बार विधानसभा के पटल पर इस मुद्दे को मजबूती से उठाने के फलस्वरूप इस मुकाम तक यह मुद्दा पहुंचा है और राज्य सरकार इसे ठंढे बस्ते में डालना चाहती है।

# बेरमो : नौ जुलाई की हड़ताल को लेकर संयुक्त ट्रेड यूनियन की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** कथारा क्षेत्र के संयुक्त ट्रेड यूनियन की बैठक रीक्रिएशन में क्लब कथारा में गुरुवार को इंटक नेता वेदप्रकाश चौबे की अध्यक्षता एवं संचालन एक्टू नेता बालेश्वर गोप ने किया जिसमें 9 जुलाई की हड़ताल की तैयारी को लेकर यूनियन के तमाम लोगों ने अपना अपना वक्तव्य दिया। सर्वसम्मति से एनसीओईए सीटू नेता पीके विश्वास ने कहा कि वर्तमान जो सरकार है मजदूर विरोधी चार लेबर कोड लाकर गुलाम बनाने पर आमादा है अगर यह लेबर कोड लागू हो जाता है तो 8 घंटे की जगह 12 घंटा काम लिया जाएगा और मजदूरों को हड़ताल करने एवं आंदोलन करने का अधिकार को समाप्त कर दिया जाएगा और जेबीसीसीआई समेत सभी प्रकार की बनी हुई कमिटी को समाप्त कर दिया जाएगा और कोल इंडिया समेत संपूर्ण सार्वजनिक उद्योग को बड़े उद्योगपतियों के हाथों सौंप दिया जाएगा इसलिए अपने उद्योग को बचाने के लिए और मजदूरों के 24 सूत्र मांगों पर 9 जुलाई के हड़ताल को सफल करने का आह्वान किया यह लड़ाई मजदूरों के जीवन मरन का लड़ाई है। 19 जून को कथारा ऑफीसर्स क्लब में एक विशाल कन्वेंशन करने का प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से सभी ने सहमति जतायी, जिसमें राष्ट्र के नेता को भी आमंत्रित किया जाएगा, साथ ही 16 जून की बैठक में आगे की रणनीति तय की जाएगी जिसमें मोटरसाइकिल रैली पिट मीटिंग मशाल जुलूस एवं पर्चा के माध्यम से हड़ताल को शत प्रतिशत सफल करने के लिए निर्णय लिया जाएगा। मौके पर अजय कुमार सिंह बालेश्वर गोप इकबाल अहमद पीके विश्वास कमलेश गुप्ता चंद्रशेखर झा निजाम अंसारी अशोक रविदास बालगोबिंद मंडल मनोहर महतो राजदेव चौहान शक्ति सिंह मो कयामुद्दीन गणेश राम ए के शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### डीवीसी चंद्रपुरा प्रबंधन के स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता कर्मियों को दिया अंग वस्त्र




बोकारो/चंद्रपुरा। दामोदर घाटी निगम चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन द्वारा मनाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत गुरुवार को स्वच्छता कर्मियों को अंग वस्त्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ जीएम व परियोजना प्रधान विजया नन्द शर्मा ने कहा कि स्वच्छता को लेकर जागरूकता जरूरी है। लोग घर से थैला लेकर बाजार जाएं और पॉलिथीन का बहिष्कार करें। प्रत्येक व्यक्ति पेड़ लगाए। उन्होंने कहा कि पॉलीथिन और प्लास्टिक का उपयोग हमारे मानव जाति सहित अन्य जीव जंतुओं के लिए भी घातक है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि वह दो पहिया वाहन चलाते वक्त हेलमेट का उपयोग अवश्य उपयोग करें। इस अवसर पर वरिष्ठ जीएम-मानव संसाधन डॉ डीसी पांडेय ने लोगों से अपील किया कि वे स्वयं- घर और कार्यस्थल की स्वच्छता पर हमेशा सकारात्मक नजर बनाए रखें। वरिष्ठ जीएम अविजीत घोष ने लोगों से अपील किया कि वे स्वच्छता और सुरक्षा के प्रति हमेशा सजग रहे। डीजीएम राजीव रंजन ओझा ने मानव जीवन में स्वच्छता को सर्वोपरि बताया और कहा कि हमारे देश में महाकुंभ मेला जैसे भव्य आयोजन की सफलता में स्वच्छता कर्मियों की ही अहम भूमिका रही। वरिष्ठ प्रबंधक कंचन स्मिता टोप्पो ने कहा कि डीवीसी में कार्यरत सभी स्वच्छता कर्मी के सहयोग से हम चंद्रपुरा के कॉलोनी और प्लांट क्षेत्र को स्वच्छ वातावरण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कर्मियों की किसी भी समस्या का समाधान के लिए सभी अधिकारी मुस्तैद है। समारोह का संचालन प्रबंधक राजकुमार चौधरी ने किया। इस अवसर पर प्रबंधक मोहम्मद उमेर सहित कई डीवीसी के कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### बीएसएल द्वारा परिक्षेत्रीय गांव बिशुनपुर में नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन



बोकारो। बीएसएल के सीएसआर के तहत बालीडीह के परिक्षेत्रीय गांव बिशुनपुर में आयोजित निशुल्क मेडिकल कैंप में कुल 225 मरीजों का का इलाज किया गया। कैंप में मरीजों का मधुमेह-ब्लड प्रेशर-हीमोग्लोबिन-मलेरिया इत्यादि की नि:शुल्क जांच की गई तथा दवा का वितरण किया गया। कैंप में चौदह मरीजों को नेत्र परीक्षण के उपरांत मोतियबिंद के ऑपरेशन हेतु बीएसएल के बोकारो जनरल हॉस्पिटल में रेफर किया गया। कैंप में बीजीएच के चिकित्सक डॉ साकेत मिश्रा डॉ असित डॉ नितेन्द्र शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ ममता स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ जया डॉ शीतल नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सुशील कुमार एवं डॉ अनुपमा शर्मा दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ नीलम डॉ मधुमिता श्रीवास्तव कान नाक तथा गला विभाग से डॉ अमरेंद्र कुमार सर्जरी विभाग से डॉ मो अफसार आलम एवं डॉ सौरभ तथा चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ विनोद उपस्थित थे। इस कैंप के सफल आयोजन में बीएसएल के सीएसआर विभाग के जीएम बी बनर्जी एवं उनके सहयोगी एससी तिवारी संजीव सिंह संतोष कुमार तथा पीरामल स्वास्थ्य के मोबाइल मेडिकल टीम का काफी सराहनीय योगदान रहा।

### बोकारो इस्पात संयंत्र में ए बी बी ड्राइव्स पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन




बोकारो। बीएसएल के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में एबीबी ड्राइव्स पर बीएसएल के अनुभवी फैकल्टी के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से कुल 20 प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए हैं। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में सीजीएम विद्युत देवाशीष सरकार सीजीएम-ज्ञानार्जन एवं विकास नीता बा जीएम-ईटीएल हरिहर राउत उपस्थित थे। सर्वप्रथम जय नारायण यादव-प्रबंधक-ज्ञानार्जन एवं विकास ने सभी प्रतिभागियों तथा मुख्य अतिथियों का स्वागत किया तथा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। सीजीएम श्री सरकार ने कहा कि औद्योगिक प्रयोग में लाये जाने वाले मोटर को स्मार्ट व सुरक्षित और कुशल तरीके से नियंत्रित करना संयंत्र के उत्पादन प्रक्रिया के लिए अनिवार्य है तथा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल प्रशिक्षणार्थियों को इसके बारे में विस्तृत जानकारी मिलेगी। सीजीएम नीता बा ने सभी प्रतिभागियों से इस कार्यक्रम को अन्त: क्रियात्मक बनाकर अधिकतम ज्ञान अर्जित करने तथा अपने अर्जित ज्ञान को विभाग के लोगों के साथ साझा करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रबंधक जय नारायण यादव ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के वरीय ऑपरेटर नवनीत कुमार सिंह तथा ओसीटीटी भीम प्रसाद का योगदान सराहनीय रहा।

### फुसरो में हनुमान मंदिर की छत ढलाई शुरू



बेरमो। गिरिडीह के पूर्व सांसद रविन्द्र कुमार पांडेय ने गुरुवार को फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 22 के भूतबंगला के समीप नए हनुमान मंदिर की छत ढलाई कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पूर्व सांसद ने खुद कड़ाही उठाकर छत की ढलाई के लिए गारा डाला। इसके साथ विधिवत मंदिर की छत की ढलाई शुरू हो गई। इस मौके पर पूर्व सांसद ने मंदिर समिति के सदस्यों को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई दी। साथ ही इस तरह के धार्मिक आयोजन में हर संभव सहयोग का आशवासन दिया। उन्होंने कहा कि धर्म लोगों को नेक राह पर चलने के लिए प्रेरित करता है। धर्म समाजिक प्रदूषण को खत्म करता है। भटके हुए लोगों को सही राह भी दिखाता है। धर्म के आश्रय में आकर सभी इंसान बन जाते हैं। यह अच्छी बात है कि मंदिर समिति एक ऐसे स्थल का निर्माण करा रही है, जहां इंसान को सही रास्ता दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि मंदिर के विकास के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना चाहिए। इस काम में योगदान करना चाहिए। इस मौके मंदिर कमाटि के पूर्व पार्षद भरत वर्मा, भाजपा नेता विक्रम पांडेय, मजदूर नेता दिनेश पांडेय, युवा व्यवसाई संघ अध्यक्ष वैभव चौरसिया, समाजसेवी मनोज सिंह, कृष्ण कुमार व दिनेश सिंह, कन्हैया कुमार, अरूण स्वर्णकार, बनारसी यादव सहित मौजूद सभी ने मंदिर की छत ढलाई में योगदान दिया।

### के बी कॉलेज बेरमो में पौधरोपण व जैविक खेती के माध्यम से भिंडी, मकई, कद्दू, करेला का उत्पादन



बेरमो। गुरुवार को के बी कॉलेज बेरमो के पूर्व प्राचार्य सह विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग विनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी धनबाद डॉ आर आर पॉल ने के बी कॉलेज बेरमो में पौधारोपण किया। बंजर एवं जंगल भूमि में प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति अपनी देखरेख में जैविक खेती के माध्यम से कद्दू, करेला, भिन्डी, मकई, सीम आदि उगा रहे हैं और युवाओं को जैविक खेती के व्यवहारपरक परिणाम से अवगत करा रहे हैं। पौधरोपण कार्यक्रम में प्राचार्य लक्ष्मी नारायण, डॉ अरुण कुमार रॉय महतो, डॉ साजन भारती, डॉ नीला पूर्णिमा तिर्की, डॉ मधुरा केरकेट्टा, डॉ प्रभाकर कुमार, डॉ वासुदेव प्रजापति, डॉ व्यास कुमार, प्रो अमीत कुमार रवि, डॉ अरुण रंजन, डॉ सुशांत बैरा, प्रो विपुल कुमार पांडे, प्रो पी पी कुशवाहा, प्रो संजय कुमार दास, रविंद्र कुमार दास, सदन राम, रवि यादविंधु, मो साजिद, शिव चन्द्र झा, बालेश्वर यादव, संतोष राम आदि कॉलेज परिवार के सदस्यों की उपस्थिति रही।

### बोकारो : माहवारी स्वच्छता दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

बोकारो/कसमार। सहयोगिनी संस्था द्वारा माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर कसमार प्रखंड के टांगटोना दुगार्पुर सोनपुरा तथा गर पंचायत में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता सहित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर किशोरियों के बीच माहवारी स्वच्छता की जानकारी दी गई। इस दौरान सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने बताया कि किशोरी तथा महिलाओं को उनके मासिक धर्म के बारे में जानकारी प्रदान करने और स्वच्छता से संबंधित चुनौतियों का समाधान खोजने के लिए आज के दिन मासिक स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। इस दौरान स्वच्छता से संबंधित उत्पादों की उपलब्धता स्वच्छता सुविधाओं की पहुंच और मासिक धर्म से संबंधित शिक्षा के महत्व पर चर्चा किया गया। सहयोगिनी की समन्वयक कुमारी किरण ने कहा कि माहवारी स्वच्छता का उद्देश्य है कि किशोरियों और महिलाओं को सुरक्षित और स्वच्छ मासिक धर्म का सही सूचना और सुविधा मिले। उन्होंने कहा कि आइए हम सब एक साथ मिल कर माहवारी पर जागरूकता फैलाएं। कार्यक्रम के दौरान कसमार प्रखंड की किशोरियों को रेखा देवी ने कहा कि बाल विवाह तथा किशोरी स्वास्थ्य को लेकर संस्था द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

## स्पीड न्यूज

### बोकारो सेल मे कार्यरत चंदन कुमार का हार्ट अटैक से मौत



बेरमो। बेरमो थाना क्षेत्र अन्तर्गत मॉर्निंग वॉक के दौरान करगली गेट फिल्टर प्लांट के पास एक व्यक्ति की मौत हार्ट अटैक से हो गयी। लोगों के अनुसार मृतक रीजनल कॉलोनी ढ़ोरी निवासी और बोकारो सेल मे कार्यरत व केंद्रीय अस्पताल ढोरी में कार्यरत नर्स पुतुल कुमारी के पति 40 वर्षीय चंदन कुमार बताए जा रहे हैं। मॉर्निंग वॉक करते वह गिर गये।

### बंद पड़े खादान में अधेड़ महिला का शव बरामद



दुमका। जिला के काठीकुंड प्रखंड अंतर्गत दुमका पाकुड़ पथ के किनारे दलाही गांव में बंद पड़े खदान में अधेड़ महिला का शव पुलिस ने बरामद की। ज्ञात हो कि उक्त गांव के मौज में पत्थर खादान काफी गहरा एवं पानी भरा है। खादान में पानी पर तैरता महिला का शव देख ग्रामीणों ने पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी त्रिपुरारी कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर घंटों मेहनत मस्ककत के बाद रस्सी के सहारे ग्रामीणों की मदद से महिला के शव को निकाला। थाना प्रभारी कुमार ने बताया कि शव की अभी तक पहचान नहीं हुआ है, न ही घटना के कारण का पता चल पा रही है। पुलिस मामले को गंभीरता से लेते शव की पहचान कराने एवं घटना की जांच में जुटी है। प्रभारी ने बताया कि वे शव की पहचान को लेकर ग्रामीणों के संपर्क में है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधि संवत कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम की तैयारी में है,उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद कारण पता चल पाएगा।

### अवैध कोयला लोड वाहन अनियंत्रित होकर पलटा

बेरमो। बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरी फुसरो मार्ग के चपरी चढाई के समीप गुरुवार सुबह अवैध कोयला लदा वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में वाहन सड़क के किनार खाई में गिर गया। मौका देख वाहन चालक फरार हो गया। वही वाहन में लदी कोयला की बोरी चारों ओर बिखर गया। बता दे कि इस मार्ग में रोजाना दर्जनों वाहनों में अवैध कोयला का तस्करी की जाती है। इस बात को बल इस घटना से मिलती है।

### खेत में धान बीज डालकर संपन्न हुआ रहइन

बोकारो/कसमार। कुड़मी किसान संस्कृति का कृषि आधारित प्रमुख परब रहइन ढाई-पांच या सात मुट्ठी धान बीज खेत में डालकर संपन्न हुआ। कसमार पेटरवार जरीडीह प्रखंड क्षेत्र के किसान द्वारा आयोजित परब में अहले सुबह उठकर घर की महिला द्वारा घर के चारों ओर रहइन दाग लगाया गया। उसके बाद नहा-धोकर घर के पुरुष/महिला द्वारा नया वस्त्र पहनकर खाची काठाई सुप टोकी/पीतल गमला पइला सेर पौवा में हाथ से गुड़ि ठोपा और सिंदूर लगाया गया। इसके बाद टोकी या पीतल गमला में 10 सेर धान भरकर भीतर घर से मौन अवस्था में कंधे पर कुदाल व माथे में टोकी/पीतल गमला लेकर खेत पहुंचे। उसके बाद पूरब दिशा में कुदाल से थोड़ा सा कोड़कर ढ़ाई मुठा धान-पांच मुठा धान या सात मुठा धान डालकर मिट्टी से ढका गया। उसी मौन अवस्था में घर पहुंचकर देवा-भुताओं को धूप-धूना देने के बाद कुछ देर बाद दही चूड़ा और गुड़ खाये। घर के महिला हर दरवाजे के चौखट पर हाथ से गुड़ि ठोपा और सिंदूर लगाया गया।

# गोड्डा : स्कॉर्पियो ने बुलेट को मारी टक्कर, दो लोगों की मौत

पोड़ैयाहाट-गोड्डा मुख्य मार्ग पर भटौंधा के समीप डीबीएल प्लांट के सामने हुई दुघर्टना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा/पोड़ैयाहाट।** प्रखंड अंतर्गत पोड़ैयाहाट-गोड्डा मुख्य मार्ग पर भटौंधा के समीप डीबीएल प्लांट के सामने अपना लाइन होटल से कुछ दूरी पर हुई सड़क दुघर्टना में दो युवक की मौत हो गई।

वहीं मृतक की पहचान मृतक कुंदन सिंह और धीरज साह के रूप में हुई है। दोनों अमुवार गांव के रहने वाला बताया जा रहा है। दोनों मृतकों की उम्र करीब तीस वर्ष बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक कुंदन सिंह के चाचा छेदी राउत, द्रोपत पंचायत के मुखिया हैं। उन्होंने यह जानकारी दी है। पोड़ैयाहाट थाना प्रभारी विनय कुमार ने सड़क दुर्घटना में घायल दोनों युवकों के मौत की पुष्टि की है। वहीं बताया गया कि धीरज और कुंदन बुलेट से गोड्डा से पोड़ैयाहाट की ओर जा रहे थे वहीं गोड्डा की ओर से तेज रफ्तार में आ रही स्कॉर्पियो ने उन्हें धक्का मार दिया जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायल धीरज साह की गोड्डा सदर अस्पताल ले जाने के क्रम में मौत हो गई, जबकि कुंदन सिंह की हालत काफी गंभीर थी। चिकित्सक ने घायल युवक की स्थिति को गंभीर देख कर उसे भागलपुर रेफर कर दिया था जहां भागलपुर ले जाने के क्रम में पंजवारा के समीप कुंदन की भी मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पोड़ैयाहाट थाना प्रभारी विनय कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और घायलों को अपनी गाड़ी से सदर अस्पताल ले गए। बताया गया कि एक युवक ने गोड्डा पहुंचने के पहले ही दम तोड़ दिया था जबकि दूसरे की हालत नाजुक बनी हुई थी, उसकी मौत भागलपुर ले जाने के क्रम में पंजवार के समीप हो गई।

# बीएसएल के एसएमएस-न्यू विभाग ने रचा नया कीर्तिमान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के एसएमएस-न्यू विभाग ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सफलता की नई ऊंचाई छू ली है। विभाग ने सिंगल टंडिश से रिकॉर्ड 34 हीट की सफल कास्टिंग कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि फरवरी 2023 में बनाए गए 33 हीट के पिछले रिकॉर्ड को पार करते हुए हासिल की गई। उल्लेखनीय है कि एसएमएस-न्यू विभाग तकनीकी दक्षता समन्वय और योजनाबद्ध कार्यशैली के माध्यम से अपने परिचालन स्तर में निरंतर सुधार लाते हुए नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। सिंगल टंडिश से रिकॉर्ड 34 हीट की कास्टिंग विभाग की उच्च गुणवत्ता नियंत्रण तापमान प्रबंधन और टीम वर्क का प्रमाण है। यह सफलता निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी एवं निदेशक-संकार्य सीआर महापात्रा के मार्गदर्शन में तथा मुख्य जीएम प्रभारी-स्टील अरविंद कुमार व मुख्य महाप्रबंधक पीवी राव के नेतृत्व में संभव हो सकी है। इस उपलब्धि में एसएमएस-न्यू विभाग की समस्त टीम एवं सहयोगी विभागों का भी सराहनीय योगदान रहा है। यह उपलब्धि न केवल बीएसएल की तकनीकी क्षमताओं को सदृढ़ करती है, बल्कि सेल की प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त को और अधिक सशक्त बनाती है। इसी प्रकार की निरंतर उत्कृष्टता से संयंत्र आने वाले समय में और भी नई ऊंचाइयों को स्पर्श करेगा।

# दुमका : सरेंडर से पहले धारायें तीन हत्यारोपी, भेजे गये जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** जिला मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के धधकिया स्थित मुड़बहल गांव में मंगलवार को जमीन विवाद में तीन लोगों ने घर में घुसकर लीलू हेंब्रम की कुदाल मारकर हत्या कर दी थी। बुधवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा करने के बाद हाथीराम हेम्ब्रम के बयान पर राम हेम्ब्रम, लखन हेम्ब्रम और गोविंद हेम्ब्रम के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। गुरुवार सुबह पुलिस ने कोर्ट में सरेंडर करने आए तीनों आरोपियों को धर दबोचा। मुड़ाबहाल गांव के हाथीराम का मिस्त्री हेम्ब्रम के साथ जमीन का विवाद चल रहा था। मंगलवार की सुबह तीनों आरोपी हाथीराम के घर में घुस गए और उसके साथ मारपीट करने लगे। बचाव करने के लिए बेटा लीलू हेम्ब्रम और राजेश हेम्ब्रम आगे आए तो आरोपियों ने दोनों पर कुदाल से हमला कर दिया। जिसमे लीलू बुरी तरह से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार को हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने धनबाद रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। तीनों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए रात में कई बार दबिश दी। बस्ती सुबह पुलिस को सूचना मिली कि आरोपियों न्यायालय में आत्मसमर्पण कर सकते हैं। इसको लेकर सुबह से ही एएसआई बब्बन सिंह पूरी टीम के साथ कोर्ट के बाहर मुस्तैद थे। जैसे ही आरोपी कोर्ट पहुंचे तो पहले से सतर्क पुलिस ने घर दबोचा। थाना प्रभारी सत्यम कुमार ने बताया कि तीनों आरोपियों ने ही वारदात को अंजाम दिया था। तीनों की गिरफ्तारी कर जेल भेज दिया गया है।

# डॉ लंबोदर महतो ने कोल इंडिया के चेयरमैन से मुलाकात कर ज्वलंत मुद्दों से कराया अवगत

सीसीएल कर्मियों सहित ग्रामीण विस्थापितों के मुद्दे से अवगत कराते हुए ठोस समाधान कराने की बात कही

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कथारा।** पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कोलकाता स्थित कोल इंडिया मुख्यालय में चेयरमैन पीएम प्रसाद से मुलाकात कर कथारा क्षेत्र के सीसीएल कर्मियों, ग्रामीण विस्थापितों की समस्याओं सहित अन्य ज्वलंत मुद्दों से अवगत कराते हुए इसके समाधान कि बात कही। उन्होंने कोल इंडिया चेयरमैन को 16 सूत्रीय पत्र भी सौंपा। यहां पूर्व विधायक लम्बोदर महतो ने सीसीएल के कथारा क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं में संचालित आउटसोर्सिंग कंपनियों में कार्यरत मजदूरों को हाई पावर कमेटी के समझौते के तहत वेतन भुगतान सहित अन्य सुविधाएं देने, उक्त आउटसोर्सिंग कंपनियों में प्राथमिकता के आधार पर 75% प्रभावित ग्रामीण विस्थापितों को रोजगार देने, कथारा,स्वांग एवं जारंगडीह आदि के सीसीएल वाटर फिल्टर प्लांट जो कई दशकों से तकनीकी रूप से खराब एवं जर्जर स्थिति में है। लोग गंदा पानी पीने से गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं ऐसे में इन सभी जगह पर नया वाटर फिल्टर प्लांट बनानें, कथारा कोलियरी के कोयले के फेस में लगी भीषण अगलगी और जहरीले धुंए से ग्रामीणों को निजात दिलाने की दिशा में ठोस कार्य करने, ठेकेदारी एवं आउटसोर्सिंग के कार्यों में रैयत ग्रामीण विस्थापितों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार से जोड़ने, कथारा वाशरी प्लांट में अधिकारियों व अभियंताओं की कमी को दूर करने, कथारा क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं में कार्मिक प्रबंधक अधिकारियों की कमी को दूर करने, 9:3:0 स्कीम के तहत मृत कामगारों के आश्रितों को मिलने वाली नियोजन प्रक्रिया में तेजी लाने व ठोस पहल करने, जारंगडीह अस्पताल में ट्रांसफर हो चुके चिकित्सक की जगह दूसरे चिकित्सक की पोस्टिंग की व्यवस्था करने, सीएसआर फण्ड का गुणवत्ता के साथ कार्य करवाने एवं पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीण समिति की निगरानी में योजना का चयन और कार्य कराने,आईटीआई व डिप्लोमा एवं बीटेक ( डिग्री) होल्डर छात्रों के लिए सीसीएल प्रबंधन बड़े पैमाने पर बहाली (वैकेंसी) निकाते हुए इसमें न्यूनतम आयु 35 वर्ष रखने की दिशा में पहल करने आदि मांगों से अवगत कराया गया। यहां विधायक को चेयरमैन द्वारा आश्वस्त कराया गया की उनकी मांगों व विचारों पर सकारात्मक पहल करेंगें।

# दुमका: रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यों ने डीसी सह अध्यक्ष का किया अभिनन्दन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** जिले के नवपदस्थापित डीसी सह अध्यक्ष भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी अभिजीत सिन्हा को समाहरणालय स्थित कार्यालय में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रबंधन समिति के पदाधिकारीओं ने गुरुवार को औपचारिक मुलाकात कर पुष्प गुच्छ देकर अभिनन्दन किया। इसमें सोसाइटी के चेयरमैन डॉ राज कुमार उपाध्याय, सचिव डॉ अमरेंद्र कुमार यादव, वाइस चेयरमैन डॉ मनोज कुमार घोष, संयुक्त सचिव धर्मेंद्र सिंह बिट्टू व डॉ सिकंदर कुमार, कार्यकारिणी सदस्य उज्वल कुमार दास, मणि केशरी, अरविन्द कुमार आदि शामिल थे। सचिव डॉ अमरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि डीसी को सोसायटी द्वारा किये गए कार्यों की विस्तृत जानकारी दिया गया। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के भवन के जीर्णोद्धार सोसाइटी का एंबुलेंस स्वास्थ्य विभाग से तत्काल वापस कराने, रक्त की कमी को देखते हुए विभिन्न संस्थाओं द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित कराने का आग्रह किया गया। इस पर डीसी सह अध्यक्ष ने सोसाइटी के लिए फण्ड सृजन, आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम चलाने, ब्लड बैंक में रक्त की कमी को दूर करने के लिए कैलेंडर का निर्माण कर जिले के विभिन्न संस्थाननों, प्रखंड मुख्यालयओं, कॉलेजों आदि स्थानों पर अभियान चला कर रक्तदान सिविर लगाने और नियमित रूप से बैठक करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा आप लोग कार्यक्रम करें संसाधन की कमी नहीं होने देंगे। अध्यक्ष से मुलाकात के बाद समिति के सदस्य उत्साहित नजर आये।

# जिला टॉपर को किया सम्मानित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बोकारो जिले के बोकारो थर्मल डीवीसी के निदेशक भवन में डीवीसी परियोजना प्रधान सुशील कुमार अरजरिया उप महाप्रबंधक द्वारा जिला टॉपर छात्रा को बुके एवं अन्य सामग्रियां देकर सम्मानित करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की एवं साथ ही उन्होंने कहा कि जो संभवतः मदद होगी वो किया जाएगा। बेटी राजलक्ष्मी ने 27 मई को जैक द्वारा जारी मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर बोकारो जिला टॉपर होने का गौरव हासिल की है। परीक्षा परिणाम की सूचना के बाद उसके घर में बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। वही दूसरी ओर जिला टॉप की हुई बेटी को मान सम्मान वा मनोबल बढ़ाने जानकारी के अनुसार बोकारो जिला के हद में गोमिया प्रखंड के पलिहारी गुरुडीह पंचायत के भगत अहरा रहिवासी मनोज रवानी की पुत्री राजलक्ष्मी ने झारखंड बोर्ड मैट्रिक परीक्षा में 97.2 प्रतिशत अंक लाकर बोकारो जिला में टॉप की है। राजलक्ष्मी के पिता मनोज रवानी एवं माता अनिता देवी ने बताया कि उनकी बेटी बोकारो थर्मल के कार्मेल हाई स्कूल से कक्षा 10 तक की पढ़ाई की है।

# जमीन की रजिस्ट्री में होगा बदलाव

## 117 वर्ष बाद बन रहा पंजीकरण का नया कानून

**फर्जीवाड़े पर प्रहार**

- सभी राज्य भी भूमि संबंधी कानून में करे बदलाव : केंद्र
- संपत्ति विवादों को जमींदोज करेगा राजस्व न्यायालय
- लैंड रिकॉर्ड का किया जायेगा कंप्यूटराइजेशन



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** तहसीलों में फैला भ्रष्टाचार संपत्ति विवादों को बढ़ाता रहा और अदालतें उसके बोझ तले दबती रहीं, लेकिन किसी सरकार ने इस ओर ध्यान ही नहीं दिया। अब पहली बार भूमि संसाधन से जुड़ी व्यवस्था को पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए मिशन मोड पर काम शुरू किया गया है। संपत्ति के पंजीकरण की व्यवस्था को ऑनलाइन करने में जानबूझकर खड़ी की जा रही कानूनी बाधा को ढेर करने के लिए केंद्र सरकार ने नए पंजीकरण कानून का मसौदा तैयार कर लिया है। अब केंद्र सरकार राज्यों को भी सुझाने जा रही है कि उन्हें अपने भूमि संबंधी कानूनों में क्या बदलाव करने चाहिए। रजिस्ट्रेशन को ऑनलाइन करने की कवायद : मोदी सरकार की यह कवायद राजस्व न्यायालय, लैंड रिकॉर्ड सेंटर और रजिस्ट्रेशन सिस्टम के ऑनलाइन एकीकरण की आदर्श व्यवस्था बनाने के उद्देश्य से जुड़ी है, जिसके बाद रजिस्ट्री में फर्जीवाड़ा आसान नहीं होगा। रजिस्ट्री में फर्जीवाड़ा और संपत्ति विवाद देश में कितना विकराल रूप ले चुके हैं, उसे इन आंकड़ों से ही समझा जा सकता है कि निचली अदालतों में 66 प्रतिशत तो उच्च न्यायालयों में एक चौथाई मुकदमे संपत्ति विवाद से ही जुड़े हैं। इसे देखते हुए ही केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग ने वर्ष 2016 में डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) शुरू किया। इस कार्यक्रम के तहत मुख्य रूप से लैंड रिकॉर्ड का कम्प्यूटराइजेशन, रजिस्ट्रेशन का कम्प्यूटराइजेशन, भूमि का सर्वेक्षण-पुनः सर्वेक्षण, तहसील स्तर पर मॉडर्नलैंड रिकॉर्ड मैनेजमेंट सेंटर और राजस्व न्यायालयों का कम्प्यूटराइजेशन शामिल था। योजना में केंद्र सरकार ने राज्यों के लिए अलग-अलग योजनाओं में प्रोत्साहन राशि रखी, जिसके बाद कई राज्यों ने रुचि ली और लैंड रिकॉर्ड को डिजिटल रूप में परिवर्तित करने का लगभग काम पूरा हो चुका है। मगर, इसके अगले कदम में आवश्यक है कि संपत्ति पंजीकरण की व्यवस्था को भी ऑनलाइन सिस्टम से जोड़ दिया जाए, क्योंकि अभी लगातार ऐसे मामले सामने आ रहे हैं कि रजिस्ट्री ऑफिस में न भूमि का स्वामित्व देखा जाता है, न भौतिक स्थिति का पता किया जाता है और न ही संपत्ति से संबंधित किसी विवाद की चिंता की जाती है।

**कानूनों में किए जाएंगे कई परिवर्तन :** वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भूमि संबंधी कानून राज्य का विषय हैं, इसलिए अब राज्य सरकारों को भी सुझाव देने जा रहे हैं कि उन्हें अपने कानूनों में किस तरह के संशोधन करने होंगे। यदि राज्य इच्छाशक्ति दिखाएंगे तो केंद्र सरकार का उद्देश्य राजस्व न्यायालय, लैंड रिकॉर्ड सेंटर और रजिस्ट्रेशन सिस्टम को ऑनलाइन जोड़कर एकीकरण करने का है। इसके बाद जैसे ही कोई रजिस्ट्री कराने जाएगा तो लैंड रिकॉर्ड सेंटर से डिजिटल दस्तावेज नक्शे सहित अपने आप सामने आ जाएंगे कि उस संपत्ति का मालिकाना हक किसका है और उसका पहले पंजीकरण हुआ है या नहीं। यदि राजस्व न्यायालय में कोई विवाद लंबित होगा तो वह भी तुरंत पता चल जाएगा। सरकार का मानना है कि इससे संपत्ति विवाद रोकने में बड़ी सफलता मिलेगी।

### एक ही संपति की कई बार होती है रजिस्ट्री

एक ही संपत्ति की रजिस्ट्री कई-कई बार कर दी जाती है। भूमि संसाधन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्र के प्रयास से राज्यों ने पंजीकरण को डिजिटल रिकॉर्ड के साथ ऑनलाइन करने की दिशा में कदम भी बढ़ाया, लेकिन कई जगह कानूनी पेच फंसा दिया गया कि भारत सरकार के पंजीकरण अधिनियम- 1908 में ऑनलाइन पंजीकरण का प्रविधान नहीं है। इसे देखते हुए 117 वर्ष बाद पंजीकरण विधेयक- 2025 तैयार कर इसमें ऑनलाइन पंजीकरण का प्रविधान शामिल किया है। इसके बाद रजिस्ट्रेशन कार्यालय कानूनी आधार पर इससे इनकार नहीं कर सकेंगे।

## ओडिशा में नक्सली नेता कुंजाम हिडमा गिरफ्तार भारी मात्रा में हथियार जब्त

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में माओवाद विरोधी अभियान के तहत कोरापुट पुलिस ने कुख्यात माओवादी नेता कुंजाम हिडमा उर्फ मोहन को गिरफ्तार किया है। कोरापुट के पुलिस अधीक्षक (एसपी) रोहित वर्मा ने गुरुवार को संवादाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिडमा उर्फ मोहन छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के उसुर थाना क्षेत्र का निवासी है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक एके-47 राइफल, 35 राउंड गोला-बारूद, 27 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, 90 नॉन-इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, 2 किलो बारूद, माओवादी साहित्य और अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किया है। पुलिस अब हिडमा से पूछताछ करेगी, ताकि उसके संपर्क में रहने वाले अन्य माओवादियों और उनके ठिकानों की जानकारी मिल सके। अधिकारियों का कहना है कि वे इस गिरफ्तारी के जरिए पूरा नेटवर्क खत्म करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार को दी 50 हजार करोड़ की सौगात

**पटना में जेपी हवाईअड्डे के नये टर्मिनल भवन का किया उद्घाटन**

## आज बिक्रमगंज में कई योजनाओं का करेंगे शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



**पटना।** पीएम नरेंद्र मोदी ने बिहार को 50,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। पटना में नए एयरपोर्ट टर्मिनल का उद्घाटन और कई बड़ी आधारशिलाएं रखकर उन्होंने प्रदेश के बुनियादी ढांचे को नई रफ्तार देने का संदेश दिया। गुरुवार को पीएम बिहार की राजधानी पटना पहुंचे । अपने इस दौरे के साथ उन्होंने बतौर पीएम राज्य की 50वीं यात्रा पूरी कर एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बना दिया। चुनावी साल में पीएम का यह दौरा सिर्फ राजनीतिक नहीं, बल्कि विकास की नयी लकीर खींचने वाला रहा। प्रधानमंत्री ने पटना के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया, जो 65,155 वर्ग मीटर में फैला है और जिसकी लागत 1200 करोड़ बतायी गयी। इस अत्याधुनिक टर्मिनल से प्रदेश की हवाई कनेक्टिविटी को नया आयाम मिलेगा। साथ ही पीएम ने बिहटा में बनने वाले नए हवाई अड्डे का भी वर्चुअल शिलान्यास किया, जिसके लिए 542 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। वहीं पीएम मोदी 30 मई को औरंगाबाद के नबीनगर में 29,947 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले सुपर थर्मल पावर प्लांट की आधारशिला रखेंगे। इस संयंत्र से बिहार को 1500 मेगावाट बिजली मिलेगी, जिससे राज्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

**कनेक्टिविटी को मिलेगी रफ्तार:** पीएम मोदी ने पटना-सासाराम ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे की नींव रखी, जिसकी अनुमानित लागत 3,712 करोड़ रुपये है। यह एक्सप्रेसवे राज्य के मध्य और पश्चिमी हिस्सों को बेहतर तरीके से जोड़ेगा। बक्सर और यूपी के भरौली के बीच गंगा नदी पर बनने वाले 3.2 किलोमीटर लंबे तीन लेन के पुल का शिलान्यास किया गया, जिसकी लागत 368 करोड़ रुपये है। वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में बिहार के लिए खास प्रावधान किये गये हैं।






पटना में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में उमड़ा जन सैलाब।

# और अच्छे काम करने के लिए पड़े हैं मेरे पास

**कांग्रेस नेताओं की आलोचना पर शशि थरूर ने किया तंज**



**नयी दिल्ली ।** ऑपरेशन सिंदूर पर दुनिया के विभिन्न देशों में भारत का पक्ष रखने गये सांसदों के प्रतिनिधिमंडल में शामिल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने उनके बयानों की आलोचना करने वाले कांग्रेस नेताओं की टिप्पणियों को तवज्जो नहीं देते हुए कहा है कि उनके पास आलोचना सुनने के लिए समय नहीं है और भी अच्छे काम हैं करने के लिए। थरूर ने आलोचकों को करारा जवाब देते हुए कहा कि मेरे पास और भी अच्छे काम करने के लिए पड़े हैं। सच कहूं मेरे पास इनकी आलोचना सुनने के लिए समय नहीं है। मेरे आलोचक और ट्रोलर, मेरे विचारों और शब्दों को अपनी सुविधा के हिसाब से तोड़-मरोड़ कर पेश करने को स्वतंत्र हैं। सच यह है कि मेरे पास करने के लिए और भी बहुत सारे और बेहतर काम हैं। शुभ रात्रि। उन्होंने आतंकवाद पर जीरो टोलरेंस की भारत की नीति का पक्ष विदेशों में रखने के लिए कोलंबिया रवाना होने से पहले आलोचकों पर कटाक्ष करते हुए तीखा और सीधा जवाब दिया है।

# शराफत का लबादा ओढ़कर दुनिया को धोखा दे रहा पाक

## इस मुल्क को एफएटीएफ की ग्रे सूची में डालो,भारत में फैला रहा आतंक :ओवैसी

**पाक सेना प्रमुख के बगल में बैठा है कुख्यात आतंकी**

एजेंसी



**रियाद (सऊदी अरब)।** भारत दुनिया के प्रमुख देशों में पहलगाम में आतंकी हमला कराने वाले आतंकवाद पोषक पड़ोसी पाकिस्तान के कुटिल चेहरे से कलई उतार रहा है। इन दिनों भारतीय संसदीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्य कई देशों की यात्रा पर हैं। भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल सऊदी अरब में है। इस प्रतिनिधिमंडल में शामिल ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने रियाद में कहा कि आतंकवादी समूहों के वित्तपोषण पर अंकुश लगाने के लिए पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे सूची में वापस रखा जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान शराफत का लबादा ओढ़कर दुनिया को धोखा दे रहा है। सच यह है कि आतंकवादी संगठनों को पाकिस्तान में प्रशिक्षित किया जा रहा है और वे भारत में अशांति पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। ओवैसी ने एक तस्वीर दिखाते हुए कहा कि इसमें पाकिस्तान के सेना प्रमुख के बगल में एक कुख्यात आतंकवादी बैठा हुआ है। इससे साबित होता है कि पाकिस्तान आतंकवादियों का साथ देता है। उन्होंने कहा कि असीम मुनीर को पाकिस्तान में फील्ड मार्शल बनाया गया तब उसके बगल में आतंकवादी मोहम्मद एहसान बैठा था। इस फील्ड मार्शल के साथ हाथ मिलाते हुए उसकी तस्वीरें हैं। पाकिस्तान में आतंकवादी फल-फूल रहे हैं। पाकिस्तान का इरादा आतंकवादियों के माध्यम से भारत को अस्थिर करना है। इसका मकसद है कि भारत में और अधिक हिंदू-मुस्लिम दंगे हों। उन्होंने कहा कि मुंबई हमले के बाद पाकिस्तान को सारे साक्ष्य दिए गए। ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान नंबर एक का झूठा है। उसने पहले दावा किया कि मुख्य आरोपी साजिद मीर मर चुका है। बाद में उसने कुबूल किया कि एफएटीएफ की जांच के तहत वह जीवित है। इस प्रतिनिधिमंडल में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, भाजपा सांसद फंगनन कोन्याक, भाजपा सांसद रेखा शर्मा, सांसद सतनाम सिंह संधू, गुलाम नबी आजाद और राजदूत हर्ष श्रृंगला भी शामिल हैं। दुनिया भर में भेजे गए सभी प्रतिनिधिमंडल का प्रमुख उद्देश्य 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले पर भारत की प्रतिक्रिया और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ इसकी व्यापक लड़ाई के बारे में अंतरराष्ट्रीय भागीदारों को जानकारी देना है।

## पीओके में मुठभेड़, 4 तालिबानी आतंकी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में बुधवार रात मुठभेड़ में दो पुलिस अधिकारी और चार तालिबानी आतंकी मारे गए हैं। यह जानकारी गुरुवार को अधिकारियों ने दी। सुरक्षाबलों को क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इस जानकारी के आधार पर सुरक्षाबलों ने रावलकोट जिले के हुसैन कोट वन क्षेत्र में अभियान चलाया था। रावलकोट के एसएसपी ने बताया कि इस क्षेत्र में आतंकियों की मौजूदगी की खबर मिली थी। आतंकियों के गुफा में छिपे होने की खबर मिली, जिसके बाद उन्हें घेर लिया गया। पुलिस ने जब उन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर हमला कर दिया। इस दौरान आतंकियों की ओर से अधिकारियों पर ग्रेनेड फेंका गया। बाद में सुरक्षाबलों ने कार्रवाई की।

# ट्रंप के टैरिफ पर रोक से शेयर बाजार में तेजी

## सेंसेक्स 321 और निफ्टी 81 अंक उछला

एजेंसी



**मुंबई।** अमेरिकी संघीय न्यायालय के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रस्तावित लिबरेशन डे टैरिफ पर रोक लगाने से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार पिछले लगातार दो दिनों की गिरावट से उबरकर गुरुवार को बढ़त के साथ बंद हुआ।

सेंसेक्स 320.70 अंक की छलांग लगाकर 81,633.02 अक और निफ्टी 81.15 अंक चढ़कर 24833.60 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.48 प्रतिशत उछलकर 45,311.54 अंक और स्मॉलकैप 0.39 प्रतिशत चढ़कर 52,325.75 अंक हो गया। बीएसई में कुल 4111 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2020 में लिवाली जबकि 1957 में बिकवाली हुई वहीं 134 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2947 कंपनियों के शेयरों में से 1510 में तेजी जबकि 1373 में गिरावट रही वहीं 64 में टिकाव रहा। बीएसई में एफएमसीजी की 0.05 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 20 समूहों में लिवाली हुई। इस दौरान कमोडिटीज 0.53, सीडी 0.55, ऊर्जा 0.19, वित्तीय सेवाएं 0.15, हेल्थकेयर 0.51, इंडस्ट्रियल्स 0.41, आईटी 0.71, दूरसंचार 0.40, यूटिलिटीज 0.34, ऑटो 0.42, बैंकिंग 0.37, कैपिटल गुड्स 0.31, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.23, धातु 0.89, तेल एवं गैस 0.07, पावर 0.23, रियल्टी 1.21, टेक 0.65, सर्विसेज 0.69 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.79 प्रतिशत मजबूत रहे। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 279 अंक की तेजी के साथ 81,591.03 अंक पर खुला और लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 81,816.89 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से दोपहर तक यह 81,106.98 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 81,312.32 अंक के मुकाबले 0.39 प्रतिशत चढ़कर 81,633.02 अंक हो गया।

### निवेशकों को 1.82 लाख करोड़ फायदा

शेयर बाजार में से स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप बढ़ कर 445 .59 लाख करोड़ रुपये हो गया। जबकि बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 443 .77 लाख करोड़ रुपये था। निवेशकों को करीब 1.82 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।




## स्पीड न्यूज

### आयात शुल्क बढ़ाने के ट्रंप के फैसलों पर कोर्ट ने लगायी रोक

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका की एक संघीय अदालत ने आयात पर भारी शुल्क लगाने से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के फैसलों को अधिकार का दुरुपयोग बताते हुए उन पर स्थायी रोक लगा दी है। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार न्यूयॉर्क स्थित अंतरराष्ट्रीय व्यापार न्यायालय ने का यह फैसला उन कई कानूनी शिकायतों पर किया है जिनमें तर्क दिया गया है कि श्री ट्रम्प ने आयात पर भारी शुल्क लगाने के अपने अधिकार का दुरुपयोग किया है।

### परम सुंदरी टीजर में जाह्नवी का जलवा



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म परम सुंदरी टीजर में जलवा बिखेर दिया है। जाह्नवी कपूर एक बार फिर दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं, इस बार एक ऐसे अवतार में जिसे हमने पहले कभी नहीं देखा। उनकी आने वाली रोमांटिक कॉमेडी परम सुंदरी का टीजर रिलीज हो गया है।यह फिल्म उनके करियर की पहली ऐसी फिल्म है जिसमें वह एक आधी मलयाली और आधी तमिल लड़की की भूमिका निभा रही हैं

### चीनी छात्रों के वीजा रद्द करेगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने बुधवार को घोषणा की कि अमेरिका कुछ चीनी छात्रों के वीजा रद्द करना शुरू करेगा। इनमे चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़े या संवेदनशील क्षेत्रों में पढ़ रहे चीनी छात्र शामिल होंगे। रूबियो ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि सरकार सख्ती के साथ चीनी छात्रों के वीजा रद्द करेगी। अमेरिका में बाहर से पढ़ने आने वाले छात्रों के लिहाज से चीन का भारत के बाद दूसरा स्थान है। चीनी छात्रों का आंकड़ा 2023-2024 के शैक्षणिक वर्ष में 270,000 से अधिक का था, जो अमेरिका में सभी विदेशी छात्रों का लगभग एक चौथाई हिस्सा था।

### अगस्ता वेस्टलैंड में मिशेल को राहत नहीं

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 3,600 करोड़ रुपये के अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलिकॉप्टर खरीद घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले के आरोपी ब्रिटिश नागरिक क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को गुरुवार को कोई राहत नहीं दी और उच्च न्यायालय की जमानत की शर्तें पूरी करने को कहा है।
न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संजय कुमार की अंशकालिक कार्य दिवस पीठ ने मिशेल की जमानत पर रिहाई के लिए स्थानीय पता देने की शर्त हटाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी।

### मुठभेड़ में लारेंस बिश्नोई गिरोह का शार्प शूटर ढेर

**हापुड़।** यूपी एसटीएफ और दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा की साझा टीम ने हापुड़ कोतवाली क्षेत्र में कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक शार्प शूटर को मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बदमाश की पहचान माफिया बिश्नोई गिरोह के सदस्य और हत्या एवं महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) जैसे मामलों में फरार नवीन कुमार के रूप में हुई।